चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -239, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज 18

सोनाक्षी सिन्हा ने रिकॉर्ड ब्रेकिंग में पूरा किया शॉट 17



पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045


# सातवीं बार रेपो दर 6.5 % पर कायम, 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी



- चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा
- इस बार भी राहत : ईएमआई में नहीं होगा बदलाव
- मकान, वाहन समेत ईएमआई में बदलाव की संभावना कम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार सातवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक तात्कालिक जरूरतों के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है।

रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों ईएमआई में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के इन निर्णय की जानकारी दी। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी के पक्ष में मत दिया।

एमपीसी सदस्यों ने लक्ष्य के अनुरूप खुदरा महंगाई को लाने के लिए उदार रुख को वापस लेने के निर्णय को कायम रखने का फैसला किया है। दास ने कहा, आर्थिक वृद्धि की मजबूत संभावनाएं इस बात की गुंजाइश देती हैं कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर ध्यान दे सके। चूंकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितताएं चुनौतियां बनी हैं, ऐसे में एमपीसी महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर सतर्क है। आर्थिक वृद्धि पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार तथा असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार, मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से निजी उपभोग बढ़ेगा। उन्होंने कहा हमारा अनुमान है कि जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहेगी। जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### सब्जियों की दर पर नजर रखेंगे : दास

**मुंबई।** शक्तिकान्त दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक सब्जियों के दर पर नजर बनाए रखेगा जो बढ़ती गर्मी से प्रभावित हो सकती हैं। आईएमडी ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में लू चलने का पूर्वानुमान लगाया है। गेहूं की उपलब्धता पर उतना असर नहीं पड़ेगा जितना दो साल पहले पड़ा था जब मार्च से काफी लू चली थी। मुद्रास्फीति कम होने का अंतिम पड़ाव हमेशा चुनौतीपूर्ण और मुश्किल होता है।

### स्वर्ण भंडार तैयार करने में जुटा भारत

**मुंबई।** दास ने बैठक के बाद कहा, हम सोने का भंडार बना रहे हैं जो हमारे मुद्रा भंडार नियोजन का हिस्सा है। उन्होंने इसके लिए खरीदे गए सोने की मात्रा की कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन आंकड़ों की ओर इशारा किया जो स्वर्ण भंडार के मूल्य में वृद्धि को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का मूल्य 51.48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

### यूपीआई से जमा कर सकेंगे नकदी

**नयी दिल्ली।** आरबीआई यूपीआई से नकदी जमा करने वाली मशीन की सुविधा देगा। पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप से यूपीआई भुगतान की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में नकद जमा करने की मशीन में पैसा जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है।

## एक नजर

### भोजशाला : याचिकाकर्ता के सर्वे में शामिल होने की मंजूरी से कोर्ट का इनकार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने धार के भोजशाला विवाद के मुकदमे के पक्षकारों में से एक को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में जारी सर्वे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं बनता है। हाईकोर्ट के आदेश पर एएसआई भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वे कर रहा है। सर्वे का आदेश भोजशाला से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था।

### जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने जिले के उरी इलाके में सबुरा नाला रुस्तम में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठियों को ललकारा। इस पर घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सैनिकों ने जवाब दिया। इस कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया।

### छत्तीसगढ़: दंतेवाड़ा के मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के इलाके में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। किरंदुल क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, दोडीतुमनार और गमपुर के जंगल में माओवादियों की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रवाना किया गया था।

# मदरसा शिक्षा : हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

## लखनऊ पीठ ने मदरसा अधिनियम को संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मदरसा अधिनियम के प्रावधानों को रद्द करते हुए छात्रों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इससे 17 लाख छात्र प्रभावित होंगे...हमारा मानना है कि छात्रों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश उचित नहीं था। राज्य 30 जून, 2024 तक जवाब दायर करेगा। एसएलपी को जून 2024 के दूसरे सप्ताह में अंतिम निपटान के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। उच्च न्यायालय के 22 मार्च, 2024 के आक्षेपित आदेश और फैसले पर रोक रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 22 मार्च के मदरसा बोर्ड के संबंध में दिए गये फैसले पर रोक लगा दी। लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। इस फैसले पर रोक लगने से करीब 17 लाख मदरसा छात्रों को राहत मिलेगी।

तीन-सदस्यीय पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों को बारीकी से विचार करने योग्य पाया तथा केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करने में राज्यों के वाजिब हित हैं कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि 2004 का अधिनियम धर्मनिरपेक्षता और बुनियादी ढांचे और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये निष्कर्ष हालांकि मदरसा बोर्ड को सौंपी गई नियामक शक्ति से मेल खाते प्रतीत होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में प्रावधान है कि सरकार द्वारा पूर्ण सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले का समर्थन करते हुए दलील दी कि लगभग 17 लाख छात्रों को नियमित संस्थानों में समायोजित किया जा सकता है और अगर फैसले पर रोक लगाई गई तो राज्य को 1096 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी आदि ने फैसले की वैधता पर सवाल उठाया।

उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने 'फरमान' पारित कर 1908 से नियामक व्यवस्था के तहत चलाए जा रहे मदरसों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से 17 लाख छात्रों के अलावा 10,000 शिक्षक भी प्रभावित हुए हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा, क्या राज्य सहायता देकर धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन कर रहा है? क्योंकि हम इस्लाम पढ़ाते हैं, इसलिए यह संस्था धार्मिक निर्देश देने वाली नहीं बन जाती।

### 1,096 करोड़ खर्च करती है सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि प्रदेश सरकार मदरसों पर हर साल 1,096 करोड़ का वित्तीय बोझ उठाती है। अटॉर्नी जनरल के. वेंकटरमणी ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का मदरसों के पंगु होने पर प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका एकमात्र परिणाम यह होगा कि उन्हें कोई सरकारी सहायता नहीं मिलेगी।

### मदरसों की तरफ से क्या दी गई दलील

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि मदरसों में गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और अन्य विषय पढ़ाए जाते हैं। यह मानना गलत है कि मदरसों में केवल धार्मिक शिक्षा दी जाती है। हरिद्वार और ऋषिकेश में भी बहुत प्रसिद्ध गुरुकुल हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। क्या आप उन्हें यह कहकर बंद कर देंगे कि वे धार्मिक शिक्षा के स्थान हैं?

### मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया इलाहाबाद उच्च न्यायालय की यह बात सही नहीं प्रतीत होती कि बोर्ड का गठन धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय ने 2004 के अधिनियम के प्रावधानों के गलत अर्थ निकाले, जो (अधिनियम) किसी भी धार्मिक निर्देश का प्रावधान नहीं करता है। मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करना होगा कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

# कांग्रेस ने जनगणना समेत किए कई वादे

नई दिल्ली, एजेंसी

**घोषणापत्र जारी**

- पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और नई शिक्षा नीति में संशोधन करने समेत कई वादे किए हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। यह पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घोषणा पत्र में भविष्य के भारत की तस्वीर है। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और इन्हें बचाने की कोशिश करने वालों के बीच होने जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी हुआ। संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम आदि भी मौजूद थे।

पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी वर्ग के गरीबों के लिए लागू करेगी। नई शिक्षा नीति पर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर संशोधन होगा।

### कांग्रेस का घोषणापत्र 'झूठ का पुलिंदा' : भाजपा

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस इस तरह का घोषणापत्र लेकर आई है। कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है।

# रामनवमी पर 20 घंटे होंगे रामलला के दर्शन, प्रसार भारती करेगा प्रसारण

अयोध्या कार्यालय

- सात लाइन से पहुंचेंगे श्रद्धालु, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर राम मंदिर में श्रद्धालुओं को रामलला के 20 घंटे दर्शन सात लाइन के जरिए होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिराम दास छावनी में हुई। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला के जन्मोत्सव का प्रसारण प्रसार भारती करेगा। श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन अभी संभव नहीं है। उन्होंने अभी 20 घंटे दर्शन की तिथि और समय नहीं बताया है। उनका कहना है कि परिस्थितियों को देखकर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर में बालकराम के शृंगार, भोग, आरती के लिए चार घंटा लग रहा है। किसी भी परिस्थिति में समय का परिवर्तन नहीं हो सकता है, लेकिन बाकी समय श्रद्धालु दर्शन से वंचित न रहे इसकी व्यवस्था होगी। वर्तमान में 14 घंटे दर्शन हो रहे हैं। सुबह साढ़े छह से रात साढ़े नौ बजे तक दर्शन होते हैं। बीच में दोपहर 12 से एक बजे तक दर्शन बंद रहता है।

### 15 से 18 तक पास निरस्त

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि रामनवमी पर आने वाली भीड़ को देखते हुए 15 से 18 अप्रैल तक किसी भी प्रकार का विशेष पास जारी नहीं किया जाएगा। पूर्व में ऑनलाइन के माध्यम से जारी हुए पास भी निरस्त होंगे।

# एनसीईआरटी की किताबों में किया बाबरी मस्जिद, गुजरात दंगे के संदर्भ में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी बोले- बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा
- संशोधन 11 और 12 कक्षा तथा अन्य राजनीति विज्ञान में किया

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में बदलाव करते हुए अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने, गुजरात दंगों में मुसलमानों के मारे जाने और मणिपुर के भारत में विलय के संदर्भ में संशोधन किया है। एनसीईआरटी ने हालांकि संशोधित गए संदर्भों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा हैं और इसका संबंध नए पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार नयी पुस्तकों के विकास से नहीं है। यह बदलाव कक्षा 11 और 12 तथा अन्य की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में किया गया है।

एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा समिति द्वारा तैयार किए गए बदलावों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज़ के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार बदल दिया गया है। कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में पूर्व में कहा गया था, 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे। संशोधन के बाद इस वाक्य को अब 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए कर दिया गया है। बदलाव के पीछे एनसीईआरटी का तर्क है, किसी भी दंगे में सभी समुदायों के लोगों का नुकसान होता है। यह सिर्फ एक समुदाय नहीं हो सकता।

# आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कराने वाले मास्टर माइंड की निशानदेही पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को यह कामयाबी तब मिली जब सिपाही भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ की गई। राजीव की निशानदेही पर आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराने वाले अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय बुलाया गया। इसी के बाद एसटीएफ ने ये मामला भी खोल दिया।

अमित वर्तमान में लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहता है। वह पूरे वैस पुरवा करनैलगंज, गोंडा का निवासी है। वह लखनऊ के गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। बलिया के दीपक दुबे के माध्यम से अमित राजीव से मिला। डील के बाद अमित ने राजीव को टीजीटी परीक्षा- 2020, 2021 का पेपर पढ़ाने को 20 लाख दिया था। उसने कई भर्ती परीक्षाओं में राजीव को अभ्यर्थी दिए। राजीव ने पुलिस व आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर आउट कराने को कहा था। राजीव ने बताया था कि अभ्यर्थियों को लखनऊ और प्रयागराज में पेपर का उत्तर पढ़ाया जाएगा। पेपर के बदले डॉ शरद सिंह से 15 लाख प्रति अभ्यर्थी देना तय था। प्रारंभिक परीक्षा के लिए प्रति अभ्यर्थी दो लाख देना तय हुआ था। शासन ने इसकी जांच एसटीएफ को दी थी। पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह के नेतृत्व में इसकी जांच की गई।

# शत्रु संपत्ति पर कब्जे के मामले में गोंडा पालिकाध्यक्ष को जेल

गोंडा कार्यालय



- जेल जाने से पहले बोलीं चेयरमैन- राजनीतिक कुचक्र रचकर उन्हें फंसाया गया

**अमृत विचार:** शत्रु संपत्ति फर्जीवाड़ा मामले में फरार नगरपालिका की चेयरमैन उज्मा राशिद को आखिरकार जेल जाना ही पड़ गया। गुरुवार शाम से ही पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर रखा था। शुक्रवार को गिरफ्तारी और मेडिकल जांच के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

16 मार्च को नगर कोतवाली में सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो सदर तहसील की ओर से उन पर सरकारी अभिलेखों में कूटरचना व हेराफेरी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। उन पर आरोप लगाया गया कि पद का दुरुपयोग करते हुए उन्होंने पालिका के अभिलेखों में कूट रचना की और शत्रु सम्पत्ति को उन्होंने अपने नाम दर्ज करा लिया था। मामले में पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए सपा नेत्री और चेयरपर्सन उज्मा राशिद ने हाईकोर्ट में अपील की थी लेकिन वहां उन्हें कोई राहत नहीं दी गई। कोर्ट से राहत नहीं दिए जाने पर सक्रिय हुई पुलिस ने गुरुवार देर शाम से उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया और शुक्रवार को विवेचना अधिकारी की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

### इसके विरुद्ध न्यायालय में अपील करूंगी

समाजवादी पार्टी के टिकट से चुनाव लड़कर लगातार दूसरी बार चेयरमैन बनी उज्मा राशिद गिरफ्तारी के वक्त फफक कर रो पड़ीं। मेडिकल जांच के बाद उन्होंने वहां मौजूद मीडिया से कहा कि उन्हें फंसाया गया है। शहर में लगातार दूसरी बार समाजवादी पार्टी की जीत को भाजपा हजम नहीं कर पा रही है। इसलिए उनके विरुद्ध राजनीतिक साजिश रची गई है। इसके विरुद्ध वह न्यायालय में अपील करेंगी।

**अनियमित जीवनशैली** | विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में मधुमेह का माता-पिता से सीधा कनेक्शन, 5 से 17 साल तक के बच्चे हो रहे शिकार

# ...अपनी ही ममता को बांटा जा रहा मिठास भरा दर्द

अंकित चौहान, बरेली



**एक्सक्लूसिव**

- जिला अस्पताल आने वालों बच्चों में दस फीसदी टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित
- परिजनों से 70% बच्चों को जन्मजात मधुमेह होने का होता है खतरा

**अमृत विचारः** माता पिता की खराब जीवन शैली और दिनचर्या के कारण व्यस्क तो डायबीटिज के शिकार हो ही रहे, अपनी संतान का भी जिंदगी भर का दर्द दे रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बच्चों में डायबीटिज का माता पिता से सीधा कनेक्शन है। अकेले बरेली शहर में हर माह 5 से 10 बच्चे टाइप वन डायबीटिज पीड़ित मिल रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या ये है कि बच्चों की टाइप वन डायबीटिज के इलाज के नाम पर इंसुलिन लेना ही है।

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे कभी बीमार न पड़े। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हर समय उनका ख्याल रखते हैं। उनको चौंकाने वाली बात ये हो सकती है कि उनके खराब लाइफ स्टाइल का फर्क उनके साथ साथ उनके बच्चों का जीवन खराब कर सकता है। जिला अस्पताल स्थित एनसीडी यानि गैर संचारी रोग केंद्र पर 5 से 17 साल तक ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित हैं। टाइप 1 के सर्वाधिक मामलों में कारण अनुवांशिक होता है।

**शरीर में नहीं बनता इंसुलिन :** वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता दोनों मधुमेह से ग्रसित हैं तो उनके बच्चों को मधुमेह होने का खतरा 70 फीसदी तक होता है, वहीं अगर माता-पिता में अगर किसी एक को मधुमेह है तो बच्चों को इसका खतरा 30 फीसदी तक होता है। दरअसल, मधुमेह टाइप 1 अनुवांशिक होता है। इसका होने का मुख्य कारण यह है कि शरीर में इंसुलिन नहीं बनता है इसलिए बच्चे को जीवन भर इंसुलिन लगवाना पड़ता है।

### दस फीसदी तक बच्चों में हो रही मधुमेह टाइप 1 की पुष्टि

एनसीडी क्लीनिक प्रभारी डॉ. मयंक के अनुसार हर माह यहां आने वाले 100 मरीजों में 5 से 10 ऐसे बच्चें हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित मिल रहे हैं। इन मरीजों में 5 से 18 साल तक के मरीज शामिल हैं। हालांकि मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, इंसुलिन समेत अन्य संसाधन मौजूद हैं। हालांकि हर कुछ बच्चे जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है वह भी केंद्र पर आकर इंसुलिन लगवा रहे हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान, फौरन लें डॉक्टर की सलाह

बार बार पेशाब जाना कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को संकेत माना जाता है, पर अगर अत्यधिक प्यास के साथ बार-बार पेशाब आने की समस्या महसूस होती है तो ये मधुमेह का संकेत हो सकता है। बच्चे में इस तरह के लक्षणों पर जरूर ध्यान दें। कई बार टाइप-1 डायबिटीज के संकेत बहुत स्पष्ट नहीं होते हैं, इसलिए इन लक्षणों पर ध्यान देकर आप गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम कर सकते हैं।

# बारगाहे इलाही में दुआ को उठे हाथ

## रमजान के आखिरी जुमे की नमाज में मुल्क में अमन-चैन की हुई दुआ, गुनाहों से की तौबा

शहर की 67 समेत ग्रामीण क्षेत्रों की दो हजार से अधिक मस्जिदों में उमड़े रोजेदार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पाक रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी जुमे की नमाज शुक्रवार को मगफरत और गुनाहों की तौबा के साथ अदा की गई। शहर की 67 समेत ग्रामीण क्षेत्रों की दो हजार से अधिक मस्जिदों में उमड़े रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ की। नमाज के बाद रोजेदारों ने गुनाहों से तौबा करते हुए बारगाहे इलाही में मगफरत तलब की। इस दौरान नगर समेत जिले भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

नमाजियों की संख्या को लेकर कई मस्जिदों में 20 से 25 सफों का इंतजाम किया गया। शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे से विभिन्न मस्जिदों में रोजेदार नमाजियों की भीड़ जुटने लगी थी। शहर की प्रमुख जामा मस्जिद टाटशाह में शहर काजी हजरत मुफ्ती शमशुल कमर कादिरी ने जुमातुल अलविदा की नमाज अदा कराई। इस मौके पर अपने इमामी खुतबें में मुफ्ती ने कहा कि इस्लाम में सभी मज़हबों के लिए सम्मान है। कोई ऐसा काम न करें जिससे किसी भी मजहब के भाई को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि पाक रमजान वह मुकददस महीना है। गरीबों और जरुरतमंदों की मदद कीजिए।

वहीं शिया जामा मस्जिद इमामबाड़ा जवाहर अली खां में पेश इमाम प्रख्यात मौलाना अहमद अली आब्दी ने नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा अस्ल इबादत एक से बढ़कर एक रोजा अफ्तार और ईद में खरीदारी नहीं बल्कि आसपड़ोस और मिसकीनों की हर तरह से मदद करना है। रमजान का महीना रुखसत हो रहा है लेकिन इस दौरान जो अहद किए हैं उन्हें अमल में लाना चाहिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अलविदा की नमाज सकुशल अदा की गई। सभी जगह पुलिस और प्रशासन की ओर से नामित अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहे।



रमजान के अंतिम जुमे पर जामा मस्जिद टाटशाह में दुआ मांगते रोजेदार।



टाटशाह जामा मस्जिद के बाहर तैनात अर्द्ध सैनिक बल के जवान।

### कमिश्नर व आईजी रहे भ्रमणशील

अलविदा की नमाज को लेकर शुक्रवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर लगातार भ्रमण रहे। सभी के सहयोग एवं आपसी सद्भाव से रमजान माह के अलविदा की नमाज शांति एवं सौहार्द के माहौल में हुई। चन्द्र दर्शन के अनुसार ईद-उल-फितर का त्यौहार 11 अप्रैल को मनाया जाना सम्भावित है।

## एक नजर

### मारपीट व लैपटॉप तोड़ने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार।** कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज क्षेत्र स्थित एक वाहन शो रूम के प्रबंधक निर्मल तिवारी ने अपने संस्थान के ही कर्मी मुकेश कुमार चौधरी निवासी सदर बाज़ार थाना कैंट के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच और धमकी तथा लैपटॉप तोड़ने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

### छात्रा की आबरू पर हमले की रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने स्कूली छात्रा की आबरू पर हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत में छात्रा के चाचा का कहना है कि साकेतपुरी कॉलोनी स्थित एक विद्यालय में पढ़ने वाली उनकी भतीजी के साथ आते-जाते समय शाहजहाँपुर निवासी आर्यन की ओर से छेड़खानी व अश्लील हरकत की जाती रहती है। मामला जानकारी में आने के बाद आर्यन के परिवार से शिकायत की गई। इस पर आर्यन व तीन चार अज्ञात व्यक्तियो ने गाली-गलौच की और धमकी दी। पुलिस मामले में केस दर्जकर जांच कर रही है।

## अयोध्या में 200 स्थानों पर लगेंगे जलप्याऊ व जलपान शिविर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** रामनवमी पर श्रद्धालुओं के लिए भाजपा 200 स्थानों पर जल प्याऊ और जलपान शिविर लगवाएगी। इसकी जिम्मेदारी महानगर महिला मोर्चा को सौंपी गई है। शिविर की शुरूआत चैत्र प्रतिप्रदा को होगी। रामनवमी तक चलेगा। तैयारी को लेकर लोकसभा चुनाव कार्यालय पर बैठक की गई। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु हमारा अतिथि है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने आवास पर पार्टी का ध्वज लगाएंगे। अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम में सभी प्रमुख चौराहों, स्थलों, नगर निगम, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा पर कैंप लगाए जाएंगे। महानगर संघ चालक विक्रमा पाण्डेय ने कहा रामनवमी के अवसर पर संघ व भाजपा के कार्यकर्ता आपसी समन्वय के आधार पर वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करें। लोकसभा संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, ऋषिकेश उपाध्याय, अशोक कसौधन, अभिषेक मिश्र, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, विशाल सिंह बाबा, अशोक द्विवेदी, आशा गौड, रीना द्विवेदी, अनीता सिंह, मालती चौहान, प्रतिमा शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

▸▸ रामनवमी पर भाजपा कराएगी व्यवस्था

# जिला अस्पताल पहुंचे एडी हेल्थ ने किया निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

▸▸ साफ-सफाई के दिये निर्देश

**अमृत विचार :** अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुशील कुमार शुक्रवार सुबह नौ बजे अचानक जिला अस्पताल पहुंच गए। उनके आने की सूचना मिलते ही चिकित्सक व स्टाफ में खलबली मच गई। अस्पताल में यह उनका पहला निरीक्षण था। उन्होंने अस्पताल के कोने-कोने का निरीक्षण किया। इसके बाद चिकित्सकों से मुलाकात भी की।

सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि कई दिनों से एडी हेल्थ जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करना चाह रहे थे। वह शुक्रवार को अचानक ही अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने ओटी, ओपीडी व आरडीसी का भी निरीक्षण किया। ओपीडी में एक फिजिशियन नहीं मिला। उन्होंने कारण पूछा तो बताया कि उनकी मेडिकल के लिए ड्यूटी लगाई गई है। बाकी सभी से मुलाकात की है। ओपीडी के पास लगे हैंडपंप पर उन्हें गंदगी दिखी, जिस पर उन्होंने परिसर में सफाई बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएमएस ने बताया कि एडी हेल्थ से चिकित्सालय में एक फजिशियन के लिए भी मांग की गई है।



### मदों से ही प्रयोग करें पैसा

अमृत विचार के शुक्रवार पांच अप्रैल के अंक में 'जिला अस्पताल की दवा खरीद में गड़बड़झाला' की खबर प्रकाशित होने का मामला एडी हेल्थ के दरबार तक पहुंचा है। बताया जाता है कि उन्होंने सीएमएस के मीटिंग की और उन्हें सख्त निर्देश दिया है कि जिस मद में जो पैसा आया है। उसी में उसका इस्तेमाल किया जाए।

## 14 से अयोध्या में शुरू होगा अस्थायी बस स्टैंड

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** चैत्र रामनवमी मेले को लेकर अस्थायी बस स्टैंड अयोध्या में बालू घाट पर 14 अप्रैल से शुरू होगा। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बस की सुविधा यहीं से मिलेगी। परिवहन विभाग 120 बसों का बेड़ा उतारने की तैयारी में है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी को लेकर व्यापक व्यवस्था की जा रही है। लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। रोडवेज श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने की तैयारी में है। रामनवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू हो रहा है। रामनवमी 17 अप्रैल को होगी। मेले के शुरूआती दौर में कम भीड़ होती है। 16 से 18 अप्रैल तक सबसे ज्यादा भीड़ होने की संभावना है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है।

▸▸ चैत्र रामनवमी मेले में चलेंगी 120 बसें

# पुलिस में शुरू हुई नए कानून की पाठशाला

अयोध्या कार्यालय

▸▸ पहले चरण में जिले में दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** आजादी के समय से प्रचलित विभिन्न कानूनों को केंद्र सरकार ने बदल दिया है और इस नए कानून को जुलाई माह से लागू किये जाने की तैयारी है। जिसको लेकर पुलिस महकमें में नए कानून की पाठशाला शुक्रवार को शुरू हो गई है। जिले के छह थाना व कोतवाली प्रभारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण को चरणबद्ध ढंग से संपादित कराये जाने की योजना है।

केंद्र सरकार की ओर से देश में प्रचलित भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व साक्ष्य अधिनियम में आमूलचूल परिवर्तन ही नहीं किया है बल्कि तमाम परिभाषाओं और सजाओं को बदला गया है। संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद राष्ट्रपति का अनुमोदन मिलने के बाद अब नए क़ानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को जुलाई 24 से लागू किये जाने की तैयारी है। जिसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने चरणबद्ध ढंग से पुलिसिंग से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की योजना पर काम शुरू किया है। योजना के तहत मुरादाबाद, सीतापुर, गोरखपुर, मिर्जापुर स्थित पुलिस प्रशिक्षण मुख्यालय समेत छह स्थानों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया था। जिसमें जिले से क्राइम ब्रांच समेत अन्य शाखाओं के निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को बुलाया गया था। इनके तीन दिवसीय प्रशिक्षण हासिल कर वापस लौटने के बाद जिला मुख्यालय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, अयोध्या, रुदौली और थाना प्रभारी कैंट, रौनाही व तारुन को बुलाया गया था। पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि निरीक्षकों के लिए नए कानून का ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित हुआ है। इसके पूर्व कई निरीक्षक प्रशिक्षण के लिए सीतापुर बुलाए गए थे।

### अब 18 वर्ष से कम के सभी कहलाएंगे बालक

भारतीय दंड संहिता 1857 का स्थान लेने वाली भारतीय न्याय संहिता 2023 में धाराएं ही कम नहीं की गई हैं बल्कि विभिन्न अपराध की धाराओं तथा परिभाषाओं में भी बदलाव किया गया है। आईपीसी में 12 वर्ष तक बालक, 13 वर्ष से 17 वर्ष 364 दिन तक किशोर माना जाता था लेकिन अब नए कानून में 18 वर्ष से कम आयु के सभी को बालक के रूप में परिभाषित किया गया है। जेलों पर बोझ कम करने के लिए छोटे-मोटे अपराधों के लिए सजा के तौर पर जेल और जुर्माना के बजाय सामुदायिक सेवा को शामिल किया गया है। नई धारा 150 के तहत राजद्रोह को दंडनीय व मॉब लिंचिंग के मामलों में कठोर दंड का प्रावधान हुआ है। अब चल संपति के दायरे में न आने वाली डेटा (क्रेडिट कार्ड स्किमिंग), अमूर्त संपत्तियों व वस्तुओं की चोरी भी चोरी की धारा के दायरे में लाया गया है।



सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद जोड़े। अमृत विचार

### परिणय सूत्र में बंधे 21 जोड़े

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महराज निषाद राज की जयन्ती शुक्रवार को धूम से मनाई गई। इस अवसर पर 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी कराया गया। इससे पूर्व एक शोभायात्रा भी निकाली गई। जो पहलवान मुन्ना निषाद के घर रेतिया से हसनू कटरा, नियावां चौक होते मां पाटेश्वरी देवी पर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा निषाद राज भगवान राम के विशेष शुभ चिन्तक थे। निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने कहा हम समाज को साथ लेकर चलेंगे। अरविन्द निषाद, मोती राम निषाद आदि ने भी सम्बोधित किया। मेयर गिरिश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष भाजपा कमलेश श्रीवास्तव, राम कृष्ण निषाद, लवकुश निषाद, रामचरन निषाद, मनीराम निषाद, अरविन्द पहलवान समेत बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई निषाद राज जयंती




शोभायात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

# आल्हा से लेकर गुंजित हुए श्रीराम

अयोध्या कार्यालय

▸▸ चैत्र नवरात्र के स्वागत में देवी स्तुति से गुंजायमान है तुलसी मंच

**अमृत विचार :** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा तुलसी मंच पर आयोजित रामोत्सव के उल्लास में कलाकार रामनाम का गुणगान करके श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे है।

फतेहपुर से आए प्रसिद्ध आल्हा गायक जय प्रकाश साहू ने अपने दल के साथ सरस्वती वंदना और हनुमंत लाल की आराधना के बाद ऊदल का ब्याह यानी नरवल गढ़ का संग्राम सुनाया तो वातावरण वीर रस से भर गया। ऊदल देवा हो शहजादे, काबुल घोड़ खड़ी हो जाए के जोशपूर्ण बोलो पर कलाकारों की अदायगी सभी को कथानक का हिस्सा बना रही थी। लखीमपुर खीरी से आए लोकगायक दीपक कुमार सिंह ने देवी गीत मईया तोहरे भवनवा बड़ी भीर हो गाकर आरंभ किया। इसके बाद परंपरागत बधाई बजात अवध बधाइयां गाकर राम जन्मोत्सव की खुशी व्यक्त की। कलाकारों ने देश के जवानों की होली का वर्णन कईसे अकेले बिताइब होली के बोलो से करके पांडाल में देशभक्ति का रंग छलकाया। इसके बाद लखनऊ की मंजू नारायण ने अपने दल के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। भगवान राम के सुकोमल रूप को वर्णित करते हुए गाया इनकी पतरी कमर, नाजुक बहियां, धनुष कैसे तोरीहय सैयां तो दर्शक अभिभूत हो गए। लोकगीतों की श्रृंखला में विवाह, बन्ना के अलावा कलाकार ने दोपहरिया में मोरा पांव जले गाकर पारंपरिक गीतों की सोंधी महक से वातावरण महका दिया। संचालन भक्तिमय अंदाज में देश दीपक मिश्र ने किया। उप्र लोक जनजाति और संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी के निर्देशन में कलाकारों का सम्मान संस्थान के राजेश कुमार शर्मा, मधुबाला शर्मा और समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने स्मृति चिह्न प्रदान कर किया।



तुलसी मंच पर गायन प्रस्तुत करतीं लोक गायिका।

## सार-संक्षेप

### निशान यात्रा के साथ श्याम रंग-रंगीला महोत्सव शुरू



पूराबाजार में शुक्रवार दोपहर निकली निशान शोभायात्रा।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** भव्य निशान शोभायात्रा के साथ शुक्रवार को यहां श्री श्याम रंग-रंगीला महोत्सव शुरू हुआ। शोभा यात्रा रामलीला मैदान से होते हुए सब्जी मंडी, हनुमान मंदिर पूरा से दोपहर तीन बजे निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु केसरिया वस्त्र धारण कर गाजे बाजे, जयकारे व श्री श्याम निशान के साथ शामिल हुए। इस दौरान नृत्य नाटिका द्वारा मनमोहक नृत्य व भजन पेश किया गया। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, बड़ा ही दयालु है वह मेरा श्याम एक बार उसकी शरण में आकर तो देखो आदि नारे लगाते हुए बढ़ने लगे। शोभायात्रा पूरा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर पूरे बाजार से होते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर समारोह स्थल रामलीला मैदान पहुंची। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को बाबा का खजाना दिया गया। निशान शोभा यात्रा जिधर से गुजरी लोगों ने फूलों की वर्षा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए।

### नहीं होने पाएगा गेहूं का अवैध भंडारण



**अयोध्या। अमृत विचार :** गेहूं खरीद का मौसम चल रहा है। किसानों से कम रेट पर गेहूं खरीद कर अवैध भंडारण या गैर प्रांतों को भेजे जाने की आशंका है। इसे रोकने के लिए जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी व्यापारियों, कमीशन एजेंट, थोक विक्रेता, गेहूं स्टाकिस्ट, फ्लोर मिलरों के साथ बैठक करेगी। क्षेत्र में किसानों को वाजिब मूल्य दिलाएंगी। अवैध भंडारण या अवैध रूप से गैर प्रांतों को गेहूं जाने पर रोक लगाएगी। जरूरत पड़ने पर छापा मारा जाएगा। अवैध भंडारण मिलने पर कार्रवाई होगी।जिला खाद्य विपणन अधिकारी एके सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गठित कमेटी में एसडीएम अध्यक्ष, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी संयोजक और राज्य कर अधिकारी, तहसील के बांट माप निरीक्षक और मंडी निरीक्षक सदस्य होंगे।

### नहीं मिला चाय-नाश्ते और खाने का पैसा

**अयोध्या। अमृत विचार :** निपुण भारत मिशन के तहत प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले 963 शिक्षक-शिक्षामित्रों को चाय-नाश्ते और खाने का भुगतान नहीं किया गया। जबकि वित्तीय वर्ष समापन से पहले भुगतान कराए जाने का आश्वासन दिया गया था। इसे लेकर शिक्षक-शिक्षामित्रों में रोष है। बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने, सरल तरीके से पढ़ाने आदि व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें 14 बैच में 963 शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के समय शिक्षकों-शिक्षामित्रों को चाय-नाश्ता व खाना नहीं दिया गया। कहा गया कि प्रशिक्षण के समय का चाय, नाश्ते और खाने का प्रति शिक्षक-शिक्षामित्र 680 रुपये के हिसाब से उनके खाते में वित्तीय वर्ष के समापन से पहले भुगतान भेजा जाएगा। अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। प्रभारी प्रशिक्षण अशोक कुमार ने बताया कि भुगतान शीघ्र भेज दिया जाएगा।

### चारपाई के लिए हुई मारपीट में चार लोग घायल, केस दर्ज

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के जीवपुर गांव में शुक्रवार दोपहर चारपाई को लेकर देवर और भाभी में जमकर मारपीट हुई। इसमें तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गये। मसौधा थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा का कहना है कि चारपाई को लेकर जीवपुर गांव में शुक्रवार दोपहर राशिदा पत्नी मोबीन और दानिश के बीच मारपीट हो गई। घटना में राशिदा बचाव में दौड़ी उसकी दो बहनें खैरुलनिशा, माजिदा समेत चार लोग घायल हुए हैं। घायल महिलाओं को सीएचसी मसौधा भेजवाया गया है। पीड़िता राशिदा की तहरीर पर उसके देवर दानिश के विरुद्ध रिपोर्ट पर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद के लिए आवेदन की तिथि 15 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी गई। प्रभावी आचार संहिता के दौरान चयन समिति की बैठक नहीं होगी। आचार संहिता समाप्ति के बाद चयन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 56 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। बताया गया है कि आचार संहिता के पहले ही पदों पर आवेदन मांग लिए गए थे। आवेदन ऑनलाइन सीधे पोर्टल पर किए जाने की व्यवस्था है। आवेदन करने के लिए पांच अप्रैल अंतिम तिथि थी। अंतिम तिथि के चलते शुक्रवार को जनसेवा केंद्रों पर आवेदन करने वालों की भीड़ देखी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी गई। आचार संहिता के दौरान चयम समिति की बैठक नहीं होगी। चयन की कार्रवाई आचार संहिता समाप्त होने के बाद आगे बढ़ेगी।

### तीन महीने बाद भी कोटेदारों को नहीं मिला कमीशन

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार :** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों के संचालक कोटेदारों को तीन माह बाद भी कमीशन नहीं मिला है। क्षेत्र में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के नाम से संचालित होने वाली दुकानों के संचालक कोटेदारों की संख्या 140 से अधिक है। वितरण के लिए 90 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कमीशन का भुगतान मिलता है। जो सरकारी खजाने से निर्गत किया जाता है। खाद्यान्न विभाग के माध्यम से कोटेदारों के बैंक खाते में कमीशन का पैसा भेजा जाता है। जो तीन महीने से अधिक हो रहे हैं इन्हें नहीं मिला है। क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक मसौधा सोहावल शशांक सिंह चौहान ने कहा कि रिपोर्ट तैयार कर कमीशन बांटे जाने की तैयारी की जा रही है।शीघ्र ही कोटेदारों को कमीशन का भुगतान किया जाएगा।

### 'जनपद की कविता' केंद्रित कार्यक्रम सात को

**अयोध्या। अमृत विचार :** जनवादी लेखक संघ फैज़ाबाद अयोध्या कमेटी द्वारा सात अप्रैल दोपहर 2 बजे से आभा होटल में "जनपद की कविता" समकालीन कविता केंद्रित एक आयोजन होगा। जिसमें लखनऊ के कई कवि शामिल होंगे। संघ के सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने बताया कि यह कार्यक्रम युवा कवियत्री गरिमा सिंह, कंचन जायसवाल व डॉ. विशाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हो रहा है। अध्यक्षता वरिष्ठ लेखक व कवि स्वप्निल श्रीवास्तव व संचालन डॉ. विशाल करेंगे।

# मक्के के साथ धनिया, पपीता की करें सहफसली खेती

अयोध्या कार्यालय

▸▸ उपनिदेशक कृषि ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** सहफसली खेती का प्रभाव बढ़ रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ी संख्या में प्रगतिशील किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उपनिदेशक कृषि ने तारून में सहफसली और जैविक खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोग को सफल बताया। सोहावल, रुदौली में भी सहफसली खेती की जा रही है।

उपनिदेशक कृषि डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी शुक्रवार को तारून के बालापुर के किसान राम प्रसाद वर्मा के प्रदर्शन प्रक्षेत्र पर पहुंचे थे। उन्होंने जैविक रूप से किए गए मक्का व चने की फसल का निरीक्षण किया। बताया कि चने की फसल में खाद के रुप में वर्मी कम्पोस्ट और कीट नियंत्रण के लिए दशपरणी और गोमूत्र का इस्तेमाल किया गया। बीज राजकीय कृषि भंडार का है। किसान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना का लाभार्थी भी है। चने की फसल में खाद के रुप में वर्मी कम्पोस्ट एवम् कीट नियंत्रण हेतु दश परणी और गो मूत्र का इस्तेमाल किया गया है। मक्के के साथ धनिया, पपीता की खेती की गई। सब्जी की खेती मे भिंडी की खेती पूर्ण जैविक रूप से की गई। उत्पादन बेहतर होने की संभावना है। निरीक्षण में एनएफएसएम के जिला सलाहकार राजपाल यादव, प्रवीण बरनवाल, गोदाम प्रभारी कन्हैयालाल, प्राविधिक सहायक प्रेम प्रकाश, दिवाकर पाण्डेय, विवेकानंद मिश्रा, राम जीत किसान जैनेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

## मतदानकार्मिकों का प्रशिक्षण 22 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में नामांकन के पहले मतदान कार्मिकों को तैयार किए जाने की तैयारी है। इसके लिए पहला प्रशिक्षण 22 अप्रैल से शुरू कराया जाएगा। प्रशिक्षण साकेत महाविद्यालय में कराए जाने का प्रस्ताव है। लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद के लिए नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल को शुरू होगी। प्रशासन की कोशिश है कि नामांकन के पहले कार्मिकों का पहला प्रशिक्षण करा दिया जाए। दूसरा प्रशिक्षण नामांकन और नाम वापसी के बाद कराया जाएगा। मतदान कार्मिक प्रभारी सीडीओ ऋषि राज इसको लेकर अफसरों के साथ बैठक कर चुके हैं। प्रशिक्षण के लिए कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन 10 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके बाद कार्मिकों को ड्यूटी पत्र जारी किया जाएगा। पहले प्रशिक्षण में पोलिंग पार्टी नहीं बनाई जाएगी। ड्यूटी पत्र जारी किया जाएगा। कार्मिकों के प्रशिक्षण के पहले मास्टर ट्रेनरों को फिर 20 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह मास्टर ट्रेनर ही कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे।

# कार्मिकों को मच्छरों ने काटा तो बीडीओ व ईओ होंगे जिम्मेदार !

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद के पांचवें चरण में 20 मई को होने वाले मतदान प्रक्रिया सकुशल पूरी कराने के लिए मतदान कार्मिकों को मच्छरों से बचाने के लिए भी कवायद की जा रही है। इसके लिए लोकसभा क्षेत्र के सभी 1125 मतदान केंद्रों को मच्छर मुक्त किए जाने के निर्देश बीडीओ व ईओ को दिए गए हैं।

गर्मी और गांवों में मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए चुनाव आयोग ने भी इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है। 10 मई से पहले सभी 1125 मतदान केंद्रों और उनके 2034 मतदेय स्थलों को साफ-सफाई के साथ सभी कक्षों में जाली लगाने के लिए कहा गया है। इसके लिए सभी नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों और 11 ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। निर्देश दिया गया है कि जिन कमरों में पोलिंग पार्टियां मतदान दिवस से पूर्व ठहरनी हैं वहां खासतौर पर जालियां लगवा दी जाए। इतना ही नहीं कहा गया है यदि कहीं मच्छरों के काटने से मतदान कार्मिक बीमार होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी और खंड विकास अधिकारी की होगी। इसके अलावा बिजली आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए। आवश्यकता अनुसार मच्छरों के भगाने के लिए संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जाए। बता दें कि 20 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला मुख्यालय से पोलिंग पार्टियों की रवानगी 19 मई को होगी।



**लोकसभा चुनाव**

▸▸ सभी 1125 मतदान केंद्रों को मच्छर मुक्त बनाने के निर्देश

▸▸ अयोध्या लोकसभा में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए 19 से कार्मिक संभालेंगे मोर्चा

> सभी तरह की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए जा रहे। मतदान कार्मिकों को मच्छरों से बचाव के लिए मतदान केंद्रों पर खिड़कियों और रोशनदानों पर जाली लगवाई जा रही है। - अनिरुद्ध प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
कॉलेज, कोड-621440

(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### शहादत दिवस पर गोष्ठी आठ को

**अयोध्या, अमृत विचार** : प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद मंगल पाण्डेय का शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन आठ अप्रैल को सिविल लाइंस स्थित एक होटल के सभागार में होगा। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि गोष्ठी का शुभारंभ सुबह 11 बजे शहीद के चित्र पर माल्यार्पण के बाद होगा।

# तीन जगह धंस गया रामपथ, विभाग पर सवाल

## गहरे गड्ढे बनने से यातायात बाधित, विभाग में हलचल, सैकड़ों करोड़ की लागत से तैयार हुआ था पथ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : रामपथ शुक्रवार को तीन जगह धंस जाने से यातायात बाधित हो गया। इससे विभाग में हलचल है। लोक निर्माण विभाग का कहना है कि पेयजल पाइप लाइन में पानी के रिसाव से नीचे की मिट्टी धंस रही है। सड़क बैठ रही है, लेकिन सैकड़ों करोड़ रूपये की लागत से बने रामपथ की स्थिति को लेकर आम लोगों में सवाल जरूर है।

रामपथ पर खवासपुरा में दो स्थानों पर और बेनीगंज में एक स्थान पर शुक्रवार को फैजाबाद-अयोध्या के बीच दाहिनी लेन पर अचानक राम पथ धंस गया। इससे लोगों में हलचल मच गई। गहरे गड्ढे और सीमेंट की पेयजलपाइप लाइन साफ दिखने लगी। विभाग ने इसे ढंक दिया। गड्ढे के स्थान से पहले दोनों ओर ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैरियर लगा दिया गया है। राम पथ की एक लेन बंद कर दी गई। एक लेन में लोगों को आने जाने में जाम लग रहा है और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विभाग को सूचना मिली तो इंजीनियर सहित कर्मचारी पहुंचे। सर्वे किया। आपस की बातचीत राम पथ के नीचे पानी के रिसाव से मिट्टी धंसने का बात सामने आई। मरम्मत की तैयारी है।


रामपथ पर चौथी बार धंसी सड़क, बन गया होल।


बेनीगंज के निकट भी रामपथ पर बन गया होल। अमृत विचार


खवासपुरा में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने रामपथ धंसने पर पानी निकलता कर्मी।

### जगह-जगह पंचर पेयजल आपूर्ति लाइन

राम पथ निर्माण के दौरान बंद पेयजल लाइनों में अब आपूर्ति शुरू की गई। लाइनें काफी पुरानी है। पथ निर्माण के दौरान भी मरम्मत नहीं की गई। रिकाबंगजं से पोस्ट ऑफिस चौराहे तक सड़क बनने के समय रिसता पानी ऊपर तक आया था। मरम्मत की गई थी लेकिन जहां पानी की आपूर्ति नहीं हुई या कम हुई उस पर ध्यान नहीं दिया गया। जैसे-जैसे पानी का दबाव लाइनों में बढ़ रहा है। पानी का रिसाव भी बढ़ रहा है। रिसाव से सड़क के नीचे मिटटी गीली होकर धंस रही है। राम पथ धंस रहा है।


सीतापुर आंख के अस्पताल चौराहे से आगे के लिए बंद किया गया मार्ग।

### खुली कलई, चौथी बार धंसा रामपथ

राम पथ धंसने का यह चौथा वाकया है। इससे पहले राम पथ पर नियावां चोराहे के निकट, आईसीआईसीआई बैंक के सामने, अंगूरी बाग ट्रासंफार्मर के निकट, गुदड़ी बाजार चौराहा और शराबगंद्दी के पास राम पथ धंस चुका है। गुदड़ी बाजार में तो रामपथ पर ट्रक का पहिया धंस गया था। आनन-फानन इसे दुरुस्त किया गया।

> रामपथ के नीचे से पुरानी पेयजल पाइप लाइन है। यह काफी दूर तक है। सीमेंटेड पाइप में रिसाव से नीचे की मिट्टी बैठ रही है। इसके कारण यह समस्या आ रही है। जहां भी ऐसी समस्या आती है। मरम्मत कराया जा रहा है। **-इं. ध्रुव अग्रवाल, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग खंड तीन**

# रामनवमी पर 100 स्थानों पर लगाई जाएंगी एलईडी स्क्रीन


मणिराम दास छावनी में बैठक के दौरान मौजूद ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनवमी पर रामलला के दरबार से जन्मोत्सव का लाइव प्रसारण शहर में 100 स्थानों पर देखा जा सकेगा। इसके लिए एलईडी स्क्रीन लगवाई जाएंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक के बाद ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार शाम कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर भगवान राम का दरबार स्थापित किया जाएगा। राम दरबार के लिए भी प्रमुख चित्रकारों के द्वारा भगवान के स्वरूप को तय कर मूर्तिकारों के द्वारा मूर्तियों को तैयार कराया जाएगा। इस कार्य को धीरे-धीरे आगे विकसित करने की प्रक्रिया को लेकर ट्रस्ट की बैठक में चर्चा की गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता महंत नृत्य गोपाल दास ने की। इस दौरान निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, सदस्य जगद्गुरु विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज, महंत दीनेंद्र दास, विमलेंद्र मोहन मिश्र, डॉ. अनिल मिश्र, केंद्रीय गृह सचिव प्रशांत लोखंडे, जिलाधिकारी नितिश कुमार और रूप से आमंत्रित महंत कमलनयन दास और गोपालजी राव उपस्थित रहे।

▶▶ **बोले- ट्रस्ट के महासचिव-मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित किया जाएगा राम दरबार**

### निर्माण समिति की बैठक में निर्माण कार्य और उत्सव पर मंथन

प्राण प्रतिष्ठा के बाद आगामी रामनवमी को लेकर जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण समिति और तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की संयुक्त बैठक हुई। इस दौरान निर्माण कार्य और उत्सव की तैयारियों पर मंथन हुआ। इसके पूर्व निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र व ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा जन्मभूमि पथ पर लगाई जा रही रेलिंग और बैरियर का निरीक्षण किया। जन्मभूमि परिसर में स्थित यात्री सुविधा केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। परिसर में राम मंदिर के प्रथम तल और द्वितीय तल के निर्माण का कार्य चल रहा है। सप्त मंडप को तैयार करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। रामनवमी मेले के दौरान निर्माण कार्य बाधित न हो इसको लेकर कार्यदायी संस्था एलएंडटी और टाटा कंसल्टेंसी के इंजीनियरों के साथ मंथन विचार-विमर्श हुआ है।

# इकबाल अंसारी से हुई मारपीट, एक गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय


आरजेबी थाने में शिकायत दर्ज कराते इक़बाल अंसारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंदिर-मस्जिद मामले में पूर्व पक्षकार रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र निवासी इक़बाल अंसारी पर शुक्रवार को हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने महरीर पर एक को नामजद करते हुए चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात अलविदा की नमाज के बाद मस्जिद की खिड़की खोलने के दौरान हुई।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला पाँजी टोला निवासी बाबरी मामले के पूर्व मुद्दई इकबाल अंसारी का कहना है कि शुक्रवार को जुमे के अंतिम नमाज के लिए वह मोहल्ला स्थित बिजली शहीद मस्जिद गए थे। वह मस्जिद की खिड़की खोल रहे थे इसी दौरान मौके पर मौजूद मोहल्ले के कोटिया निवासी अयूब उर्फ़ पप्पू अंसारी गाली-गलौच कर हाथापाई करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। उसके साथ तीन अन्य लोग भी मौजूद थे, जिनका नाम-पता मुझे मालूम नहीं है। उनका कहना है कि वह योगी सरकार की प्रसंसा और समर्थन करते हैं। हिन्दू-मुस्लिम के बीच सौहार्द के लिए काम करते हैं। इसी से नाराज होकर उनपर हमला किया गया। हाथापाई के बाद मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद इक़बाल अंसारी ने राम जन्मभूमि थाने पहुंच तहरीर प्रभारी निरीक्षक को दी।

राम जन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि इकबाल अंसारी की शिकायत पर अयूब उर्फ़ पप्पू अंसारी को नामजद करते हुए चार के खिलाफ मारपीट, गाली-गलोच और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने नामजद आरोपी अयूब उर्फ़ पप्पू अंसारी को गिरफ्तार किया है। विवेचना तथा अन्य विधिक कार्रवाई कराई जा रही है।

▶▶ **अलविदा नमाज के बाद मस्जिद की खिड़की खोलते समय हुआ हमला**

## बीपीएल एम्प्लाइज चैम्पियंस ट्रॉफी कल से

**अयोध्या, अमृत विचार:** बैंकर्स प्रीमियर लीग एम्पलाइज लेदर बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप ट्रॉफी-24 बीपीएल सीजन-3 रविवार से शुरू होगा। प्रयागराज रोड डाभासेमर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के स्टार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में जिले के प्रमुख 11 बैंकों की टीमें प्रतिभाग करेंगीं। अध्यक्ष रवि यादव रविवार को सुबह सात बजे आयोजन प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। दो पूल में विभाजित टीमें आपस में 20-20 ओवर्स के लीग मैच खेलेंगीं। लीग मुकाबलों के बाद पूल की दो-दो श्रेष्ठ टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# साहब! शव निकलवा जांच करा लें, हमें इंसाफ मिल जाएगा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : कसाबबाड़ा क्षेत्र के श्री चाइल्ड केयर अस्पताल की मुश्किलें अब बढ़ सकती हैं। इलाज के दौरान बच्चे की मौत में लापरवाही का आरोप लगाने वाले पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने पत्र देकर आग्रह किया है कि एक बार कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम करा लिया जाए, ताकि हमारे परिवार को इंसाफ मिल जाए। एसएसपी ने नगर कोतवाल को जांच के आदेश दिए है।

पहाड़गंज घोसियाना निवासी हिमांशु गौड़ की पत्नी नैना को प्रसव के लिए 23 मार्च को देवकाली स्थित देवांश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसने पुत्र को जन्म दिया था। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे को सांस लेने में समस्या हो रही है। इसे श्री चाइल्ड केयर अस्पताल में भर्ती करा दीजिए। हिमांशु रात में ही बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंच गया था। हिमांशु ने बताया कि उस समय उनका बच्चा स्वस्थ दिख रहा था। 31 मार्च को अस्पताल के डॉक्टर ने बच्चे को कहीं और दिखाने की बात कह दी थी। परिजनों का आरोप था कि भर्ती करते समय 14 हजार रुपये जमा कराए गए थे। इसके बाद जब डॉक्टर ने बच्चे को रेफर करने की बात कही तो 17 हजार रुपये जमा कराए। ननद पूजा का आरोप है कि हम लोग बच्चे को लेकर मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे की चार घंटे पहले ही मौत हो चुकी है। आरोप है कि परिजन फिर चाइल्ड केयर सेंटर गए तो वहां पर लोगों ने उनके साथ बदतमीजी की गई। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की एसपीआरए से मुलाकात हुई थी। उनको शिकायत दी है। अभी प्रार्थना पत्र कोतवाली नहीं आया है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद अनुपालन कराया जाएगा।

▶▶ **पीड़ित परिवार एसएसपी से मिला, श्री चाइल्ड केयर अस्पताल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

**सार-संक्षेप**

### जिला अस्पताल में टिटनेस के इंजेक्शन नहीं

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल में इन दिनों टिटनेस के इंजेक्शन का अकाल पड़ गया है। नौबत यह आ गई है कि या तो मरीजों को लौटा दिया जाता है या फिर उनसे बाहर से खरीदकर लाने को कहा जाता है। अमूमन दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को यह इंजेक्शन लगाया जाता है। सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि फार्मासिस्ट से सूचना मिली है किइंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में नहीं है। इसे लोकल परचेज किया जाएगा।

### प्रदूषण से बचेगी सरयू, इलेक्ट्रिक शवदाह शुरू


अंत्येष्टि स्थल पर लगाई गई इलेक्ट्रिक शव दाह मशीन।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में अंत्येष्टि स्थल पर इलेक्ट्रिक और गैस से संचालित शवदाह की व्यवस्था की गई है। इसके चलते अब सरयू नदी को काफी हद तक प्रदूषण मुक्त किया जा सकेगा। वहीं यहां अंत्येष्टि के लिए शव लेकर आने वालों को भी तमाम दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा। आदित्य भवन की ओर से इसकी व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी है। बताया गया कि इलेक्ट्रिक शव दाह शुरू होने से दूरदराज से आने वाले लोगों को लकड़ी और अन्य व्यवस्था के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इलेक्ट्रिक शव दाह द्वारा किए जाने वाले अंतिम संस्कार में अंत्येष्टि के सभी नियमों का पालन किया जाएगा।

### "जनपद की कविता" केंद्रित कार्यक्रम सात को

**अयोध्या, अमृत विचार** : जनवादी लेखक संघ फैज़ाबाद अयोध्या कमेटी द्वारा सात अप्रैल दोपहर 2 बजे से आभा होटल में "जनपद की कविता" समकालीन कविता केंद्रित एक आयोजन होगा। जिसमें लखनऊ के कई कवि शामिल होंगे। संघ के सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने बताया कि यह कार्यक्रम युवा कवियत्री गरिमा सिंह, कंचन जायसवाल व डॉ. विशाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हो रहा है। अध्यक्षता वरिष्ठ लेखक व कवि स्वप्निल श्रीवास्तव व संचालन डॉ. विशाल करेंगे।

### बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आज

**अयोध्या, अमृत विचार** : बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह छह अप्रैल को कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में मनाया जाएगा। बार के अध्यक्ष पारस नाथ पांडे ने बताया कि मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ के अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी होंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद लल्लू सिंह, जिला जज गौरव कुमार सिंह व मंडलायुक्त गौरव दयाल होंगे। जिले के सभी विधायक और महापौर को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

### 50 लाभार्थियों के बने आयुष्मान कार्ड

**अयोध्या कायार्लय। गोसाईगंज (अयोध्या)** : गोसाईगंज कस्बा में स्वास्थ्य महकमे द्वारा शुक्रवार को लगाए गए शिविर में 50 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आयुष्मान एप में कुछ लोगों का नाम न होने से उन्हें वापस लौटना पड़ा। शिविर के लिए वार्ड नं छह की सभासद आरती जायसवाल ने सीएमओ से मांग की थी। शिविर में सीएचसी की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी( सीएचओ) स्वेता सिंह, एएनएम शशिबाला और मया सीएचसी के अंकित थे। सीएचओ डॉ. सिंह ने बताया कि शिविर मे लगभग 50 लोगों का आयुष्मान कॉर्ड बनाया गया। यहां सभासद अवधेश स्वर्णकार, रविंद्र यादव, जगदम्बा कसौधन, पूर्व सभासद प्रशांत गुप्ता, अशोक चौरसिया, मनोज कसौधन सहित अन्य लोग थे।

### सर्व सुविधायुक्त एंबुलेंस ट्रस्ट को की भेंट


ट्रस्ट को एंबुलेंस भेंट करते समय मौजूद फाउंडेशन के एम.आर.पट्टाभिराम।

**अयोध्या। अमृत विचार** : श्रीराम लला के भक्तों को परेशानियों से बचाने के लिए कर्नाटक केएमएस रमैया फाउंडेशन की ओर से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को बर्थडे गिफ्ट के रूप में सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस प्रदान की गई। फाउंडेशन के एम.आर. पट्टाभिराम और उनकी पत्नी अनिता की ओर से ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि, डा.अनिल मिश्र, स्वामी प्रसन्न तीर्थ, निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने एक सादे समारोह में एंबुलेंस भेंट की गई। अनिता ने बताया कि श्रीराम लला के भक्तों को आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निमित्त बर्थडे गिफ्ट के रूप में यह एंबुलेंस दी गई है।

**कवायद** सीसीटीवी कैमरे लगाने अनिवार्य, बिना मान्यता वाले होंगे बंद

# चिन्हित होंगे डमी क्लासेज चलाने वाले सेंटर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नए शिक्षा सत्र को लेकर इस बार शुरू में ही सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। अप्रैल में ही कोचिंग सेंटरों को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं।

जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग में केवल 95 कोचिंग सेंटर दर्ज हैं। हकीकत में इनकी संख्या करीब 400 है। ऐसे में हर डमी क्लास चलाने वाले कोचिंग सेंटरों बड़ी संख्या में आशंका जताई जा रही है। इतना ही नहीं कई कोचिंग सेंटर नियमों को ताक पर रखकर कक्षाएं संचालित करते हैं। यहां तक कि बिना स्कूल मान्यता लिए कोचिंगों में कक्षा छह से 12 वीं तक के प्रवेश ले लिए जाते हैं। ऐसे सेंटर इन छात्रों का रजिस्ट्रेशन निजी स्कूलों में करा देते हैं।



### प्रमुख कोचिंग सेंटरों में चलता है डमी कक्षाओं का खेल

बताया जाता है डमी कक्षाओं का खेल जिले की प्रमुख कोचिंग में खूब चल रहा। इसी को लेकर डीआईओएस ने आदेश कर दिए हैं कि किसी भी कोचिंग में डमी कक्षाएं संचालित नहीं होंगी। छात्र-छात्राओं के परिचय पत्र जारी किए जाएं और उपस्थिति पंजिका भी अनिवार्य रूप से तैयार करें। विद्यालय समय में कोचिंग संचालित मिलती है तो रजिस्ट्रेशन खत्म किया जाएगा। कोचिंगों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के साथ ही शिक्षक, छात्रों के रजिस्टर बनाया जाए।

▶▶ **माध्यमिक शिक्षा विभाग में केवल 95 कोचिंग सेंटर दर्ज, चल रहे करीब 400**

> नियमानुसार संचालित कोचिंगों में ही छात्र को कोचिंग पढ़ाएं, जांच में जो कोचिंग नियमानुसार नहीं पाई जाएंगी तो रजिस्ट्रेशन खत्म कर दिया जाएगा। **-डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक**

# सरकारी पर्चे के साथ छोटी पर्ची बनी कमाई का जरिया

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार** : कुमारगंज में स्थित 100 बेड के संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा मरीजों को धड़ल्ले से बाहर की दवाएं लिखी जा रही हैं। आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों की मिलीभगत के चलते मरीज और तीमारदार महंगे दामों पर दवाएं खरीदने को विवश हैं।

अस्पताल में गत दिवस जो नजारा देखने को मिला वह चौंकाने वाला था। हर मरीज के हाथ में सरकारी पर्चे के अलावा एक छोटी पर्ची थी। जिसमें बाहर की दवाएं लिखी गई थी। जबकि उससे मिलते जुलते फार्मूले की दूसरी दवाएं अस्पताल में मौजूद थीं। सुल्तानपुर जिले के उमरा निवासी हरिशंकर सिंह ने बताया कि मेरे पेट में दर्द रहता था। दिखाने आया था। बाहर की दवाएं लिखी हैं। इसी गांव की पुष्पा सिंह ने बताया कि मुझे कई दिनों से चक्कर आ रहा था, अस्पताल से दवाएं न देने के बजाय बाहर की महंगी दवाएं लिख दी गईं। सुल्तानपुर जिले के ही देवरा गांव निवासी घनश्याम यादव आंख दिखाने व राघवेंद्र प्रताप कान दिखाने आए थे। अंदर की दवाई न देने के बजाय उन्हें बाहर की दवा लिखी गई। क्षेत्र के सोनू सिंह, रितेश श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह सहित कुछ संभ्रांत लोगों ने जब इसका विरोध करते हुए ओपीडी के चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार मौर्य से बात की। उन्होंने कहा कि हम बाहर की ही दवाई लिखेंगे। इस बात को लेकर डॉक्टर एवं मरीज में तीखी नोकझोंक भी हुई।

> बाहर की दवाएं नही लिखी जानी चाहिए। मेरे पास चार पर्चियां आई हैं। सीएमएस छुट्टी पर हैं। उनके वापस आने पर विचार-विमर्श करके कार्रवाई करेंगे। **- डॉ. संतोष सिंह, प्रभारी सीएमएस**

## सार-संक्षेप

### विद्यादान से बढ़ा कोई दान नहीं



वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि ।

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर के ग्राम शेरपुर खपरैला बाजार में डॉ. लोहिया इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह शुक्रवार को हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि विद्यादान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं हो सकता है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर ने छात्रों से विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की। प्रबंधक पारसनाथ यादव ने सभी का स्वागत किया। विद्यालय के अध्यक्ष राकेश चौरसिया, सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, जेपी यादव, ओपी पासवान, जिला सचिव रोली यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### हनुमत निवास में भंडारा आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूज्य संत स्वामी गोमतीदास और स्मृतिशेष महंत रघुनंदनशरण की पुण्यतिथि पर सिद्धपीठ श्री हनुमत निवास तुलसीनगर में शनिवार 6 अप्रैल को भंडारे का आयोजन होगा। महंत मिथिलेशनन्दिनी शरण ने बताया कि भंडारा दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगा।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दो को मिली साइकिल

**अयोध्या,अमृत विचार।** शहर के शिव नगर पहाड़गंज स्थित बाल विद्या मंदिर एवं जन कल्याण विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को परीक्षाफल और पुरस्कार का वितरण हुआ। सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिए कक्षा आठ की साक्षी व कक्षा चतुर्थ के अभिनव पाण्डेय को साइकिल प्रदान की गई। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सुरक्षा राम जन्मभूमि पंकज पाण्डेय ने कहा कि सभी छात्र अपनी कक्षा के अच्छे छात्रों से प्रेरणा लें और आगे बढें। इससे आपस में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, अगर किसी बच्चे के मार्क्स कम हैं तो उसमें सुधार की गुंजाइश है। लगन–मेहनत की इच्छा है तो कछुआ की तरह आगे बढ़ते जाएंगे। आप प्रेरणा लेकर धीरे–धीरे आगे बढ़ेंगे तो कल परिवार, विद्यालय, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। संस्थापक एवं प्रधानाचार्य मदन मोहन त्रिपाठी ने वर्ष भर के कार्यों का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया। बताया कि नर्सरी से कक्षा सात तक के पहली से पांचवीं रैक समेत सर्वाधिक उपस्थिति व अनुशासन के लिए शिवा, परी, अनुज आराध्या, शैलजा, अनुभव, अनुराग, नंदिनी, प्रिंस, सोनाक्षी, शिवांग, तनिष्क, सारिका, अक्षिका, मीनाक्षी, आद्या, साक्षी, सृकेष्टि, तनीषा, अनन्या, सौम्या, अंशिमा, रोशनी, संस्कृति, दीपा, तृप्ति, वंशिका आदि 50 से अधिक छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### बालिकाओं और महिलाओं को पढ़ाया जागरूकता का पाठ

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज–4 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने–अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना अहिरौली से महिला आरक्षी नेहा सिंह, महिला आरक्षी उष्मिता कश्यप द्वारा स्थान ग्राम खेमापुर व थाना कोतवाली अकबरपुर से उपनिरीक्षक मीनू, हेड कांस्टेबल संग्राम सिंह, महिला कांस्टेबल संदीप कौर के द्वारा रोडवेज, तहसील तिराहा, तमसा मार्ग रेलवे स्टेशन व थाना इब्राहिमपुर से महिला कांस्टेबल गीतांजलि द्वारा स्थान केदारनगर व थाना महिला थाना से महिला उप निरीक्षक सुषमा मौर्य, महिला कॉन्स्टेबल फरहाना, महिला कांस्टेबल सविता, महिला कांस्टेबल नूरजहां द्वारा स्थान टांडा रोड, बीएन इंटर कॉलेज, बस स्टैंड, बसखारी रोड पर महिलाओं और बालिकाओं को शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

### पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



चौपाल कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण कुमार निषाद।

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र आलापुर अंतर्गत थाना जहांगीरगंज परिसर में रमजान के पवित्र माह में ईद, नवरात्रि और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। तहसीलदार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग सौहार्दपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के माहौल में त्योहार मनाएं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आचार संहिता को ध्यान में रखकर शान्ति व्यवस्था कायम रखकर त्योहार मनाएं। किसी भी तरीके की समस्या होने पर तुरंत प्रशासन की मदद लें। पुलिस और प्रशासन आप सभी की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

### गैस सिलेंडर और चूल्हे की होगी जांच

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** घरेलू गैस चूल्हे, सिलेंडर व पाइप की जांच को डिलीवरी मैन अब घर–घर दस्तक देंगे। गैस उपभोक्ताओं को दुर्घटना से बचाव की खातिर जरूरी सलाह भी दी जाएगी। इस सुविधा के लिए उपभोक्ताओं को कोई शुल्क नहीं देना होगा। श्री ओम इंडियन गैस एजेंसी के प्रबंधक विपिन श्रीवास्तव के अनुसार एलपीजी गैस उपभोक्ताओं की जान–माल की सुरक्षा की खातिर कंपनी व एजेंसी की ओर से नियुक्त डिलीवरीमैन उपभोक्ता के घर जाकर सिलेंडर, चूल्हे तथा कनेक्शन पाइप की मौजूदा स्थिति की जांच करेंगे। विपिन श्रीवास्तव के अनुसार अधिकतर दुर्घटनाएं मानकविहीन कनेक्शन पाइप के प्रयोग के कारण होती हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को निभानी होगी सक्रिय भूमिका

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। लोकसभा संतकबीर नगर से घोषित भाजपा के प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण कुमार निषाद आलापुर विधानसभा में चौपाल कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मेहनत से हर बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बता दें कि प्रत्याशी प्रवीण निषाद परसनपुर 336 नंबर बूथ पर भास्कर मिश्र के घर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। जिसमें प्रकाश चंद्र शुक्ला, राधे मोहन शुक्ला, आलोक सिंह, महेंद्र तिवारी, शत्रुघ्न गौतम, संतोष सिंह, कृष्ण भगवान मिश्रा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आवासीय छप्पर ,दो बाइक और 21 बीघे फसल जली

## शहर में रानोपाली आश्रम के खेत में लगी आग, बीकापुर क्षेत्र में घर का सामान, फसल और बाग हुई राख

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** तपिश और गर्मी के बीच शहर से गांव तक हुई आगजनी की घटनाओं में एक आवासीय छप्पर,दो बाइक, एक साइकिल व 21 बीघे फसल और बाग जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे फायर दस्तों ने आग पर काबू पाया है तो कुछ जगह स्थानीय लोगों ने ही मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया।

अकबरपुर फोरलेन राजमार्ग किनारे स्थित एक मैरिज लॉन के पीछे अयोध्या कोतवाली के शंकरगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बिजली के खंभे पर हुई शॉर्ट सर्किट के चलते निकली चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आगजनी की सूचना के बाद जिला मुख्यालय से अग्निशमन अधिकारी द्वितीय प्रदीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में फायर टेंडर को मौके पर रवाना किया गया। अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया टीम ने आग पर काबू पाया है। हालांकि तब तक खेत में खड़ी पांच बीघे गेंहू की फसल आग की भेंट चढ़ गई। आगजनी की चपेट में आया खेत श्री उदासीन ऋषि आश्रम रानोपाली के महंत भरत दास का बताया गया है।



शंकरगढ़ क्षेत्र में बिजली के शॉर्ट सर्किट के चलते लगी आग।



आग पर काबू पाने की मशक्कत में जुटा फायर दस्ता।

उधर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा गाँव निवासी विजयपाल पुत्र धनपाल के आवासीय छप्पर में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। आगजनी की चपेट में आकर दो मोटरसाइकिल,एक साइकिल, चार तख़्त और छप्पर में रखा कपड़ा, बिस्तर,अनाज आदि जल गया। पीड़ित के पास कुछ भी नहीं बचा है। क्षति आंकलन के लिए मामले की सूचना हलका लेखपाल को दी गई है। कोछा बाजार क्षेत्र में लगी आग में लगभग 10 बीघे गेंहू की फसल जल गई। वहीं, शुक्रवार को बिजली की शॉर्ट सर्किट के चलते लगी आग में रामपुर अहिरौली निवासी देवी प्रसाद पुत्र आनंद वर्मा का एक बीघा गन्ना, सुरेंद्र जायसवाल पुत्र कृष्ण किंकर की चार बीघा गेंहू व गयादेई पत्नी रामजगत की एक बीघा गेंहू की फसल आग की भेंट चढ़ गई। क्षेत्र के महावां में राम सहाय पुत्र राम खेलावन की एक बीघे गेंहू की फसल, छेवली गाँव में राजितराम पुत्र रामफेर व शिवलाल पुत्र शंकर की बांस की कोठ और इससे सटी जंगल-झाड़ी जली है। मांझा सोनौरा गाँव में भी गेंहू की फसल में आग लगी, लेकिन आग के फैलने के पहले ही ग्रामीणों ने काबू पा लिया। बीकापुर तहसील स्थित अग्निशमन केंद्र के प्रभारी दिनेश दूबे ने बताया कि फायर दस्ते और जीप पंप वाहन को मौके पर भेज स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया है। क्षति का आंकलन कराया जा रहा है।

### गेहूं के खेत में लगी आग तीन बीघा फसल स्वाहा

**पूराबाजार, अयोध्या।** अमृत विचार : खेतों में गेहूं की फसल तैयार है। किसान इसे काटने के इंतजार में हैं। पॉवर कॉर्पोरेशन की लापरवाही किसानों को भुगतनी पड़ रही है। तेज हवा के कारण बिजली के ढीले तार आपस में टकरा रहे हैं। शॉर्ट सर्किट से आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार क्षेत्र के ताहीरपुर बरौली गांव निवासी रामगोपाल वर्मा के गेहूं खेत में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते लपटें तेज उठने लगी। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते गेहूं का पूरा खेत लपटों से घिर चुका था। पीड़ित रामगोपाल की लगभग तीन बीघा गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। ग्राम प्रधान अजीत वर्मा ने बताया कि पॉवर कॉर्पोरेशन की लापरवाही से नुकसान हुआ है।

# मेडिकल कॉलेज में वाहन स्टैंड न सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में करोड़ों का स्ट्रक्चर खड़ा हो गया, लेकिन आज तक वाहन स्टैंड नहीं बन पाया। लिहाजा आए दिन बाइक व साइकिल चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इसका खामियाजा मरीज, तीमारदार व स्टाफ को भुगतना पड़ता है। गार्डों की मौजूदगी में वाहन गायब हो जा रहे हैं। चोरी की एफआईआर होती है। कागजों में कार्रवाई होती है, लेकिन फिस जस का तस हो जाता है।

मेडिकल कॉलेज 500 बेड का अस्पताल है। यहां रोज ढाई से तीन हजार के बीच ओपीडी होती है। अस्पताल परिसर में चारों तरफ 800 से 1000 के बीच बाइक व 150 के करीब साइकिलें खड़ी होती हैं। अमूमन यहां मरीज गार्डों के पास जाकर अपनी बाइक और साइकिल गुम हो जाने की शिकायत करते हैं। इसके बाद उन्हें दर्शननगर चौकी भेज दिया जाता है। वहां एफआईआर दर्ज हो जाती है, लेकिन बाइक मिल जाए यह बड़ी बात है। मरीज तो छोड़िए यहां के स्टाफ और गार्ड की भी बाइकें गायब हो गईं, लेकिन हुआ कुछ भी नहीं। यही नहीं कॉलेज के स्टाफ व विद्यार्थी के बाइक गुम होने का भी मामला सामने आया है। वहीं शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि परिसर में करीब 18 गार्डों की ड्यूटी लगाई गई है, जो परिसर के बाहर से लेकर पर्चा काउंटर तक तैनात रहते हैं।



मेडिकल कालेज में स्टैंड न होने के कारण लोग परिसर में कहीं भी खड़ी कर देते हैं बाइक।

### केस-1 : मरीज दिखाने आए और गुम हो गई बाइक

हैदरगंज थाना क्षेत्र के पचगवां निवासी राम हरख यादव मरीज देखने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक परिसर में ही खड़ी की थी। वह दो बजे लौटे तो बाइक गायब थी। बहुत ढूंढने के बाद भी नहीं मिली तो उन्होंने 29 मार्च को एफआईआर दर्ज कराई।

### केस-2 :परिसर से ही गायब हो गई मोटरसाइकिल

अंबेडकरनगर निवासी सार्थक शांडिल्य मेडिकल कॉलेज में डीएमएलटी के विद्यार्थी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बाइक 16 फरवरी परिसर से ही गायब हो गई थी। उन्होंने जनसेवा केंद्र में जाकर पुलिस में शिकायत रजिस्टर्ड कराई थी।

### केस-3 : रिपोर्ट इर्ज कराई, नहीं मिली बाइक

बीकापुर निवासी अंबेश मेडिकल कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर थे। वह पीओ सिटी के तहत कार्य कर रहे थे। उनकी बाइक भी करीब एक माह पहले मेडिकल कॉलेज परिसर से गुम हो गई थी। रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन आज तक बाइक का पता नहीं चला।

### केस-4 : गार्ड के वाहन भी सुरक्षित नहीं

सराय राशि निवासी विजय नारायण मेडिकल कॉलेज में गार्ड हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बाइक 9 मई 2022 को दिन में साढ़े बजे के करीब गायब हो गई थी। उन्होंने भी इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका कहना है कि यहां गार्ड के वाहन भी सुरक्षित नहीं हैं।

**आए दिन चोरी हो रहे वाहन करोड़ों का तैयार हो गया स्ट्रक्चर नहीं बनी पार्किंग**

### स्पलेंडर पर ही निशाना साध रहे हैं चोर

दर्शन नगर चौकी इंचार्ज आकाश त्रिपाठी ने बताया कि चोरी की शिकायतें हमारे पास आती हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि मरीज बाइक खड़ी कहीं और कर देता है और ढूंढता कहीं और है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं। चोरी के कई आरोपियों को पकड़ा भी गया है। कई बार मेडिकल कॉलेज प्रशासन से भी वाहन स्टैंड बनवाने के लिए कहा गया है। देखने में आया है कि चोर अक्सर स्पलेंडर को ही अपना निशाना बनाते हैं।

"अस्पताल परिसर से बाइक चोरी का मामला मेरे संज्ञान में है। गार्डों की ड्यूटी लगाई गई है। वाहन स्टैंड जरूरी है। शासन स्तर से वार्ता की गई है।" –डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज

# स्कैनर देगा हीटवेव और उससे बचाव की जानकारी

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की तरफ से एक ऐसा स्कैनर विकसित किया गया है जिसे स्कैन करते ही कोई भी घर बैठे हीटवेव को लेकर सारी जानकारी ले सकता है। दरअसल, भीषण गर्मी और लू के चलते हर साल तमाम मौतें होती आई हैं। अत्यधिक गर्मी और लू की वजह से लोग बीमार होकर उपचार कराने अस्पताल पहुंच जाते हैं। इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने यह स्कैनर डेवलप किया है। इसे स्केन करते ही आपको एक पीडीएफ मिलेगी। इसमें लू और भीषण गर्मी से बचाव के साथ ही हीटवेव का पूर्वानुमान भी मिल सकेगा।

इस स्कैनर की मदद से आप हीटवेव से अपना बचाव आसानी से कर सकते हैं। स्कैनर के जरिये भीषण गर्मी और लू से बचाव के तरीके, हीट इग्जरशन के लक्षण, प्राथमिक उपचार सहित बचाव के तरीके बताए जाते हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से विकसित किया गया स्कैनर हीटवेव के पूर्वानुमान से लेकर उसके बचाव के तरीकों को बताता है और पहले ही लोगों को सावधान करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण का स्कैनर।

### स्कैनर करेगा बचाव

जिला आपदा विशेषज्ञ प्राची उमराव ने बताया कि लू व भीषण गर्मी की वजह से होने वाली मौतों को रोकने में यह स्कैनर मील का पत्थर साबित होगा। भीषण गर्मी जानलेवा हो सकती है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक यह स्कैनर पहुंचाएं। जिससे लू और भीषण गर्मी से होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके।

## चौक की सड़क बनी सकरी गली



देखिए शहर में का हृदय स्थल कहे जाने वाले चौक का हाल। दुकानों पर बाहर तक कब्जा, उसके बाद ठेले वाले फिर खड़े किए जा रहे वाहन। जिसे चौक की चौड़ी सड़क एक सकरी गली की तरह हो गई है। ऐसे में राज दिनभर लगने वाले जाम से लोग परेशान होते हैं। यह हाल तब है जब चौक में पुलिस पिकेट तैनात रहती है। यही नहीं अफसरों की भी आवाजाही होती है। यहां सड़क के इस हाल से गुदड़ीबाजार से लेकर बजाजा तक जाम लोगों के लिए जंजाल बन गया है। छाया : प्रशांत शेखर

# झोपड़ी में आग लगी, जिंदा जली वृद्धा

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लगने से एक बुजुर्ग महिला जिंदा जल गयी। मौके पर पहुंची दरियाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा व क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटा शंकर मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के बडनपुर निवासी धीराजा (102) अपने परिवार के साथ गांव के पास स्थित जंगल के किनारे खेत में झोपड़ी बनाकर रह रही थी। शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गयी। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस दौरान धीराजा की बहू ननका 40 वर्षीय व ननका का दस वर्षीय पुत्र मनीष और नौ वर्षीय बेटी मधु मौजूद थी। अचानक आग लगने से आग ने हवा के तेज वेग के कारण पूरी झोपड़ी को चपेट में ले लिया। ननका ने धीराजा को बचाने की कोशिश भी की पर आग की तेज लपटों में कोशिश नाकाम रही। चीख–पुकार पर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक धीराजा की जलकर मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



आग बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं, ईशानी मौर्या पुत्री अमिताभ मौर्या निवासी ग्राम बिनारसी, पो. चुड़ियाला, तहसील–भगवानपुर जिला हरिद्वार सूचित करती हूं कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी में मेरा नाम त्रुटिवश आकांक्षा मौर्या लिख गया है जबकि सही नाम ईशानी मौर्या है। अत: मुझे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रेवती देवी (Rewati Devi) अपने पुत्र पूरन सिंह गैड़ा के आर्मी नं.– 4205814L, निवासिनी–मानू ध्याड़ी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेवती देवी (Ravti Devi) दर्ज है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेवती देवी (Rewati Devi) दर्ज किया जाये।

**NOTICE**

I, No JC-502300H NB SUB Nishan Singh, R/o Village-Warring, Post-Moharipur, Teh. & Distt.-Taran Taran, Punjab have changed my name from Harwinder Kaur to Harvinder Kaur vide Affidavit dated 04 Apr 2024. In future I must be known as Harwinder Kaur to Harvinder Kaur.

**सूचना**

सूचित करता हूँ कि मैं **बबलू पुत्र स्व बदलू निवासी–सब्जी, बबुरा पोस्ट–बीजेमऊ, परगना–सरेनी, तहसील–लालगंज जिला रायबरेली** मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश बदलू के स्थान पर बाबू अंकित हो गया है। अत: मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में बाबू के स्थान पर बदलू अंकित किया जाये। मेरे सभी दस्तावेजों पर बदलू ही अंकित है। जो कि सही और सत्य हैं।

**सूचना**

**आवश्यकता**

अनुभवी मैनेजर/ कुक/स्वीपर की अयोध्या में 'द रामालया' निकट देवकाली, 'होम स्टे' के लिए चाहिये।

संपर्क करें– 9129959499

साल में लाखों कमाएं

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रूपरानी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निवासी– ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0 की मूल निवाासिनी हूँ। पहले मेरा नाम रूपरानी था। लेकिन अब मेरा नाम **राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निकट –ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0** के समस्त सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता हो गया है।

**गजब** ग्राम पंचायत सदस्यों को मिलने वाला भत्ता तक नहीं मिला, सदस्यों में चल रही खासी नाराजगी

# 1022 दिन में 54 पंचायतों में हुई महज पांच बैठकें

सुरेश दूबे, अयोध्या

**अमृत विचार :** गांवों में विकास के कार्य करने के लिए पंचायतों का गठन ब्लॉक क्षेत्र में पूरी तरह से बेमानी साबित हो रहा है। हाल यह है कि 18 जून 2022 को गठित पंचायतों के बाद से अब तक 1022 दिन में कुल 54 पंचायतों में मात्र पांच बैठकें ही हो सकी है। इतना ही नहीं अब तक हुई बैठकों में ग्राम पंचायत सदस्यों को मिलने वाला भत्ता तक नहीं मिला है। जिसे लेकर सदस्यों में खासी नाराजगी भी चल रही है।

शासन मंशा है कि ग्राम पंचायत में प्रतिमाह पंचायत सदस्यों की एक बैठक अनिवार्य है। बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों को प्रति बैठक 100 रुपये भत्ते के रूप में दिया जाए, लेकिन हालत यह है कि पूरा बाजार ब्लॉक के 54 ग्राम पंचायत में करीब 600 सदस्यों को अभी तक फूटी कौड़ी नहीं मिल सकी है। सराय चैमल के ग्राम पंचायत सदस्य जैनुल आबदीन, रेहाना बानों , कुसुम , नौशाद बताते हैं कि ग्राम पंचायत में पंचायत सदस्य चुने जाने के बाद अब तक कुल पांच बैठकें हुई है लेकिन किसी का भत्ता नहीं मिला है।



पूराबाजार ब्लॉक का सराय चैमल पंचायत भवन।

प्रतिमाह पंचायत सदस्यों की बैठक होनी चाहिए। बैठक का भत्ता भी मिलना चाहिए। नियमित बैठकर कराकर पंचायत सदस्यों को भत्ते का भुगतान कराया जाएगा। – धनजीत, एडीओ पंचायत, पूराबाजार।

### जाने क्या है पंचायत की बैठकों का उद्देश्य

प्रतिमाह ग्राम पंचायत सदस्यों की होने वाली बैठक का उद्देश्य महत्वपूर्ण है। इसे कैबिनेट की बैठक भी कहते हैं। इस बैठक में पिछले कार्यों का लेखा–जोखा पेश किया जाता है और ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित किया जाता है। प्रतिमाह बैठक न होने से ग्राम पंचायत का विकास कार्य प्रभावित होता है।

# मानकों की अनदेखी कर बनाया जा रहा नाला

**रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार:** नगर अध्यक्ष के निर्देशों को नजरअंदाज कर केसरीपुर से महादेवा मार्ग पर जल निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले में मानकों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं जबकि नगर वासियों की शिकायत पर चेयरमैन रामशरण पाठक ने बीती 29 मार्च को नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अनियमिता देख नाराजगी जताते हुए मानक के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ठेकेदार ने कार्य क्षेत्र में बदलाव जरूर किया। भ्रष्टाचार की हकीकत छिपाने के लिए पीले ईंट लगाने के साथ ही प्लॉस्टर करवाना शुरू कर दिया। डूडा विभाग के द्वारा 2017 में नाला निर्माण करवाने के लिए टेंडर पास किया गया था। ठेकेदार ने सौ मीटर कार्य करवाकर अधूरा कार्य छोड़ दिया था। इसके बाद अब पुनः कार्य शुरू किया।

"मामला संज्ञान में है। एसडीएम रामनगर और एई पीडब्ल्यूडी की अध्यक्षता में जांच टीम गठित हुई है। टीम पूरे मामले की जांच करेगी। अगर कहीं से भी निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी मिलेगी, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।" –सौरभ त्रिपाठी, पीओ, डूडा


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919





26वां रोजा

शिया
सहरी : 04.24 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.20 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# संदेह जनक लेन-देन की जानकारी दें बैंक

## लोकसभा चुनाव को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने शाखा प्रबंधकों के साथ की बैठक, दिया निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के लिए अलग-अलग बैंक खाता खोलने के लिए निर्देशित किया गया। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक या डाकघर में खाता खोल सकता है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान किया जाना है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलते समय ही 200 प्रतिपर्णो की चेक बुक उपलब्ध कराएं। स्टेट लेबिल बैंकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त बैंकों को यह निर्देश परिचालित किए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को बनाए रखने के लिए बैंकों से किए गए संदेह जनक लेन-देन के संबंध में वरिष्ठ कोषाधिकारी, नोडल ऑफिसर व्यय अनुवीक्षण सेल को सूचना उपलब्ध कराएंगे।



कलेक्ट्रेट सभागार में शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी।

### दस लाख रुपए से अधिक के जमा की दें जानकारी

निर्वाचन प्रकिया के दौरान राजनीतिक दल के खाते से एक लाख रुपए से अधिक की नगद राशि की निकासी या जमा करना। अन्य कोई भी संदेह जनक नकद लेन-देन जिसे निर्वाचकों को रिश्वत देने के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। यदि जमा की जाने वाली निकासी की नकद धनराशि की रकम 10 लाख से अधिक हो तो ऐसी सूचना को आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को आयकर विधियों के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भेजी जाए। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, एलडीएम, बैंक प्रबंधक और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। कटका पुलिस टीम ने आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कटका पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अभियुक्त को प्रतिबन्धित चाकू के साथ पाभीपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम मिन्टू पुत्र रामधनी मौर्या निवासी ग्राम दिनकरपुर थाना कटका उम्र करीब 20 वर्ष बताया है। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजदेव, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### 200 दीपों का होगा प्रज्जवलन

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नगर के मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आर्य समाज स्थापना दिवस और नव संवत्सर समारोह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 2081 विक्रमी मंगलवार 9 अप्रैल सायं 4 बजे से 6 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पारिवारिक सामूहिक यज्ञ महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती के अवसर पर 200 दीपों का प्रज्ज्वलन किया जाएगा। उक्त जानकारी आर्य समाज टांडा के प्रधान आनंद कुमार आर्य ने दी।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मी द्वारा पति-पत्नी के दो जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें एक साथ राजी-खुशी रहने के लिए समझाया गया। महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय द्वारा और महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के दो वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

# पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## असलहा बरामद, आरोपी के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुई मुठभेड़ में दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। पुलिस दुष्कर्म के आरोपी युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

अकबरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 4 अप्रैल की रात को एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। मामले में पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर पुलिस विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक के गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई थी। तभी शुक्रवार की सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की दुष्कर्म का आरोपी सादाब पुत्र इसरार निवासी ग्राम अमरौला थाना अकबरपुर कालेपुर चकमार्ग कटारिया याकूबपुर बाईपास से जा रहा है। सूचना पर जब पुलिस ने पीछा किया तो युवक भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सादाब पुत्र इसरार निवासी ग्राम अमरौला थाना अकबरपुर बताया है। अभियुक्त के कब्जे से 315 बोर का असलहा, एक जिन्दा और एक खोखा कारतूस पुलिस ने बरामद किया है।



दुष्कर्म के आरोपी को मुठभेड़ के बाद जिला अस्पताल लाते पुलिस कर्मी।

### मामले में की जा रही है कार्रवाई : एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह अभियुक्त को जब पकड़ने का प्रयास किया गया तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की कार्रवाई में आरोपी युवक के पैर में गोली लगी है। आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मकान से लाखों की नगदी व सोने और जेवरात चोरी

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

▸▸ पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल किया शुरू

**अमृत विचार।** बीती रात अज्ञात चोर मकान की खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर लाकर, बॉक्स आदि का ताला तोड़कर उसमें रखी लाखों की नगदी और लाखों रुपए के सोने और चांदी का जेवरात चुराकर फरार हो गए। परिजनों को जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने घटना स्थल का जायजा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

घटना कटका थानाक्षेत्र के अमोला बुजुर्ग निवासी अंकुर सिंह के घर बीते रात को घटित हुई। रात में अंकुर सिंह अपने परिवार के साथ भोजन कर रोजमर्रा की भांति कमरे में सो गए। जब सुबह परिजनों ने खिड़की का दरवाजा टूटा हुआ देखा तो वह कमरे में घुस कर देखा तो लाकर और बॉक्स का दरवाजा टूटा हुआ था। सारा सामान बिखरा पड़ा था। दो लाख 20 हजार रुपए की नगदी, सोने और चांदी के जेवरात समेत करीब 10 लाख रुपए के आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष यादवेन्द्र सोनकर ने घर में जांच-पड़ताल किया। पीड़ित अंकुर सिंह ने पुलिस को अज्ञात चोर के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। सीओ देवेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि चोरी का मुकदमा अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया है।



घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान।

### पड़ोसी का जेवरात बचा

अकुर सिंह का पड़ोसी राजमंगल सिंह अपना घर नया बनवा रहे थे। जिसके कारण वह अपना लाखों रुपए का जेवरात जिंक के थैले मे भरकर अंकुर सिंह के घर में रख दिए थे, जिसे चोर कूड़ा समझ कर फेंक दिए। जिससे इनका सभी जेवरात चोरी होने से बच गया।

## सार-संक्षेप

### 100 किसानों को वितरित किया गया उड़द का बीज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नगर स्थित सहकारी बीज समिति पर किसानों को निशुल्क बीज उपलब्ध कराया गया। शुक्रवार को कृषि गोदाम पर गोदाम प्रभारी विनीत वर्मा ने क्षेत्र के कुल 100 किसानों को उड़द का बीज निशुल्क प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सरसों के फसल की कटाई हो चुकी है। वर्तमान समय में उड़द की फसल की बुवाई का कार्य चल रहा है। उड़द की खेती कर किसान अच्छी कमाई कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते है। इस दौरान डीह भियांव के नरसिंह, मनमोहन, पुजारी लाल, राघवेंद्र, रविन्द्र कुमार, राम मोहन समेत कुल 100 किसानों को निशुल्क बीज वितरित किया गया। निशुल्क बीज लेने के लिए किसानों की भीड़ लगी रही।



किसानों को बीज वितरित करते गोदाम प्रभारी विनीत वर्मा।

### स्टाम्प और टिकट पर वसूला जा रहा है दोगुना दाम

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। एक तरफ जहां सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्यवाही करने की बात करती है, वहीं तहसील में अधिकारियों के नाक के नीचे खुलेआम स्टाम्प और टिकट पर दोगुना दाम वसूला जा रहा है। बता दें कि जलालपुर में तहसील में स्टाम्प विक्रेताओं पर अंकुश न होने से मनमानी दाम पर स्टाम्प और टिकट बेचा जा रहा है। जिससे लोगों को इसके खरीद पर ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। अनादि तिवारी के पिता राकेश तिवारी फार्म लेकर तहसील में घूम रहे थे। उन्होंने बताया कि 10 रुपए का स्टाम्प व 10 रुपए का टिकट स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा 20-20 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी प्रकार से अभिनव मिश्रा ने बताया कि 10-10 रुपए वाला स्टाम्प व टिकट 20-20 रुपए में खरीदा हूं। जब इस सम्बन्ध में स्टाम्प विक्रेताओं से पूछा गया तो नाम न छापने के शर्त पर बताया कि कोषागार से हम सभी को स्टाम्प व टिकट नहीं मिलता है, इसको हम लोग अकबरपुर से महंगे दाम पर खरीद कर लाते हैं, इसलिए महंगे दाम पर बेचना पड़ता है। जब इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह को फोन किया गया तो फोन रिसीव नहीं किए।

### समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : एसपी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन व वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए हैं।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। लल्लन जी ब्रह्मचारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजेसुल्तानपुर में शुक्रवार को तीन दिवसीय रोवर्स और रेंजर्स के सत्र 2023-24 के प्रशिक्षण का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक इंजी सुरेंद्रनाथ सिंह ने स्काउट ध्वज फहरा कर किया। शिविर संचालक डीओसी अंबेडकरनगर बलिराम राजभर ने सभी रोवर्स रेंजर्स को सेल्यूट, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार, मार्च आदि के बारे में विस्तार से बताया और अभ्यास कराया। इस प्रशिक्षण के मौके पर मुख्य अतिथि सुरेंद्रनाथ सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड जैसे कार्यक्रम छात्र जीवन में अनुशासन लाते हैं। अनुशासित छात्र संयमित और व्यवस्थित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोवर लीडर डॉ. अरुण श्रीवास्तव व विद्यासागर, रेंजर्स लीडर पूनम पांडे व गायत्री त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, शिवा, शिवकुमार यादव, उमानाथ पांडे, राकेश भारद्वाज, गिरीश पाठक, बालमीक सिंह, राणा सिंह, दिवाकर पाठक आदि लोग रहे।

# न्यायालय के आदेश पर हादसे में हुई युवकों की मौत के मामले में केस दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटना में हुई दो युवकों की मौत के मामले में मालीपुर पुलिस ने पांच माह बाद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के करमिसिरपुर गांव निवासी विनोद कुमार ने न्यायालय सिविल जज के यहां प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि 14 अक्टूबर 2023 को मेरा लड़का अनूप कुमार उर्फ रिषु व शिवम यादव मोटरसाइकिल से मालीपुर जा रहे थे। जिसे शिवम यादव चला रहा था और अनूप यादव पीछे बैठा हुआ था। रास्ते में शाम करीब 7 बजे थाना क्षेत्र के जफरपुर मुर्गजार स्थान पर अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवकों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। मालीपुर पुलिस ने मृतक की क्षतिग्रस्त मोटरसाइकल को थाने में लाकर खड़ी कर दिया, लेकिन मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। पीड़ित मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर लगाता रहा, लेकिन मालीपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया। जिसकी शिकायत रजिस्टर्ड डाक द्वारा पुलिस अधीक्षक से की गई, इसके बावजूद भी मामले में मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया। तत्पश्चात पीड़ित ने न्यायालय की शरण लिया। न्यायालय के आदेश पर मालीपुर पुलिस में अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस कर्मी बनकर घूस मांगने वाले गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मुकदमे में कार्रवाई कराने के नाम पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मी बनकर पांच हजार रुपए घूस मांगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि बीते 29 मार्च को मालीपुर थाना क्षेत्र के टुटहवा गांव निवासी धीरेंद्र कुमार यादव ने अपने विपक्षियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसी के एक दिन बाद 30 मार्च को धीरेंद्र यादव के मोबाइल पर फोन आया। उसने अपने को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंबेडकर नगर में तैनात पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि जो आपने मुकदमा पंजीकृत कराया है, उसमें कार्रवाई करवाना चाहते हैं तो पांच हजार रुपए दे दीजिए, नहीं तो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वारंट काटा जा सकता है। उसके काल को फ्रॉड समझकर आवेदक ने मोबाइल में उसे रिकॉर्ड कर लिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक के व्हाट्सएप पर किया।

मामले को संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तुरंत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इन आरोपियों के विरुद्ध मालीपुर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया था। इसी बीच मालीपुर पुलिस ने दो आरोपियों को थाना क्षेत्र के सुरहूरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से दो आदत एंड्राइड मोबाइल भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सस्पेंद्र यादव निवासी अस्तारी थाना टिहिरिका जिला नेवाड़ी मध्य प्रदेश और दूसरे आरोपी ने अपना नाम सुदीप यादव निवासी बारी थाना लिधौरा जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश बताया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेते हुए जेल के लिए रवाना कर दिया। उक्त आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले टीम में उप निरीक्षक शिवकुमार, कांस्टेबल चंदन साहनी, संतोष यादव तथा स्वाट टीम अंबेडकरनगर शामिल रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रुठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

मुकद्दस रमजान | जनपद में अलविदा की नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट, शांतिपूर्ण संपन्न हुई नमाज

# अलविदा की नमाज में मुस्लिम भाइयों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार जुमातुलविदा की नमाज नगर और क्षेत्र में पुलिस की चाक-चैबंद व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। नमाज के खुतबे के दौरान अमन व शांति और मुल्क में समृद्धि के लिए दुआएं मांगी गई।

सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौज-ए-हजरत कासिम में मौलाना रहबर रजा सुल्तानी ने जुमातुलविदा की नमाज के दौरान इसराइली कब्जे में मस्जिद अक्सा की आजादी और फिलिस्तीन के निहित्थे नागरिकों पर हो रहे हमले की कड़ी निन्दा की। उन्होंने कहा कि फितरे की रकम इस वर्ष 85 रुपए निर्धारित है। वहीं पुरानी ईदगाह के इमाम कारी मोहम्मद तय्यब ने फितरे की रकम प्रति व्यक्ति 60 रुपए अदा करने की गुजारिश की है। काजी पुरा स्थित आला हजरत मस्जिद में मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी, मदीना मस्जिद में कारी गयासुद्दीन और उर्दू बाजार स्थित जामा मस्जिद में मौलाना नजीबुल्लाह की कयादत में जुमातुलविदा की नमाज अदा की गई। इस दौरान एसडीएम सुभाष सिंह, प्रशिक्षु एसडीएम नीरज गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष कुमार, कोतवाल संतोष कुमार सिंह दल बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।



जलालपुर क्षेत्र में नमाज अदा करते मुस्लिम भाई। अमृत विचार

### जामा मस्जिद में यौम-ए-कुद्स का आयोजन

जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मछली गांव में जुमातुल विदा की नमाज के बाद जामा मस्जिद में यौम-ए-कुद्स का आयोजन मौलाना कैसर अब्बास खान की अध्यक्षता में किया गया। पेश इमाम मौलाना नूरुल हसन रिजवी ने कहा कि इजरायली कब्जे वाली बैतुल मुकद्दस अथवा मस्जिद-ए-अक्सा जहां पैगम्बर हजरत आदम से लेकर पैगम्बर हजरत मूसा तक किब्ला था। किब्ला का मतलब है वह दिशा जिस की तरफ मुंह करके नमाज अदा की जाती है। मौलाना एहतेशाम हुसैन, मौलाना बकीअ जाफरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### लोगों से की भ्रामक पोस्ट न करने की अपील

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से जनपद में अलविदा जुमा की नामाज सकुशल, शान्तिपूर्ण व सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुई। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जुमा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया। पुलिस ने सुरक्षा की व्यवस्था बनाए रखते हुए सामाजिक दूरी के नियमों का पालन किया और लोगों ने धार्मिक कार्यों को संपन्न करने का संवेदनशीलता से समर्थन दिया। नमाज सम्पन्न होने के उपरान्त अनावश्यक रुप से भीड़ न लगाने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आमजन से सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक पोस्ट न करने की अपील की गई।



जामा मस्जिद मीरानपुर में नमाज पढ़ाते हुए मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी।

### सच्चे दिल से मांगी दुआ जरूर होती है कुबूल : मौलाना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। यूं तो रमजान का पूरा महीना ही महत्वपूर्ण है। लेकिन अंतिम शुक्रवार अर्थात जुम्मतुल विदा मजहब-ए-इस्लाम में बहुत अधिक अहमियत रखता है। यह बात शिया जामा मस्जिद मीरानपुर में अंतिम शुक्रवार की नमाज के मध्य मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी ने कही। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार अलविदा जुमे की नमाज में सच्चे दिल से दुआ मांगी जाए तो अल्लाह उसे जरूर कुबूल करता है। मौलाना मोहम्मद रजा रिजवी, मौलाना नकी अब्बास रिजवी, यावर जैदी, दिलावर जैदी, कल्बे अब्बास, रिजवान हुसैन, मोहम्मद अब्बास, बाकर रजा, मुन्ने खान, मजहर अब्बास सहित हजारों लोग नमाज में सम्मिलित हुए। बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से इजरायल के यरुशलम स्थित मस्जिदे अक्सा को यहूदियों के चंगुल से छुड़ाकर फिलीस्तीन के मुस्लिमों को दिलाए जाने की मांग की, जो उसके वास्तविक हकदार हैं। तहसीलदार बलबीर सिंह ने ज्ञापन लिया। मौलाना अकबर अली, रेहान जैदी, कासिम अली, मीसम अली आदि मौजूद थे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बकरी लाद रहे चोर स्कॉर्पियो छोड़कर भागे

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** बकरी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पुलिस इन पर अंकुश नहीं लग पा रही है। बकरी पालन करने वाले लोग परेशान हैं। पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। वजीरगंज थाना के भगोहर निवासी खलील ने केस दर्ज कराया है कि उसके टीनशेड में बंधी 29 बकरियों को अज्ञात लोग स्कॉर्पियो में लाद रहे थे। पीड़ित के जागने पर गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया गया है। जांच की जा रही है।

### वनरक्षक ने दर्ज कराया केस, आरा मशीन सील

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर रोक नहीं लग पा रही है। धड़ल्ले से लोग चोरी कर पेड़ काट रहे हैं और आरा मशीन संचालकों को दे रहे हैं। वजीरगंज थाना क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने सोनवर्षा में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर छापेमारी कर तीन बोटा जामुन, तीन बोटा गूलर, 20 कुंतल चिरान जलौनी व 10 कुंतल मिश्रित जलौनी बरामद किया। वनरक्षक महेंद्र सिंह ने लवकुश दुबे निवासी सोनवर्षा पर केस दर्ज कराते हुए आरा मशीन सील कर दी।

### तुर्कपुरवा से मल्लापुर को जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त

**रुपईडीह, अमृत विचार :** गोंडा बहराइच मार्ग से तुर्कपुरवा मल्लापुर गांव तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मार्ग पर यात्रा करने वाले तुलसीराम दुबे, गोपाल दुबे, अन्नू दुबे, राम किशोर दुबे, मदन दुबे, भास्कर पांडेय, वीरेंद्र तिवारी आदि ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से उक्त मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# मुठभेड़ में सर्राफ लूटकांड के 4 आरोपी गिरफ्तार

## एक बदमाश के पैर में लगी गोली, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती, 54 लाख बरामद

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने चार तमंचा व बीते दिनों सर्राफा की दुकान में हुई लूट के ज़ेवर व नकदी सहित 54 लाख रुपये बरामद किए हैं।

नगर कर्नलगंज के सर्राफा व्यवसायी विश्वनाथ शाह की दुकान में असलहे के बल पर बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था।



मुठभेड़ में बदमाश की गिरी बाइक।



जिला अस्पताल में भर्ती बदमाश।

गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि में पुलिस व स्वॉट टीम बदमाशों का पीछा करने लगी। कर्नलगंज लखनऊ मार्ग स्थित नारायनपुर माझा मोड़ से उसरा घाट जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रांसिंग के पास एक चार पहिया व एक बाइक से जा रहे बदमाशों को पुलिस ने घेरने का प्रयास किया। जिस पर पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल बदमाश ने अपना नाम राघवेन्द्र पांडेय उर्फ राजा पुत्र सुरेन्द्र पांडेय निवासी ग्राम शाहपुर बताया। जिसे जिला अस्पताल गोंडा के लिए रेफर कर दिया गया।

वहीं अन्य बदमाशों ने अपना नाम उदय उर्फ सतेंद्र पांडेय व सूरज पांडेय निवासी ग्राम शाहपुर व फरहान अंसारी निवासी गोंडा बताया। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि बदमाशों के पास से चार तमंचा, 250 ग्राम सोने का जेवर, 22 लाख रुपये नकद एक बाइक व एक लग्जरी गाड़ी, सर्राफा व्यवसाई का आधार कार्ड व लूट में प्रयुक्त सामग्री के साथ करीब 54 लाख की बरामदगी की गई है। मौके पर सीओ व प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज, प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय गुप्ता, निरीक्षक संभू सिंह, स्वात टीम प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, एसआई प्रतीक पांडेय, एसआई आशीष कुमार, एसएसआई राम प्रकाश चंद, एसआई जितेंद्र वर्मा, एसआई आलोक कुमार राव, एसआई सर्फराज, दीवान राजू सिंह, दीवान अमित पाठक, रविप्रतप यादव, डीआईजी के निर्देश पर घटना का अनावरण करने के लिए लगाए गये जनपद बहराइच के कोतवाली नानपारा में तैनात दीवान अबरार अहमद, कटरा बाजार के दीवन इंद्रपाल सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। उसी बीच फोरेंसिक टीम ने नमूने ग्रहण किये।



उत्तरी भवानी मंदिर में जानकारी लेतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

## डीएम ने उत्तरी भवानी मंदिर में टेका माथा

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** डीएम नेहा शर्मा ने शुक्रवार को शक्तिपीठ मां बाराही मंदिर में माथा टेका। उन्होंने मंदिर परिसर का जायजा लिया और वहां गंदगी का अंबार देख डीपीआरओ को फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। दूसरी ओर हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास ने अपने शिष्यों के साथ में मां का दर्शन-पूजन किया। मंदिर की पुजारी एवं मुख्य ट्रस्टी साध्वी राम ने बताया कि मंदिर के अंदर लगी टाइल्स उखड़ रही थी जिसे निकलवा कर पत्थर लगाया जा रहा है और सुंदरीकरण कार्य जारी है। नवरात्रि आने से पहले ही काम को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यकता अनुसार व्यवस्था की जा रही है। उमरी बाजार से मां बाराही दरबार होते हुए भगवान वराह मंदिर संगम तट पसका तक सड़क पूरी तरह से टूटी हुई है। श्रद्धालुओं को पथरीले एवं नुकीले पत्थरों से होकर गुजरना पड़ेगा। विभाग ने पिछले एक दशक से इस सड़क की मरम्मत करना भी मुनासिब नहीं समझा। क्षेत्रीय लोगों ने मंदिर प्रशासन से सड़क मरम्मत की मांग की है।

# परसपुर नगर पंचायत में स्थापित हुए ट्रांसफार्मर

**परसपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुगम बनाने के लिये विद्युत विभाग ने स्थानों पर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इससे स्थानीय उपभोक्ताओं में भरपूर विजली आपूर्ति की उम्मीद जगी है। परसपुर कस्बा के व्यापारियों, आमजन ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्युत विभाग का महत्वपूर्ण कदम बताया है। बताया जा रहा है कि बढ़ते गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति की बेहतर सुविधा के लिये विद्युत विभाग ने परसपुर नगर के करनैलगंज मार्ग पर राजपुर में ब्रह्मदेव मंदिर व बालपुर मार्ग पर पुलिस थाना गेट के समीप नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। यह जानकारी विद्युत कर्मी सन्तोष सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम को विभागीय कर्मियों ने जेसीबी मशीन के जरिए डबल पोल पर 100 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। बालपुर मार्ग पर थाना गेट के समीप लगे ट्रांसफार्मर से अद्वैत स्वरूप आश्रम, बेलई पुल पार, सरकारी अस्पताल, पुलिस थाना, आंगनवाड़ी कार्यालय, ब्लाक, इंटर कॉलेज समेत विभिन्न जगहों के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में सहूलियतें मिलने की उम्मीद बढ़ गयी है।

# मस्जिदों में अदा की गई अलविदा की नमाज

## रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को सभी मस्जिदों और ईदगाहों में सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता प्रबंध

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जिले के मस्जिदों व ईदगाहों में अलविदा की नमाज अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

खरगूपुर क्षेत्र के मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती रही। रो रो कर दिल ने कहा माहे रमजान मुबारक अलविदा। शुक्रवार को स्थानीय नगर पंचायत सहित क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस मौके पर नगर खरगूपुर के तीन अलग-अलग मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों



पटेल नगर ईदगाह में नमाज अदा करते रोजेदार। अमृत विचार

को पेश इमाम द्वारा अलविदा की नमाज अदा कराई गई। इस अवसर पर देश की तरक्की एवं आपसी भाईचारा के लिए दुआएं मांगी गईं। वहीं रमजान महीने की विशेषता पर मस्जिद के पेश इमाम द्वारा नमाज के पूर्व विस्तार से प्रकाश डाला गया। अलविदा की नमाज को देखते हुए थानाध्यक्ष दिनेश सिंह सीमा सुरक्षा बल के जवानों के अतिरिक्त स्थानीय थाने के उपनिरीक्षक एवं आरक्षी के साथ अलविदा की विशेष नमाज संपन्न होने तक नगर पंचायत सहित अलग-अलग स्थान पर भ्रमण करते रहे। गोंडा नगर के पटेल नगर ईदगाह मैदान



मनकापुर में मस्जिद के सामने डटे पुलिसकर्मी। अमृत विचार

में चिलचिलाती धूप के कारण ऊपर से टेंट लगाए गए थे। ईदगाह के अलावा नगर के सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। सभी मस्जिदों के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। मनकापुर में शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में माहे रमजान के मौके पर अलविदा की नमाज प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पीएसी व पुलिस फोर्स के मौजूदगी में अलविदा की नमाज अदा कराया गया। कस्बे के जामा मजिस्द में मौलाना मुनव्वर अली द्वारा नमाजियों को नमाज अदा कराया। इस दौरान पीएससी व पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

# मतदान के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** शहर के श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज बड़गांव में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ब्लॉक स्तरीय जागरूकता टीम ने नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रति जागरूक किया।

ईएलसी गठन, संकल्प पत्र, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक सहित संस्था के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकाली। टीम प्रभारी अमिता पांडे प्रधानाध्यापक ने जागरूकता के तहत संदेश दिया कि सारे काम छोड़ दो, 20 मई को वोट दो। जागरूकता टीम के सदस्य प्रवक्ता रमेश विमल ने कहा कि मतदान सबका अधिकार है। प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी ने भी सभी को जागरूक किया। संस्था के स्वीप नोडल अधिकारी रामनारायण उपाध्याय ने कहा हर दिन प्रार्थना सभा में जागरूकता कार्यक्रम कराया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजकरन वर्मा, अध्यापक शंभू शरण शुक्ला, एन डी पांडे, राहुल यादव, रेलवे कॉलोनी के अनिल सिंह, रोशन लाल, जगदीश त्रिपाठी, रामचंद्र पांडे, सुरेंद्र यादव, रामजीत राम, संतोष कुमार मौजूद रहे।

# लोस चुनाव:12 हजार से अधिक लोग पाबंद

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अपराधियों को लेकर सख्त कदम उठा रही है। लगातार अपराधियों का चिन्हीकरण किया जा रहा है और उन पर कार्रवाई की जा रही है।

अब तक जिले में 22 लोगों की हिस्ट्रीसीट खोली गई है, जबकि 12 हजार लोगों को पाबंद किया गया है। आरोपियों पर नकेल कसना शुरू किया है। जिले के 1076 हिस्ट्रीशीटर की निगरानी बढ़ा दी है। अपराधियों का सत्यापन किया जा रहा है। जिससे कि चुनाव से पूर्व ही कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत कर ली जाए। थानों में दर्ज हत्या, लूट, चोरी, नकबजनी, डकैती, गांजा, गो-तस्करी, अवैध शराब की तस्करी एवं मारपीट के मुकदमों के आरोपियों की निगरानी बढ़ाई गई है। वांछितों की सूची तैयार की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिसकर्मियों को सक्रिय किया गया है। उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी की जा रही है। हिस्ट्रीशीट भी खोली जा रही है। इन पर दर्ज अपराधों को अंकित किया जा रहा है। 22 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इनके संपर्क में रह रहे लोगों पर भी पुलिस की नजर है। गुंडा एक्ट तथा जिला बदर करने की कार्रवाई भी चल रही है। एसपी ने सभी थाना अध्यक्षों को अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रो पर जाकर व्यवस्था का आकलन करने को भी कहा है ,साथ ही ऐसे लोगों पर नजर रखने को कहा गया है जो लोग चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं।

पूर्व में सजा पाए अपराधी वर्तमान समय में क्या कर रहे हैं इसके भी पड़ताल पुलिस महकमा कर रहा है। पुलिस लगातार गांव में जाकर मतदाताओं से भी बातचीत कर रही है और उनसे जानने का प्रयास कर रही है कि कौन ऐसे गांव में रहने वाले हैं जो चुनाव में गड़बड़ी करते हैं। जिस व्यक्ति के बारे में गड़बड़ी की आशंका होती है उन पर पाबंद की कार्रवाई की जा रही है। आचार संहिता का पालन हर हाल में हो इसका भी ध्यान पुलिस रख रही है। माना जा रहा है कि पाबंदी की कार्रवाई में भी तेजी आएगी । कई ऐसे लोग भी हैं जो बाहर हैं और वह चुनाव के नजदीक आने पर घर वापसी करेंगे। बीट सिपाही ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की तैयारी में जुटे गए हैं। एसपी का स्पष्ट निर्देश से की मौके पर ही जाकर अपराधियों की पड़ताल की जाएगी। अराजक तत्व की सूची पारदर्शिता के साथ बनाई जाए अनायास शरीफ तबका परेशान न हो। इसका भी ध्यान रखना को कहा गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि अपराध समीक्षा बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक 12 हजार लोगों को पाबंद किया गया है। आरोपियों पर नजर रखने को कहा गया है।

## सार-संक्षेप

### शेरापुर में आग से छह घर जलकर राख

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के बंधवा के शेरापुर में अज्ञात कारणों से आग लगने से छह घर जल गए। फायर बिग्रेड के मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों ने आग को काबू में किया। गांव के रामप्रकाश यादव के घर में लगी आग ने आसपास के घरों को भी चपेट में ले लिया। जिससे राम निहोरे, रामविलास, गंगाराम सहित 6 लोगों की गृहस्थी जल कर राख हो गयी। आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गयी किंतु रास्ता संकरा होने के चलते मौके तक नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रधान जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अग्निपीड़ितों को समुचित सहायता दी गयी। लेखपाल पुण्डरीक पांडेय ने बताया कि 1लाख 42 हजार रुपये के क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेजी जा रही।

### वजीरगंज में हुई पीस कमेटी की बैठक

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना में पीस कमेटी की बैठक थानाध्यक्ष अभय सिंह ने मौलानाओं व पुलिसकर्मियों के साथ कर दिशा निर्देश दिया। वहीं हल्का उपनिरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक बीरबल, दुर्गेश कुमार, अनिरुद्ध यादव, चौकी प्रभारी डुमरियाडीह सावन सिंह की अगुवाई में टीम गठित कर क्षेत्र में गतिशील रहने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी भी प्रकार के विवाद की सूचना तत्काल दी जाय। बैठक में मो इदरीश, सरवर अली, सराफत, विल्सन बिल्लू आदि मौजूद रहे।

### नौकरी का झांसा देकर हड़प लिए 55 हजार रुपये, केस

**परसपुर, अमृत विचार :** थाना के ग्राम आटा भोंदू पुरवा के रहने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर 55 हजार रुपये धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मऊ जिला के थाना कोपागंज के ग्राम मूंगमास के रहने वाले संतोष चौहान ने दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि नौकरी लगवाने के झांसा देकर तीन वर्ष पहले उससे 55 हजार रुपये ऐंठ लिया। नौकरी भी नहीं लगी। जब रकम वापसी की माँग की तो टाल मटोल कर नहीं दे रहे हैं। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर ग्राम भोंदू पुरवा, आटा के रहने वाले मन्नू सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसकी विवेचना एसआई शरद कुमार को सौंपी गई है।

### बकाया वसूली के लिए लगाया गया शिविर

**रुपईडीह, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र आर्य नगर के तत्वावधान में तेलिया कोट चंदनवापुर में बकाया वसूली शिविर आयोजित किया गया। अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि इस शिविर में सभी आठ बकायेदारों से दस हजार रुपए का बकाया वसूल किया गया। जितेंद्र कुमार तिवारी, सूर्य नारायण दुबे, संजय पांडेय, रघुनाथ मिश्र, अर्जुन शुक्ल उपस्थित रहे।

### गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमयी प्रवचन का आयोजन



ग्राम पंचायत चंगेरिया में यज्ञ करते यजमान। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार गोंडा के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चंगेरिया में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व संगीतमय प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। योगाचार्य आदर्श मिश्रा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य वातावरण में फैली नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मकता बढ़ाने व युग ऋषि पंडित श्री राम शर्मा आचार्य का जो उद्देश्य था हम बदलेंगे तो युग अवश्य बदलेगा। इसी को लेकर प्रात: काल सात बजे से यज्ञ संस्कार व शाम छह बजे से संगीतमय प्रवचन कार्यक्रम चल रहा है। रविवार को यज्ञ की पूर्णाहुति भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में अभिषेक सिंह, सुनील सिंह, चंद्रमोहन मिश्र, राजेश त्रिवेदी, हृदयनारायन मिश्र, धीरू सिंह, शिवपाल सोनी, अजय दीक्षित, आंचल सिंह, अशोक सिंह, पप्पू महाराज उपस्थित रहे।

### पिता-पुत्री और पत्नी की पीटा, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पेड़ काटने से मना करने पर दबंगों ने बाप, बेटी तथा पत्नी को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना क्षेत्र के मंहगूपुर के बखिरा गांव निवासी राम सजीवन तिवारी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी जमीन खेमपुर गांव में है। जिसमें लगे पेड़ को बुधवार की शाम को खेमपुर गांव के लालबहादुर, विजय बहादुर, पवन कुमार, कृष्ण कुमार उर्फ छोटू काट रहे थे। जानकारी होने पर जब वह अपनी पत्नी शशि केश पुत्री रश्मि के साथ पहुंच कर मना करने लगे तो उक्त सभी लोग गाली देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। बीच-बचाव करने आई उनकी पुत्री तथा पत्नी को भी काफी मारा पीटा, जिससे सभी को काफी चोटें आई। जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

# टायर फटने से गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी बस, तीन गंभीर

संवाददाता, इटियाथोक

**अमृत विचार:** शुक्रवार को गोंडा बलरामपुर राजमार्ग पर करुआपरा पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस व गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राली की आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बस पर सवार दर्जन भर लोग घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बलरामपुर से लखनऊ जा रही कैसरबाग डिपो की बस का टायर करूवापारा गांव के पास फट गया। बस अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राले से भिड़ गई। बस का एक हिस्सा टूटकर चकनाचूर हो गया। परिचालक रितेश कुमार निवासी हरदोई ने बताया कि बस में कुल 25 सवारियां थीं। जिसमें से कुछ यात्री आंशिक रूप से घायल हुई हैं जिनका इलाज प्राइवेट चिकित्सालय में हो रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से बस व ट्रैक्टर ट्राले को कब्जे में ले लिया है। ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। घायलों में सोनाली, सोनाली की पुत्री व मुन्ना सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।




टक्कर में क्षतिग्रस्त बस। अमृत विचार

## स्कूल के पास गड्ढा होने से बढ़ा खतरा

**रुपईडीह, अमृत विचार:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरा चौबे में कंपोजिट विद्यालय के निकट आर्यनगर पृथ्वी नाथ सड़क के किनारे गहरे गड्ढे को आज तक मिट्टी से नहीं पाटा गया है। इससे आए दिन बच्चों के लिए भविष्य का खतरा बना रहता है।

ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि सड़क के किनारे विद्यालय की स्थापना होने से भोजनावकाश में बच्चे खेलने लगते हैं जिससे आए दिन बच्चे गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि इस गड्ढे की पटाई के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट, दो महिलाओं समेत 6 घायल

**परसपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम उधौरा डेहरास गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों की दो महिला समेत छह लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट मामले में आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम उधौरा डेहरास के रहने वाले सन्तोष यादव ने आरोप लगाया है कि बैनामा शुदा जमीन की कब्जेदारी विवाद को लेकर गांव के ही विपक्षी घनश्याम, राधेश्याम, विजय व विकास ने शुक्रवार की सुबह साढ़े नौ बजे उससे अभद्रता की। लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। शोर करने पर उसके पिता राम केवल, मां उर्मिला देवी, पत्नी ललिता, पुत्र अनुराग बचाने दौड़े, तो उसे भी मारने पीटने लगे। वहीं इसी मामले में पीड़ित घनश्याम ने आरोप लगाया है कि जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार की सुबह विपक्षी राम केवल, सन्तोष, अशोक व अनुराग ने उससे अभद्रता, जानमाल की धमकी देते हुए मारपीट किया। गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। विकास व राधेश्याम बचाने दौड़े तो उन्हें भी मारापीटा। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**वार्षिकोत्सव** लक्ष्य महेश्वरम ग्लोबल एकेडमी में हुआ आयोजन, मुख्य अतिथि ने कहा-बच्चे ही देश के कर्णधार

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने मोह लिया मन

संवाददाता, इटियाथोक

**अमृत विचार:** लक्ष्य महेश्वरम ग्लोबल एकेडमी में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नन्हे-मुन्ने ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राजकुमार दास व महंत छोटेजी महाराज उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा बच्चे ही देश के भविष्य हैं।

अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के लिए अच्छे विद्यालय का चयन करें, जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बना सकें। इसी के साथ-साथ सोनबरसा के महंत छोटे महाराज ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया।




लक्ष्य महेश्वरम ग्लोबल एकेडमी के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

उन्होंने कहा शिक्षित व्यक्ति सब कुछ कर सकता है वह जो करना चाहता है इसी के साथ-साथ उन्होंने संस्कारों पर भी विशेष जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी इटियाथोक उपेंद्र त्रिपाठी ने भी शिक्षा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसी के साथ साथ जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय मिश्रा ने स्वर्गीय लक्ष्मण शरण मौर्य के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। कार्यक्रम में जितेंद्र प्रकाश मौर्य ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने अपने संस्मरणों को उपस्थित लोगों को बताया कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे मनुष्य सब कुछ हासिल कर सकता है। इसलिए वर्तमान समय में शिक्षित होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर पीडी मिश्रा, करुणा पति त्रिपाठी,नवल किशोर सोनी, दिनेश शुक्ला, डॉक्टर रामराज सहित बेसिक शिक्षा विभाग के कई शिक्षक अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की उठाई मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार:** ब्लॉक म की ग्राम पंचायत बिछूड़ी में उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग ग्राम प्रधान अनिल कुमार पांडेय ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता से की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में विभाग द्वारा न्यूनतम क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसका परिणाम यह है कि अधिकांश उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। उच्च क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग विभागीय अधिकारियों से कई बार की गई। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

## बार काउंसिल के सचिव प्रशांत सिंह अटल ने कहा-समाज की दशा और दिशा तय करता है अधिवक्ता

संवाददाता, मनकापुर



अधिवक्ताओं को संबोधित करते सचिव।



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** हमारे समाज की दिशा और दशा अधिवक्ता ही तय करता है। जब भी बार काउंसिल व बार एसोसिएशन के चुनाव हों उसमें ये मत देखिये कि ये अपना आदमी है ये देखिये कि वो अच्छा आदमी है। किसी जाति क्षेत्र भाषा से ऊपर उठ कर हमेशा मतदान करें। बस ये देखे उसमें बाबा साहेब आंबेडकर की छवि दिखती हो, महात्मा गांधी और सरदार पटेल की छवि दिखती है। अब आपको तय करना है कि आप किसे चुन कर बार काउंसिल या बार एसोसियशन में भेजते हैं।

उक्त बातें शुक्रवार को बार काउंसिल के सचिव व उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल ने तहसील परिसर में आयोजित बार संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र किशोर पाठक व संचालन अरुण कुमार पांडेय ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी, राकेश पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। तत्पश्चात वरिष्ठ अधिवक्ता सीके पाठक, अध्यक्ष जेपी तिवारी, मंत्री अजय शुक्ल, सुनील सिंह, भास्कर शुक्ल आदि तमाम अधिवक्ताओं ने आए हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों में ग्राम न्यायालय के जज दीपेंद्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी यशवंत राव, एसडीएम न्यायिक विश्वामित्र सिंह, शिक्षक संघ के महामंत्री राधा मोहन पांडेय, जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत कुमार शुक्ल, सब रजिस्टार हीमेंद्र उपाध्याय, राहुल शुक्ल, विक्की मिश्र, पहलवान तिवारी, अजय शंकर श्रीवास्तव उर्फ बंटी को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व फूल माला पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रवण कुमार शुक्ल, केदारनाथ मिश्र, रुचि मोदी, उप निरीक्षक मनोज सिंह ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर अतुल शुक्ला, लालचंद शुक्ला, अमित शुक्ल, सीपी वर्मा, अरविंद भारती, महेश दूबे सुधीर श्रीवास्तव, विजय प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। बार काउंसिल के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी ने संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगदीश प्रसाद तिवारी, महामंत्री अजय कुमार शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार शुक्ल, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रवीण कुमार तिवारी, नित्यानंद पांडेय, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अवधेश कुमार मिश्र, गौरव सिंह, शिखर श्रीवास्तव, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार द्विवेदी, श्याम नरायन मिश्र को सामूहिक रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## बार एसोसिएशन ने की बैठक

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ग्राम न्यायालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर बार एसोसिएशन ने एक बैठक की। जिसमें ग्राम न्यायालय में निर्माण व व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। उपस्थित अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय का निरीक्षण किया तथा अव्यवस्थाओं पर असंतोष जताया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी व महामंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि भवन निर्माण में अनियमितता की गई है। चैम्बर व न्यायालय में फर्नीचर की कमी है। पेयजल की व्यवस्था नहीं है जबकि भीषण गर्मी के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित कर व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। इसके साथ ही भवन निर्माण कराने वाले ठेकेदार व अभियंता से ग्राम न्यायालय में समुचित व्यवस्था न होने से जवाब तलब करने की मांग की है।



अंक पत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

## विद्यालय में समारोह पूर्वक अंक पत्र वितरित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कम्पोजिट विद्यालय धनेश्वरपुर शिक्षा क्षेत्र वजीरगंज जनपद गोंडा में अंक पत्र वितरण समारोह एवं छात्र विदाई सम्मान समारोह के साथ ही नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन से प्रारंभ हुआ। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सत्र 2023-24 में पास कर चुके सभी छात्र-छात्राओं को अंक पत्र वितरित किया गया। कक्षा आठ अर्चना गौतम, बलवान प्रांजल, मांशी, ज्योति प्रजापति के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान, कक्षा 5 शिवानी चौरसिया, सायबा, अनम, क्रमश : प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे इन्हें अंक पत्र के साथ पारितोषिक के रूप में डिक्शनरी व बैग दिया गया। अन्य सभी बच्चों को अंकपत्र के साथ कॉपी और पेन दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष वजीरगंज अभय प्रताप सिंह, सांसद गोंडा प्रतिनिधि राजेश सिंह, मां यशोदा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक स्वतंत्र सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गुलाम नबी ने नवीन नामांकन प्राप्त कर चुके दस छात्र-छात्राओं को रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया। उन्हें कॉपी-पेंसिल और बैग देते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया।

# एक डंपर समेत तीन ट्रक पकड़े 96 हजार रुपये लगाया जुर्माना

## करनैलगंज क्षेत्र में खनन के खिलाफ हुई कार्यवाही

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचारः** जनपद में अवैध खनन की घटनाओं और शिकायतों को ध्यान में रखते हुए खनन विभाग ने कार्यवाही तेज कर दी है। गुरुवार की रात करनैलगंज क्षेत्र में अवैध खनन में इस्तेमाल किए जा रहे एक डम्पर समेत 03 ट्रकों को पकड़ा गया। इनमें अवैध रूप से मिट्टी, सैण्ड स्टोन और गिट्टी का परिवहन करने की पुष्टि हुई है।

वाहनों को कोतवाली करनैलगंज की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। वहीं, 96 हजार 02 सौ का ऑनलाइन चालान भी किया गया। खान अधिकारी डॉ. अभय रंजन ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गुरुवार रात को करनैलगंज क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक डम्पर (यूपी 41 एटी 5362) की जांच की गई। जिसमें लगभग 09 घनमीटर साधारण मिट्टी लोड पाई गई। इस साथ ही 14 चक्का एक ट्रक (यूपी 70 एफटी 3700) को भी निरीक्षण के दौरान पकड़ा गया। इसमें, लगभग 40 घनमीटर सैण्ड स्टोर, गिट्टी पाई गई। इनका बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन किया जा रहा था। दोनों वाहनों को कोतवाली करनैलगंज की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

### रेलवे की जमीन पर खनन कार्य बंद कराया

करनैलगंज से करीब 05 किलोमीटर दूर करनैलगंज-परसपुर मार्ग पर प्रवर्तन के दौरान टीम को दो 14 चक्का ट्रक में लगभग 35 घनमीटर सैण्ड स्टोन, गिट्टी बरामद की। जिसका 96,200 रुपये का ऑनलाइन चालान किया गया। खान अधिकारी डॉ. अभय रंजन ने बताया कि एक अन्य कार्यवाही में रात करीब 12.30 बजे उनकी टीम ने करनैलगंज रेलवे स्टेशन के पास मिट्टी पटाई में प्रयुक्त एक डम्पर (खाली) की जांच की गई। चालक द्वारा कार्यालय उप मुख्य इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे गोण्डा द्वारा जारी किया गया पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें मिट्टी रेलवे भूमि से लेकर रेलवे कार्य के लिए करनैलगंज में ले जाना अंकित किया गया है। खान अधिकारी और उनकी टीम ने चालक के साथ खनन स्थल का निरीक्षण किया, जिसमें रेलवे लाइन के पास मिट्टी खनन स्थल दिखाया गया। खान अधिकारी ने बताया कि मौके पर काम रुकवा दिया गया है। खनन स्थल की पुष्टि तहसील से करायी जाएगी।

## विनोद सिंह स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर से सम्मानित

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर तैनात रहे मुख्य वाणिज्य लिपिक को लखनऊ में सम्मानित किया गया है। साथियों ने सम्मानित होने पर बधाई दी साथ ही उनकी सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर तैनात मुख्य वाणिज्य लिपिक विनोद सिंह को बृहस्पतिवार की शाम लखनऊ के अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित समारोह में रेलवे विभाग ने स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित किया। उनके कटरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर कर्मचारियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उनको यह सम्मान बीते दो महीनों में रेल महकमा के वाणिज्य विभाग ने चलाई आस्था स्पेशल ट्रेन के आवागमन में कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर विशेष सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन के बाद आसाम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, सिक्किम, समेत बिहार से सैकड़ों श्रद्धालुओं को लेकर आस्था स्पेशल का आवागमन कटरा रेलवे स्टेशन पर हुआ था। लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार ने सम्मानित किया है।

# 12 घरों में लगी आग दो मवेशियों की मौत

**मसकनवा, अमृत विचारः** आग से दर्जनभर फूस के घर और लाखों की गृहस्थी राख हो गई। घटना में दो मवेशियों की मौत हो गई व दो झुलस गये। ग्राम पंचायत मोकलपुर के मजरा मधुपुर चिरैया में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से फूस के घर में आग लगी। आग ने एक दर्जन घरों को चपेट में ले लिया। आग से सुरेंद्र कुमार, रामविलास, राम विचारे, सुरेमान, शिव प्रसाद आदि के घर जल गये।

अग्निकांड में दो मवेशियों की मौत हो गई जबकि, दो झुलस गए। क्षेत्रीय लेखपाल साधु शरण ने मौके पर पहुंच नुकसान का आकलन किया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आकलन कर तहसील प्रशासन को भेजा जा रहा है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के चंदापुर ओझा पुरवा में शुक्रवार दोपहर को रामबालक ओझा के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से गाय झुलस कर घायल हो गयी, जबकि भूसा व अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुँचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू किया। पीड़ित रामबालक ओझा ने बताया कि वे गांव के किनारे टीनशेड व छप्पर रखकर मवेशियों को बांधते हैं दोपहर को अचानक लपटें देख वे सकते में आ गये मवेशियों को बचाने दौड़े तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया उन्होंने किसी तरह से उन्हें बाहर किया इस दौरान एक गाय झुलस कर घायल हो गयी। तेज हवा से आग के फैलने से घबराए ग्रामीण आग बुझाने में लग गए। प्रधान प्रतिनिधि सुशील सिंह की सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों संग मिलकर आग को काबू किया। लेखपाल हीरामणि मिश्र ने बताया कि 50 हजार रुपये क्षति का आकलन किया है। रिपोर्ट भेजकर अहेतुक सहायता दिलाई जाएगी।


(खा.ग्रा. आयोग से प्रमाणित)

**क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम, सुभाषनगर गोण्डा**

**निविदा सूचना**

खादी ग्रामोद्योग आयोग (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय भारत सरकार) की विपणन अवसंरचना के लिए सहायता योजना के अन्तंगत क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम सुभाषनगर गोण्डा के निम्नलिखित खादी भण्डार के नवीनीकरण / सुसज्जिकरण हेतु सरकार द्वारा पजीकृत फर्म/ठेकेदार से सीलबंद लिफाफे में निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | स्थान | संभावित धनराशि | ई0एम0डी0 | निविदा जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गाँधी आश्रम चौक बाजार, गोण्डा | 9.50 लाख | निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्रापट | विज्ञापन की तिथि से 21 दिन तक |
| 2. | श्री गांधी आश्रम नरायन मार्केट बलरामपुर | 9.00 लाख | निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्राफ्ट | विज्ञापन की तिथि से 21 दिन तक |

इच्छुक फर्म/ठेकेदार उपरोक्त कार्य हेतु इस अवधि में निविदा फार्म रू0 500.00 का ड्राफ्ट/नगद संस्था में प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक जमा कराकर प्राप्त कर सकते है। निविदा कार्यालय के पते पर दस्ती अथवा डाक द्वारा सीलबंद लिफाफे में जमा कराई जा सकती है। निविदा के साथ 2% की जमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो संस्था क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम सुभाषनगर, गोण्डा के पक्ष जारी हो जमा कराना आवश्यक है। निविदाए 21वें दिन सायं 03.00 बजे खोली जाएगी सशर्त व नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा। समस्त अथवा किसी भी निविदा को पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार संस्था के मंत्री का होगा।

**बालकेश्वर मिश्र**
**क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम, गोण्डा**
**मो.न.– 9415664762**





# समारोहपूर्वक मनाया अंक पत्र वितरण कार्यक्रम

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचारः** उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवापदुम में अंकपत्र व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल व अंकपत्र देकर सम्मानित किया गया।

पयागपुर विकास खंड अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा पदुम में मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों में निपुण बच्चों को तथा कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को शील्ड व अंकपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका प्रीति मिश्रा ने विद्यालय में नियमित यूनिफॉर्म पहन कर आने वाले बच्चों को जमेट्री बॉक्स,कॉपी व स्टेशनरी की सामग्री देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार द्वारा नियमित विद्यालय आने वाले बच्चों के अभिभावकों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी पवन कुमार शुक्ला,राजेश कुमार मिश्रा,शिक्षक अंकित पांडे, अनुचर अयोध्या प्रसाद मिश्रा,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश राव, एसएमसी अध्यक्ष पवन कुमार, सदस्य फूलचंद, उदयराज, अनूप, पिंकू देवी, पूजा, गीता, निधि मिश्रा सरस्वती देवी और सम्मानित अभिभावकगण उपस्थित रहे।


पयागपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित छात्र। अमृत विचार

# फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता मिला। कोतवाली नगर पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ पहुंच कर शव को फंदे से उतरवाया। इसके बाद उसे मर्च्युरी में रखवा दिया है।

रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज बाजार निवासी विनीता का विवाह एक वर्ष पूर्व कोतवाली नगर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी अक्षय सैनी के साथ हुआ था। गुरुवार रात को महिला ने अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह महिला के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के लोगों ने खिड़की से देखा, महिला का शव फंदे से लटक रहा था। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वीडियो ग्राफी के साथ शव को फंदे से नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चुरी में रखवा दिया है।


महिला की मौत के बाद गमगीन परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**बहराइच,अमृत विचारः** कोतवाली देहात के बंजारी मोड़ निवासी पप्पू पुत्र शुभान गर्मी अधिक होने पर शेखदहीर में स्थित तालाब में गुरुवार को स्नान करने के लिए गया था। स्नान करते समय वह तालाब के पानी में डूब गया। देर शाम को तालाब से किशोर को निकाल कर परिवार के लोग जिला अस्पताल लाए। यहां पर डॉक्टर मनोज चौधरी ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। इसके बाद परिवार के लोग शव लेकर घर चले गए हैं। अंतिम संस्कार परिवार के लोगों ने कर दिया है।

# 4 मकानों में लगी आग, बुझाने के प्रयास में मां-बेटी झुलसीं

## ग्राम पंचायत कोड़रीताल गांव में हुई घटना

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत कोड़रीताल गांव में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें चार मकान जलकर राख हो गए। आग बुझाने के चक्कर में मां बेटी झुलसकर घायल हुई हैं। लाखों का नुकसान आग लगने से हुआ है। राजस्व कर्मियों की टीम ने गांव में क्षति का आंकलन किया है।

पयागपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़रीताल के मजरा खंडवा में गुरुवार रात को अज्ञात कारणों से सहजराम के मकान में आग लग गई। जब तक गांव के लोग आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक लपटों ने पड़ोसी मुल्कराम, अंगनू और सुनीता के मकान को आगोश में ले लिया। देखते ही देखते चार फूस के मकान जलकर खाक हो गए। मकान से सामान निकालने के चक्कर में कुसुम (25) पत्नी सहजराम और रामकली (55) बुरी तरह झुलस गई। दोनों महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में महिलाओं का इलाज चल रहा है। आग लगने से ढाई लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। जिसमें कपड़ा, बर्तन, अनाज और नकदी जल गया। शुक्रवार सुबह आग लगने की जानकारी मिलने पर लेखपाल ने गांव पहुंचकर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि क्षति के आधार पर पीड़ितों के खाते में जल्द ही आर्थिक सहायता राशि भेज दी जाएगी।


जिला अस्पताल में भर्ती महिला।

# सड़क हादसों में ग्रामीण की मौत, किशोरी समेत दो घायल

**रिसिया, बहराइच**

**अमृत विचारः** नानपारा बहराइच मार्ग पर रिसिया मोड़ के पास गुरुवार रात को बाइक सवार ग्रामीण की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसरगंज में बाइक सवार किशोरी और युवक घायल हो गए।

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकी निवासी जगदीश (50) गुरुवार को बाइक से रिश्तेदारी में बहन के यहां राम गांव थाना क्षेत्र के तुलसीपुर में गए थे। रात को वह बाइक से पुनः अपने घर वापस जा रहे थे। रात नौ बजे के आसपास नानपारा बहराइच मार्ग पर रिसिया मोड़ के पास बाइक सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के छोटे भाई चंदा ने बताया कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। जबकि पुलिस का कहना है कि सांड के हमले में ग्रामीण की मौत हो गई है। उधर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बहराइच मार्ग पर बाइक सवार को वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बालिका और युवक घायल हुए हैं। बालिका रानीगंज की निवासी है।


मौत के बाद गमगीन परिवार के लोग।

# डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर आंत को किया अंदर

**बहराइच**

**अमृत विचारः** श्रावस्ती जिले इटवरिया गांव निवासी एक युवक को सब्जी मंडी के निकट बात करने के दौरान दूसरे युवक ने पेट में चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक की आंत बाहर आ गई। बहराइच मेडिकल कॉलेज में आपरेशन कर डॉक्टरों ने आंत अंदर कर उसे लखनऊ रेफर कर दिया है।

श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम इटवरिया निवासी सुशील अवस्थी (38) से गुरुवार शाम सात बजे दिलीप का बेटा बात कर रहा था। बात करते समय सुशील को दिलीप के बेटे ने सब्जी मंडी से कुछ दूर ले गया। इसके बाद उसने चाकू से पेट में हमला कर दिया। हमले में युवक के पेट से आंत बाहर आ गई और खून गिरने लगा। घटना से सब्जी मंडी में भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों की मदद से संयुक्त जिला अस्पताल श्रावस्ती में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर सुशील को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। यहां पर डॉक्टर सर्जन देवेश राय, डॉक्टर धर्मेंद्र त्रिपाठी, स्टॉफ नर्स सुधा पाठक की टीम ने इमरजेंसी ओटी में आपरेशन कर पेट से बाहर निकले आंत को अंदर किया। इसके बाद उसका प्राथमिक इलाज किया। रक्तस्राव बंद होने पर युवक को रात 12 बजे लखनऊ रेफर कर दिया गया। घायल के भाई प्रसन्न जीत अवस्थी ने बताया कि धोखे से वार किया है। पहले बात किया, इसके बाद चाकू से हमला कर दिया।


मेडिकल कॉलेज बहराइच में घायल का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

## खराब पड़े हैंडपंप पेयजल के लिए लोग परेशान

**बाबागंज, बहराइच :** भीषण गर्मी में बिगड़े पड़े इंडिया मार्का नलो के चलते आम लोगों को पेयजल की भारी किल्लत उठानी पड़ रही है। ब्लाक नवाबगंज में ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत चौगोई बिलासपुर, महागांव तथा सिपाही लाल पुरवा ग्राम पंचायत सचिव की उदासीनता से अधिकतर इंडिया मार्का नल खराब पड़े हैं। लोग निजी हैंडपंप का सहारा लेने को मजबूर हैं। तराई में चैत्र की तपन के कारण लोगों के हलक सूख रहे हैं। महागांव में छः नल खराब ए है। संदीप, सन्तोष सोनकर ने बताया कि पेयजल की व्यवस्था न होने ने लोगो को निजी नलों का प्रदूषित पानी पीने हेतु विबश होना पड़ रहा है। बीडीओ नवाबगंज राहुल पांडे का कहना है कि खराब नलों को ठीक कराया जाएगा।


बाबागंज में खराब हैंडप्पंप।

# भिनगा में फ्लैग मार्च


कस्बा भिनगा में फ्लैग मार्च करते एसपी व पुलिस टीम। अमृत विचार

**श्रावस्ती**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव व अलविदा नमाज के दृष्टिगत जनपद में शांति कानून व्यवस्था के साथ-साथ भयमुक्त वातावरण बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कस्बा भिनगा में फ्लैग मार्च किया गया।

इस दौरान ईदगाह तिराहा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा शुक्रवार जुम्मा/अलविदा की नमाज के संबंध में की जाने वाली तैयारियों के संबंध में प्रभारी निरीक्षक से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद ईदगाह तिराहा से होते हुए सतीचौरा मोहल्ला, अस्पताल तिराहा, अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज, जामा मस्जिद, व्यास गद्दी, पुरानी बाजार आदि मोहल्ला/स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर जनमानस में सुरक्षा का एहसास दिलाया। साथ ही साथ समस्त थाना/चौकी प्रभारी अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जनपद में कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु कस्बा/क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर निरंतर पैदल गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा पिकेट ड्यूटी भी लगाई गई है। विशेष सतर्कता बरती जा रही है साथ ही साथ संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

# डीएम ने आपदा पीड़ितों को दी सहायता

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचारः** मानवता की सेवा में तत्पर रेडक्रॉस सोसायटी ने जनपद के अग्निकांड पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व में आपदा मित्र के दायित्व का निर्वहन कर रहे आपदा मित्र जीवनलाल की पत्नी पूनम देवी को भी सहायता प्रदान की गयी। इस अवसर पर रेडक्रॉस की अध्यक्ष/जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि तापमान बढ़ने के साथ ही जनपद में अग्निकांड की दुर्घटनायें बढ़ रही हैं ऐसे कुछ अग्निकांड पीड़ितों को आज रेडक्रॉस की ओर से सहायता दी जा रही है। आम जनमानस को भी अग्निकांड से बचने हेतु सजग रहने की जरूरत है। प्रशासन की ओर से भी जरूरी इंतजाम किए गये हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव/आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि जनपद में अग्निकांड पीड़ितों को तत्काल राहत सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है चूंकि अग्निकांड पीड़ितों के पास कुछ भी गृहस्थी का सामान नही बचता इसलिए रेडक्रॉस की ओर से सभी पीड़ितों को एक सेट किचेन सेट, एक 8'6 मी का तिरपाल, एक कंबल व एक हायजीन किट प्रदान की गयी है जिससे इनका जीवन सामान्य होने में मदद मिल सकेंगी। जयपत्तरपुरवा के अग्निकांड पीड़ित शकुन्तला, बाउर, कमला और कन्हई को राहत सामग्री दी गयी। अग्निपीड़ित दिव्यांग बाउर की दयनीय स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र निर्देशित कर तत्काल ट्राईसाईकिल भी प्रदान की। इस अवसर पर सहारनपुर के आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र, लेखपाल धीरेन्द्र पाठक समेत अन्य रेडक्रॉस पदाधिकारी उपस्थित रहे।



राहत सामग्री वितरित करतीं जिलाधिकारी व रेडक्रॉस सोसायटी की टीम।

## दोषी को तीन वर्ष की कैद व 14,500 का अर्थदण्ड

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** न्यायालय एससी/एसटी ने राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला पुत्र अमर नाथ शुक्ला निवासी कमोलिया थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को, वादिनी को मारना-पीटना,घमकी देना,पकड़ लेना व जाति सूचक गाली देने का दोषी पाते हुए तीन वर्ष का कठोर कारावास व 14,500 के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करें अभियंतागणः जिलाधिकारी

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विद्युत विभाग की समस्याओं तथा विद्युत आपूर्ति में सुधार हेतु कराये जा रहे कार्यो की तैयारी बैठक जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत वितरण की स्थिति, अवैध कनेक्शन, विद्युत चोरी, ट्रांसफार्मर की स्थिति, विद्युत पोल एवं विद्युत लाईन की स्थिति आदि की जानकारी ली। उन्होने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति सुधार कर पटरी पर लाएं। उन्होने कहा कि सभी अधिकारीगण क्षेत्र में भ्रमण कर उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनें और उनके निस्तारण की कार्यवाही करें। रोस्टर के मुताबिक विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बिजली की बार-बार कटौती का लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाए, और बार-बार बिजली कटौती रोकने के लिए कारगर कदम उठाये जाएं, ताकि जनपद के उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न होने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्युत बिल वसूली के लिए सम्बन्धित तहसीलों से सम्बन्धित सहायक अभियंता एवं उपखण्ड अधिकारियों द्वारा समन्वय स्थापित कर वसूली की कार्यवाही में तेजी लायी जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत दिलीप कुमार ने कहा कि विद्युत कन्ट्रोलरूम के नम्बर-7380338988 द्वारा लोग अपनी शिकायत दर्ज कराकर उसका निस्तारण करा सकते है। बैठक के दौरान विद्युत विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्युत विभाग के सहायक अभियंतागण, उप खण्ड अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3.1.(काव्यशास्त्र) मुग्धा नायिका के सात भेदों में एक भेद, अंकुरितयौवना 2. नवयुवती।

6. जैसे ही, यदि, यद्यपि।

8.1. वानप्रस्थ आश्रम में प्रविष्ट व्यक्ति 2. भागवत का एक स्कंध 3. कृष्ण यजुर्वेद की एक शाखा।

11. एक भाववाचक प्रत्यय जो विशेषण और संज्ञा के अंत में लगता है जैसे- सुंदर+ता = सुंदरता।

**ऊपर से नीचे**

1. मतभेद, मतभिन्नता।

2.1. लत, स्वभाव 2. आदत।

4.1. नगरवासी, नागरिक 2. चतुर, शिष्ट,सभ्य 3. गुजराती ब्राह्मणों में एक कुलनाम या सरनेम 4. नागरी लिपि का कोई अक्षर 5. एक प्रकार का गृहयुद्ध।

5. आंखों के अंदर का वह अवयव जिसपर दृष्टि-बिंब बनते हैं, आंख के अंदर एक प्रकाश-संवेदी ऊतक पर्त,दृष्टि पटल।

7.1. गुज़र, निर्वाह 2. जीवनयापन।

9.1. स्तंभ, खंभा 2. चिट्ठी रखने का लिफ़ाफ़ा 3. संधि, जोड़ 4. जोड़ पर लगाया जाने वाला टांका।

10.1. व्यक्तियों की पंक्तियां



### वर्ग पहेली -30 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पी | ■ | ■ | 2 जे | ■ | 3 बे | ■ |
| 4 प | टा | प | टी | ■ | हा | ■ |
| ल | ■ | ■ | ■ | 5 व | ल | न |
| ■ | 6 अ | नु | मे | य | ■ | ■ |
| ■ | भि | ■ | ■ | 7 सं | गि | नी |
| ■ | ष | ■ | ■ | धि | ■ | ■ |
| 8 दे | व | भा | षा | ■ | 9 जा | नौं |

## सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

### सुडोकू -109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 22.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** - आज गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य शुरु होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए।

**वृष** - आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें,लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है।

**कर्क** - आज आपको इच्छित जगह पर स्थानांतरण भी मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के परामर्श लेना हितकर होगा।

**सिंह** - आज विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां होगी।

**कन्या** - आज सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है। प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता होगी।

**तुला** - आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर रहेंगे। घर की साफ-सफाई में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**वृश्चिक** - आज आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारों से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है।

**धनु** - आज परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। उपयोगी मशीनों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। छोटी सी त्रुटि के कारण काम रुक सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**मकर** - आज शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कुंभ** - आज प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। अनावश्यक विषयों पर चर्चा करने से बचें। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

**मीन** - आज गुमी वस्तु आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 15.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
क्यों कि... सुबह : 10.50
घातक रात : 07.01

SONY MAX
फिरंगी सुबह : 10.00
लूसिफर रात : 08.30

SONY PIX
जर्नी 2 सुबह : 10.52
जस्टिस लीग रात : 08.50

ZEE CINEMA
शादी में जरूर आना सुबह : 11.00
हम साथ साथ हैं रात : 07.00

colors CINEPLEX
कालिया सुबह : 11.16
भेड़िया शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी



## 26वां रोजा

**शिया**
सहरी : 04.16 बजे
इफ्तार : 06.35 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .30 बजे
इफ्तार :06.24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# देश की खुशहाली, शांति, एकता और भाईचारे की मांगी दुआ



दरगाह में अलविदा की नमाज पढ़ते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को अलविदा की नमाज पर हजारों हाथ देश की एकता और भाईचारे के लिए उठे। मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज पढ़कर अल्लाह से दुआ मांगी। वहीं सुरक्षा को देखते हुए सभी मस्जिद के बाहर दो से पांच की संख्या में पुलिस तैनात रही।

रमजान के अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज मुस्लिम समाज के लोगों ने पढ़ा। बड़े से लेकर बच्चे और युवाओं ने क्षेत्र के मस्जिद में पहुंच कर अल्लाह से इबादत की। अलविदा की नमाज को लेकर जिले के मस्जिदों में काफी भीड़ रही। मुस्लिम समाज के लोगों ने देश की समृद्धि, खुशहाली, शांति, एकता और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। साथ ही सभी ने आपसी भेदभाव मिटाकर मिलकर चलने के लिए संकल्प लिया। दरगाह में स्थित मस्जिद के मौलाना अब्दुल कादरी ने अलविदा की नमाज पढ़वाई। उन्होंने लोगों को अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह जिले के नानपारा, कैसरगंज, मोतीपुर मिहीपुरवा, पयागपुर, विशेश्वरगंज, जरवल, जरवल रोड, नवाबगंज, उर्रा, शिवपुर, खैरीघाट, इमामगंज, बाबागंज और रूपईडीहा में स्थित मस्जिदों में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने अलविदा की नमाज पढ़ी। अलविदा की नमाज को लेकर मस्जिदों में काफी भीड़ रही।

### सुरक्षा में तैनात रही पुलिस

जिले के मस्जिदों में अलविदा की नमाज को लेकर शुक्रवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। मस्जिद के बाहर दो से पांच की संख्या में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद रही शहर के पुलिस लाइन दरगाह समेत अन्य मस्जिदों में पुलिस की काफी सुरक्षा दिखी।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के गुलरा टेपरा गांव में एक सप्ताह पूर्व हुई मारपीट में घायल युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस ममाले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को जेल भेज दिया था। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंटहा के मजरा गुलरा टेपरा में एक हफ्ते पहले मारपीट हो गई थी। गांव निवासी संजय और रामफल ने मारपीट कर माहिल पुत्र कंधई गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज जिला अस्पताल में चला, लेकिन हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। मारपीट में घायल युवक की गुरुवार रात में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि तहरीर मिलते ही नानपारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रामफल, संजय, नान्हू, खूंटे को जेल भेज दिया था। लेकिन मौत होने पर अब पुलिस गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाने की बात कह रही है।

## एक नजर

### 13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बहराइच :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दिये जाने के कारण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित तिथि 11 मई के स्थान पर अब 13 जुलाई को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। सचिव ने वादकारीगण व अधिवक्ताओं से अपेक्षा की है कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।

### स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच :** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने जांच के दौरान एक तस्कर को स्मैक के साथ पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के उप निरीक्षक विजय कुमार की अगुवाई में पुलिस बल व एसएसबी द्वारा शुक्रवार को 14.10 बजे भारत नेपाल बार्डर पीलर संख्या 651/11 से अभियुक्त लवकुश खटीक पुत्र चेतराम खटिक निवासी लालापुरवा उदयपुर वार्ड न .13 थाना तेलियनपुर जिला बांके राष्ट्र नेपाल को 31.50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### चार जुआरी गिरफ्तार

**नानपारा, बहराइच :** प्रभारी निरीक्षक नानपारा राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित द्वारा शुक्रवार को जुआ खेलते हुए 4 अभियुक्तों को गांधी पार्क नानपारा से गिरफ्तार किया गया। कोतवाल ने बताया कि जीशान उर्फ जिस्सू पुत्र नफीस निवासी कवाबची गली, मोईन पुत्र रमजान निवासी पसियारन टोला, सोनू पुत्र मोहम्मद हसन कुरैसी निवासी पसियारन टोला और मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद उमर निवासी पमियारन टोला नानपारा को पकड़ा गया। इनके पास से 1054 रुपए और तास के पत्ते भी बरामद हुए।

# वॉल फाउंटेन से स्वच्छ दिख रहा बहराइच

## 10 लाख की लागत से मिला अंतिम स्वरूप, निरीक्षण भवन गेट पर बनवाया गया फाउंटेन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के सिविल लाइन में स्थित निरीक्षण भवन के दोनों तरफ वाल फाउंटेन बनवाया गया है। इससे स्वच्छ बहराइच की झलक दूर से ही दिख रही है। लगभग दो माह से चल रहा कार्य पूरा हो गया है। भवन की दीवार काफी सुंदर दिख रही है।

नगर पालिका परिषद बहराइच के सिविल लाइन में महिला डिग्री कॉलेज के सामने लोक निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन स्थित है। यहां पर हमेशा वीवीआईपी का मूवमेंट रहता है। इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी की देखरेख में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा देवी और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने वाल फाउंटेन का निर्माण करवाया है। ईओ ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से इसका निर्माण कराया गया है। लगभग ढाई माह पहले से चल रहा कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि रंग बिरंगी वाल फाउंटेन शहर के साथ दूसरे जनपद से आने वाले लोगों के लिए स्वच्छता और सुंदरता का केंद्र बना है। उन्होंने बताया कि वाल फाउंटेन निर्माण से जिले को एक अलग पहचान मिली है। अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि निरीक्षण भवन के दोनों तरफ वाल फाउंटेन का निर्माण हुआ है। लाल, नीला और हरे कलर में इसकी छटा लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



शहर में बनाया गया वॉल फाउंटेन। अमृत विचार

### जन प्रतिनिधि भी करेंगे तारीफ

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जो भी कार्य हुआ है। उसकी तारीफ जन प्रतिनिधि भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निरीक्षण भवन में ज्यादातर वीआईपी लोगों का ही आवागमन रहता है।



### अलग-अलग रंगो में जलती है लाइट

लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के दोनों गेट पर वाल फाउंटेन का निर्माण कराया गया है। इसे लखनऊ से आए पत्थरों से संवारा गया है। प्रकाश से वाल को सजाया गया है। प्रकाश जलते ही वाल फाउंटेन भी अलग अलग रंगों में जलती है। जिससे वाल फाउंटेन की सुंदरता बढ़ जाती है।

-प्रमिता सिंह, ईओ

# अनीता बनीं मिस फेयरवेल और मानस को मिस्टर का मिला खिताब



मिस फेयरवेल अनीता के साथ छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

जरवल, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के जरवल ब्लॉक में पीएमश्री विद्यालय भौली में वार्षिक परीक्षा के टॉपर छात्रों को सम्मान के साथ सीनियर बैच को जूनियर छात्रों ने विदाई दी। विदाई समारोह में छात्रा अनीता मिस फेयरवेल तो मानस को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। वहीं गेम्स में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मो. मुजम्मिल ने कहा कि मेहनत व लगन से ही जीवन मे लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षिका अर्चना पांडेय द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम सुनाया गया, जिसमे आठवीं के छात्र रहे अमन प्रथम, रोशनी वर्मा द्वितीय तथा क्षमा मिश्रा तृतीय रहे, जबकि अनुशासित छात्रा के रूप में मुन्नी पाठक को चुना गया। इसके अलावा सातवीं में राधिका वर्मा तथा छठवीं में दिव्यांशी सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अव्वल आये। सभी मेधावियों को अंकपत्र, शील्ड, व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के शिक्षक नरोत्तम सेंगर ने टॉपर छात्रों की माताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की सफलता में बच्चों के माता पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। बच्चों ने केक काटकर सहपाठियों के साथ गानों पर डांस कर धमाल मचाया। विदाई के वक्त छात्र शिक्षकों से गले मिलकर भावुक हो गये। विद्यालय की ओर से छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ आगे पढ़ाई जारी रखने की नसीहत दी गयी। इस अवसर पर छात्रों के अभिभावकगण मौजूद रहे।

### युवती को बरामद कर आरोपी को भेजा जेल

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार:** रिसिया थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती को गुरुवार को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने 24 घंटे में दोनों को बरामद कर किया। रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को एक युवक गुरुवार को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सुजौली क्षेत्र से युवती और अभियुक्त दिनेश पुत्र अमरनाथ निवासी मंगलपुरवा चहलवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार, विजय कुमार, महिला सिपाही दिव्या गुप्ता शामिल रहीं।

# मोदी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर लोकसभा बहराइच में तैयारी के निमित्त लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे की अध्यक्षता में हुई।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा रहे। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों का कार्यकर्ताओं को चुनावी जिम्मेदारियां करते हुए चुनाव में जितने का आवाहन किया और कहा कि जिस तरह से आज जनता मोदी की गारंटी पर विश्वास करते करते हुए दूसरी बार 400 पार के नारे के साथ मोदी सरकार बनना चाहती है। उसका बहराइच के कार्यकर्ता भी पिछली बार के समस्त रिकार्ड को तोड़ते हुए अत्यधिक मतदान करते हुए पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड़ को सांसद के रूप में दिल्ली भेज कर मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करे। विशिष्ट अतिथि जिला प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री कैप्टन विकास सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर वर्तमान जिला अध्यक्ष व लोकसभा सह प्रभारी श्यामकरन टेकड़ीवाल, लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर आनन्द गोंड, लोक सभा प्रभारी सुनील वर्मा, लोक सभा संयोजक डॉक्टर जितेंन्द्र त्रिपाठी, सह संयोजक योगेश प्रताप सिंह, लोक सभा विस्तारक सुरेन्द त्रिवेदी, सांसद अक्षयवर लाल गोंड़, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक बलहा सरोज सोनकर, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी, क्षेत्रीय मीडिया प्रमुख मनोज त्रिवेदी, प्रमुख में अजीत प्रताप सिंह, जयप्रकाश सिंह, सुधीर यज्ञ सैनी, अभिषेक वर्मा, विपेंद्र प्रताप वर्मा, संदीप सिंह विसेन, विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रवासी, मंडल प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह, राहुल राय, सुषमा चौधरी, उमाशंकर तिवारी, जिला मंत्री हेमा निगम, बीरचंद वर्मा, धीरेंद्र मोहन आर्य, सुनील श्रीवास्तव, नगर मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, अजय प्रताप सिंह, सुदामा मिश्रा, मनदीप वालिया, डॉक्टर अनीता जयसवाल आदि उपस्थित रहे।




भाजपा कार्यालय में मुख्य अतिथि का स्वागत करते विधायक।

## सार-संक्षेप

### रोजा इफ्तार में शामिल हुए सैकड़ों लोग



रोजा इफ्तार में शामिल सैकड़ों लोग। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच,अमृत विचार :** क्षेत्र में रमजान माह के पवित्र महीने में रोजेदारों का सामूहिक इफ्तार पार्टी का दौर जारी है। जरवलरोड स्थित गल्ला मंडी में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जरवलरोड बाजार के गल्ला मंडी में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक गुडान सोनू, मोहम्मद कैफ, निहाल और मेराज द्वारा किया गया। गुडान ने बताया कि रमजान पाक एवं मुबारक महीना है। इस इफ्तार पार्टी में जमील अंसारी, निजामुद्दीन सिद्दीकी, फंटू अंसारी, हाजी नसर, नदीम आवेश, अरमान, इससादुल, साहिल, राजू नियाज, अमन, अरमान, सोहेल, शाहिद, नूर मोहम्मद, लाल मोहम्मद, गब्बर, साहिल गब्बर साहिल, अकील सलीम, सरताज, नूर आलम, शकील अहमद समेत अन्य मौजूद रहे।

### जाति के आधार पर प्रचार करने पर होगी कार्रवाई

**बहराइच,अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के साधारण आचरण के संबंध में जारी की गयी आदर्श आचार संहिता में निर्देश दिया गया है कि किसी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिये, जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों को बढ़ाये या घृणा की भावना उत्पन्न करें। आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार जब अन्य राजनैतिक दलों की आलोचना की जाए, तो वह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, पूर्व रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए। यह भी आवश्यक है कि व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी चाहिये, जिनका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो। दलों या उनके कार्यकर्ताओं के बारे में कोई ऐसी आलोचना नहीं की जानी चाहिये, जो ऐसे आरोपों पर जिनकी सत्यता स्थापित न हुई हो। मस्जिदों, गिरजाघरों, मन्दिरों या पूजा के अन्य स्थानों का निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिये। सभी दलों और अभ्यर्थियों को ऐसे सभी कार्यो से ईमानदारी के साथ बचना चाहिये, जो निर्वाचन विधि के अधीन 'भ्रष्ट आचरण' और अपराध हैं जैसे कि मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना/धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर मत याचना करना, मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय को खत्म होने वाली 48 घंटे की अवधि के भीतर सार्वजनिक सभाएं करना और मतदाताओं को वाहन से मतदान केन्द्रों तक ले जाना और वहं से वापस लाना।

### सोशल मीडिया टीम की बैठक आयोजित

**बहराइच,अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता के अध्यक्षता में सोशल मीडिया की बैठक 10 अप्रैल को आयोजित होने वाले वालेंटियर सम्मेलन के निमित्त आहूत की गई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडे रहे। उन्होनें ने कहा कि सभी पदाधिकारी से अपेक्षा है कि सोशल मीडिया द्वारा जारी लिंक पर सभी शिक्षण संस्थानों से अधिकतम रजिस्ट्रेशन करने का कार्य किया जाए जिससे कार्यक्रम सफल हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया द्वारा पार्टी के लाभकारी विकास योजनाएं जो जन - जन तक पहुंच रही है जनता को उसके प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। सोशल मीडिया द्वारा आज सम्पूर्ण देश में लोगों से समर्थन जन समर्थन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है बैठक में सरदार मनदीप सिंह वालिया मीडिया प्रवक्ता, धीरेन्द्र मोहन आर्य जिला महामंत्री जिला सहसंयोजक अलकक्षेन्द्र सिंह विधानसभा संयोजक मंडल संयोजक उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**पयागपुर, बहराइच,अमृत विचार :** पयागपुर पुलिस ने टेड़ी पुल के निकट से शुक्रवार को चोरी की चार बाइक बरामद की। जबकि बाइक चोरी करने वाले तीन चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द प्रसाद कुशवाहा व पुलिस क्षेत्राधिकारी हीरालाल कन्नौजिया निर्देशन में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने पुलिस टीम गठित कर निरंतर जांच के निर्देश दिए हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम लकड़िया नदी टेड़ी पुल से तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इरफान पुत्र ननके सांई निवासी ग्राम सांईन टेपरा कुड़वा सादियाबाद थाना रानीपुर, निसार उर्फ कोइली पुत्र ताहिर निवासी ऐलिहा और तुलसीराम उर्फ सूरज उर्फ गोमती पुत्र जगराम मौर्या निवासी ग्राम पुरवा सादियाबाद थाना रानीपुर सुबह 06.35 बजे सुबह 04 चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरामद बाइक को सीज कर दिया गया है। जबकि चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। टीम ने उप निरीक्षक विजय चौधरी, धात्री शंकर सहाय, सिपाही रविशंकर यादव, रंजीत वर्मा, आशीष चौहान और शैलेन्द्र यादव शामिल रहे।

# एक माह में कमियों को दूर करें थानाध्यक्ष

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने शुक्रवार को दरगाह थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेख में कुछ कमियां मिली। जिसे एक माह में दूर करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने थाना दरगाह शरीफ का वार्षिक निरीक्षण किया। थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर सहित थाना कार्यालय आदि का निरीक्षण करते हुए महिला हेल्प डेस्क पर सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया। साथ ही महिला आगंतुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यालय में अभिलेखों के अवलोकन में काफी कमियां पायी गई जिनकी 01माह की भीतर पूर्ति कराए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक एवं हेड मोहरिर को निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



दरगाह थाने का निरीक्षण करते एएसपी सिटी। अमृत विचार

# डीएम ने केस दर्ज करने के दिया निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कहराई निवासी एक ग्रामीण के फूस में अज्ञात कारणों से आग लग गई। मकान में सो रहा ग्रामीण झुलस गया। चार मवेशी भी झुलसकर घायल हुए है। वृद्ध के पुत्र ने गांव के पांच लोगों पर जमीनी रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। जिस पर शुक्रवार को सभी ने डीएम से शिकायत की।

कोतवाली कैसरगंज के ग्राम पंचायत कहराई निवासी रक्षाराम अपने फूस के मकान में बुधवार रात को सो रहे थे। मवेशियों के अहाते में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर रक्षाराम बुरी तरह झुलस गया। शोर सुनकर दौड़े परिवार के लोगों ने आग बुझाया। इसके बाद वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। रक्षाराम के पुत्र शिव गोविंद ने कोतवाली में तहरीर दी है। शिव गोविंद का कहना है कि पिता की गांव निवासी शिव नारायन, विष्णु प्रताप सिंह, राम कुमार, अरुण और रमेश प्रसाद से जमीनी विवाद चल रहा है। सभी ने पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। उसी नियत से रात में मवेशियों की रखवाली करते समय अहाते में आग लगा दी। जिसमें चार मवेशी भी झुलसकर घायल हो गए। अभी पुलिस ने मामले में कोई कार्यवाई नहीं की है। शुक्रवार को झुलसा ग्रामीण अपने पुत्र के साथ डीएम के यहां पहुंच व्यथा सुनाई। डीएम ने नाराजगी जताते हुए कोतवाल को केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।



डीएम को शिकायती पत्र देने आया घायल ग्रामीण। अमृत विचार

बैठक | जिलाधिकारी की देखरेख में चला प्रशिक्षण कार्यक्रम

# पोस्टल बैलेट व निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण-पत्र के लिए प्रशिक्षित हुए अधिकारी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में लोकसभा चुनाव में आवश्यक सेवाओं में लगे विभागों यथा पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, भारत संचार निगम लिमिटेड, भारतीय डाक सेवा, भारतीय रेल, परिवहन निगम तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्मिकों को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण बैठक हुई।

प्रशिक्षण बैठक को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कर्तव्योरूढ़ तथा आवश्यक सेवाओं में लगे विभागों के ऐसे कार्मिकों को ही उपलब्ध होगी जिनकी ड्यूटी उस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जहां के वह मतदाता है, जो भिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगी हो और दोनो निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तिथि एक हो। ऐसे कार्मिकों जिनकी ड्यूटी उसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगी है, जहां के वे मतदाता है तो उन्हे निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) निर्गत किया जायेगा। डीएम ने बताया कि मतदान हेतु नियुक्त किये जाने वालें सभी कार्मिकों को ड्यूटी आदेश से साथ प्रपत्र 12 एवं 12ए संलग्न कर अनिवार्य रूप से भेजा जायेगा तांकि वह द्वितीय प्रशिक्षण के समय फैसिलीटेशन सेन्टर पर नियमानुसार पोस्टल बैलेट से मतदान कर सके अथवा निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत जनपद में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-बहराइच में समाविष्ट बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच विधानसभा क्षेत्र में चतुर्थ चरण में 13 मई को तथा 57-कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट पयागपुर व कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र में पंचम चरण में 20 मई को मतदान सम्पन्न होना है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि निर्वाचन की अन्य ड्यूटी में तैनात ऐसे कार्मिक जो इस जनपद की किसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक हों, के प्रपत्र-12 मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण के समय स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परियोजना निदेशक डीआरडीए/प्रभारी अधिकारी (पोस्टल बैलेट) को उपलब्ध कराये जायेंगे। जिससे नियमानुसार पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान की जा सके। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रपत्र 12 अथवा प्रपत्र 12ए सुस्पष्ट रूप से भरते हुए उसमें निर्वाचक नामावली की भाग संख्या, निर्वाचक की क्रम संख्या तथा मतदाता पहचान पत्र (ईपिक) नम्बर का अंकन आवश्यक रूप से होना चाहिए। डीएम ने कि पोस्टल बैलेट तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) सुविधा के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्रवाई समयान्तर्गत करे। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सीके वर्मा ने डाक मतपत्र (पीबी) एवं निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र (ईडीसी) में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रपत्रों को भरने तथा पोस्टल बैलेट द्वारा मताधिकार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।



कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करतीं डीएम। अमृत विचार

पर्जन्यनाथा: पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा:।
पतयो बान्धवा: स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा:॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है, राजा के रक्षक उसके मंत्री, पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण (ज्ञानी पुरुष) होते हैं।

## संपादकीय

# मदरसा शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले को मदरसा बोर्ड के लिए एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा सकता है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद काफी विवाद हुआ था और इस मामले में उच्चतम न्यायालय का रुख किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। यूपी मदरसा बोर्ड की तरफ से अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज कई गुरुकुल भी प्रसिद्ध हैं, वे अच्छा काम कर रहे हैं तो क्या हमें उन्हें बंद कर देना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्देश प्रथम दृष्टया उचित नहीं था। उच्च न्यायालय ने 2004 अधिनियम के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है, क्योंकि यह धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं करता है और कानून का उद्देश्य और चरित्र नियामक प्रकृति का है। हाईकोर्ट के फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मदरसों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि शिक्षा की पश्चिमी शैली के वैकल्पिक मार्ग के रूप में धार्मिक मदरसों ने इस्लामी समाज की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस्लाम के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बचाव पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि मदरसे की यह व्यवस्था 120 साल से चली आ रही है, ऐसे में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यह निर्णय छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि धर्म का उलझाव अपने आप में संदिग्ध मुद्दा है, जिस पर विचार-विमर्श की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही कहा कि यदि इस निर्णय का उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाना था तो कानून को असंवैधानिक न घोषित करके कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए जा सकते थे। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के 25 हजार मदरसों के 17 लाख छात्रों को बड़ी राहत मिली है।

# कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी हैं एक साथ चुनाव कराने में



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

> भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा, इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है।

आम चुनाव-2024 की अधिसूचना जारी होने से ठीक दो दिन पहले 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। समिति की अनुशंसाओं में देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनाव (संभवतः 2029 में होने वाले अगले आम चुनाव) के साथ ही कराने की बात सर्वोपरि है। स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव पहली बार इस साझा चुनाव के 100 दिन के अंदर करा लेने और बाद में तीनों स्तरों के चुनाव एक साथ ही कराते रहने की अनुशंसा भी इसमें की गई है।

जाहिर है इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना होगा और कुछ का बढ़ाना होगा जिसके लिए बड़े पापड़ बेलने होंगे। उच्च स्तरीय समिति ने इसके लिए संविधान बदलने का सुझाव दिया है। उसकी सभी अनुशंसाओं को अमल में उतारने के लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन करने होंगे और इतने बड़े पैमाने की चुनावी कसरत से जुड़ी तकनीकी जरूरतें पूरी करने के लिए आठ हजार करोड़ रुपये भी खर्च करने होंगे, लेकिन समिति का कहना है कि देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए सरकारों में दूरदृष्टि पैदा करने के लिए और लगातार कहीं न कहीं होते रहने वाले चुनावों के भारी खर्चे से देश को बचाने के लिए यह सब जरूरी है।

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा, इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है। उसका कहना है कि अगले चुनाव में जाना पड़ ही गया तो जाएंगे, लेकिन वह सदन अपने पूरे कार्यकाल के लिए नहीं, बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुना जाएगा। यानी चौथे साल में लोकसभा भंग हो गई तो चुनाव की कसरत सिर्फ लोकसभा के लिए ही संपन्न की जाएगी, लेकिन नए सिरे से चुनी गई लोकसभा एक साल ही काम करके भंग हो जाएगी और उसे 'एक देश, एक चुनाव' के तहत जल्द ही दोबारा चुनकर आना होगा। सरकार की कोशिश इस उच्च स्तरीय समिति को पार्टी एजेंडा से ऊपर उठाकर प्रस्तुत करने की रही है। इसीलिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में कुल आठ सदस्यों की समिति गठित की गई तो लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी इसमें शामिल किया गया था, लेकिन चौधरी ने कुछ ही समय बाद यह कहते हुए इससे अपना नाम वापस ले लिया था कि समिति के लिए जो कार्यभार निर्धारित किया गया है, उसके सारे निष्कर्ष पहले से ही तय हैं, विचार-विमर्श की उसमें कोई गुंजाइश ही नहीं है। नतीजा यह रहा कि व्यवहार में उच्च स्तरीय समिति का स्वरूप पूरी तरह सरकारी हो गया और इसे बीजेपी की ही एक और पहल की तरह देखा जा रहा है।



अध्यक्ष रामनाथ कोविंद के अलावा समिति में शामिल बाकी नाम थे-गृहमंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, हाल तक वित्त आयोग के प्रमुख रहे एन. के. सिंह, फिलहाल अलग पार्टी चला रहे बीजेपी के करीबी और लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पूर्व सूचना आयुक्त संजय कोठारी, पूर्व संसदीय सचिव सुभाष सी. कश्यप और सत्तापक्ष से जुड़े हाई प्रोफाइल मुकदमे लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे। थोड़ा पहले जाकर देखें तो 'एक देश एक चुनाव' का मुद्दा बीजेपी की जन्मकुंडली में पड़े तीनों मुद्दों- संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर ही राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण के ठीक बाद आता रहा है। इसकी गिनती एक देश, एक निशान, एक विधान, एक प्रधान, एक इम्तहान, एक संस्कृति, एक बाजार, एक टैक्स, एक वगैरह की श्रेणी में होती रही है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की बात कही थी और 2016 में इस पर गठित विधि आयोग ने 2018 में अपनी अनुशंसाएं भी जमा कर दी थीं, लेकिन व्यापकता के ख्याल से इसे यहां तक लाया गया।

व्यापकता का हाल अभी कुल मिलाकर यह है कि उच्च स्तरीय समिति ने 47 पार्टियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने की जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है जिसमें 32 ने 'एक देश एक चुनाव' के पक्ष में और 15 ने इसके विरोध में अपनी राय दी है, लेकिन पार्टियों के नाम पर गौर करें तो ऐसा एक भी दल नहीं दिखता, जो राजनीतिक रूप से बीजेपी का विरोधी हो मगर उसकी राय इस मुद्दे पर सरकारी प्रस्ताव के साथ हो, जो पार्टियां अपनी किसी न किसी मजबूरी में बीजेपी के साथ हैं, वे इस मुद्दे पर भी उसके साथ हैं। बाकी का मानना है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय चुनाव पूरे देश में एक साथ कराना न सिर्फ क्षेत्रीय दलों और आकांक्षाओं के लिए हानिकर होगा, उन्हें अप्रासंगिक बना देगा, बल्कि भारत के विराट सांस्कृतिक वैविध्य पर भी यह एक दिन पाटा फेर देगा। इसके जवाब में सरकारी पक्ष का कहना है कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर बेकार का वितंडा खड़ा कर रहे हैं, क्योंकि 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था तो 1967 तक भारत में चल ही रही थी। सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव उस समय तक लोकसभा चुनाव के साथ ही होते थे और पंचायती राज वाली मौजूदा व्यवस्था तब तक बनी ही नहीं थी। वह तो 1967 में कई राज्यों में मिली-जुली कांग्रेस विरोधी सरकारें बनीं, जो जल्द ही कांग्रेस की कोशिशों के चलते ही गिर गईं और हर राज्य में अलग-अलग समयों पर विधानसभा चुनाव कराए जाने की परंपरा चल पड़ी।

जो भी हो, हकीकत फिलहाल यही है कि बीजेपी के अलावा देश में कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है जिसके पास एक साथ होने वाला देशव्यापी त्रि-स्तरीय चुनाव लड़ने लायक संसाधन और कार्यकर्ता मौजूद हों और बीजेपी ने भी यह ढांचा अपने दम पर नहीं खड़ा किया है। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सौ साल की लगातार कोशिशों से गांव-गांव, गली-गली में कार्यकर्ताओं का ढांचा तैयार किया है। बाकी पार्टियों का जमीनी ढांचा चुनाव के समय ही नजर आता है, वह भी तब जब वे सरकार में हों या सरकार बनाने की नजदीकी होड़ में शामिल हों। इस व्यावहारिक समस्या को और इससे जुड़े एकदलीय-एक सांस्कृतिक शिकंजे के खतरे को एक तरफ रख दें तो सारे चुनाव एक साथ कराने की बात में कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी जुड़ी हैं। आकार के मामले में दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की कुछ बराबरी अमेरिका के साथ ही खोजी जा सकती है, जहां हर दो साल पर बड़ी चुनावी हलचलें देखने को मिलती हैं। राष्ट्रपति चुनाव चार साल पर होते हैं, लेकिन जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यकाल आधे पर पहुंचता है, बहुत बड़े पैमाने पर गवर्नरों और सीनेटरों के चुनाव होते हैं। इन चुनावों में ऐसा अक्सर होता है कि राष्ट्रपति की पार्टी संसद के दो में से एक सदन में या कभी-कभी दोनों में ही अल्पमत में आ जाती है। चलताऊ जुबान में लोग इसे राष्ट्रपति का कुड़क मुर्गी वाली स्थिति में पहुंच जाना कहते हैं, लेकिन इसे अपने सिस्टम की शक्ति मानते हैं।

अमेरिका से तुलना करके देखें तो भारत में राजनीतिक व्यवस्था की समस्या कुछ और है, जिस पर हमारे यहां कोई बात ही नहीं होती। यह समस्या है पार्टियों में स्थानीय जनतंत्र की संपूर्ण अनुपस्थिति। अमेरिका में दोनों प्रमुख पार्टियों की टोला-मोहल्ला स्तर की समितियां हैं और पूरे धूमधाम से उनके चुनाव होते हैं। जितनी चर्चा वहां राष्ट्रपति चुनाव की होती है, उतनी ही दोनों पार्टियों की, खासकर चुनौती देने वाली पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव की भी होती है।

कैसी विडंबना है कि दुनिया की और ब्रह्मांड की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाले भारतीय दलों में ऐसे भीतरी चुनावों की कोई परंपरा ही नहीं है। पार्टी का पूरा ढांचा ऊपर से या कहीं बाहर से मनोनीत किया गया होता है। ऐसे में लोकतंत्र के सारे हल्ले के बावजूद भारत की राजनीतिक व्यवस्था किसी न किसी की मनमानी पर ही टिकी है। जड़ में घुन जैसी इस बीमारी का इलाज क्या 'एक देश, एक चुनाव' जैसे किसी ऊपरी नुस्खे से हो जाएगा?

## प्रसंगवश

# फुरसत एक हसरतें अनेक

> इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद, जिस सकारात्मकता का समावेश करता है, उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं।

बड़े फुरसत से आए हो, फुरसत मिली तो सोचा मिलता चलूं, फुरसत ही कहां मिली, मरने की भी फुरसत नहीं, फुरसत ही नहीं मिलती, बड़े दिनों के बाद फुरसत के ये पल नसीब हुए हैं, कितनी मुश्किल से आज फुरसत का यह पल निकाला है। जैसे जुमलों के बीच फुरसत शब्द अपने आप में बड़ा ही सुकूनदायक है, रोमांचकारी है। भागती- दौड़ती जिंदगी की पटकथा में लगने वाला अल्पविराम है यह। एक फुरसत है और इसको खर्च करने के अनेक विकल्प। फुरसत की जल्द ढल जाने वाली शाम कई रास्तों की ओर फिसल, फिसल जाना चाहती है।



रीता रानी
जमशेदपुर, झारखंड

फुरसत मिली तो यह कर डाला, फुरसत मिली तो आज लॉन्ग ड्राइव पर निकल गए, फुरसत मिली तो आज यह चित्र पूर्ण उकेरन को पा गया, फुरसत मिली तो आज यह सिनेमा देख ली, फुरसत मिली तो आज इस पुस्तक को पढ़ डाला, फुरसत निकाल कर हम उनसे मिलने गए। मतलब एक फुरसत और अनेक हसरतें। यह फुरसत आपको जाड़े की गुनगुनी धूप में बैठने का आनंद देता है तो मदमाती चांदनी में नहाने का भी। उत्तम स्वास्थ्य हेतु श्रम और विश्राम का सधा हुआ संतुलन फुरसत लेकर आता है। आप इन पलों में वे करते हैं, जो आप सच में करना चाहते हैं, जिसे कर आपको जीवन जीने का सबसे सुखद अनुभव होता है।

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद, जिस सकारात्मकता का समावेश करता है, उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं। एक फुरसत आपको संगीत, कैनवास, बागवानी, सैर-सपाटा, चलचित्र की ओर खींचे लिए बढ़ जाता है। एक फुरसत और अनेक रचनात्मकता के द्वार। लगातार काम के बाद ये केवल आराम के पल नहीं होते, बल्कि वे पल होते हैं जिनमें आप अपने सपनों के साथ जीते हैं। क्षमता फिर से उर्जान्वित होती है और जिंदगी उदास, नीरस व बोझिल होने से बच जाती है।

# ताकि लोकतंत्र रहे बेदाग



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है-जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से पांच प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। नौ सांसद ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हैं। जबकि 28 ऐसे हैं जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं, वहीं तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं, जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है, किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है।

यहां पर विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि अपराध में संलिप्त लोगों को लोकतंत्र की कमान कैसे मिल जाती है? कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने एजेंडे के पहले बिंदु के रूप में इस संकल्प को क्यों नहीं शामिल करती कि वह जुर्म की दुनिया से जुड़े किसी भी शख्स को पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं प्रदान करेगी। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है? जनप्रतिनिधि के चयन की कसौटियां शायद आज बदल चुकी हैं। यही वजह है कि आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हुए व्यक्ति भी लोकतंत्र के मसीहा बनने का सौभाग्य बड़ी आसानी से प्राप्त कर ले रहे हैं।

जनता जनार्दन भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय उन लक्ष्यों एवं एजेंडों को ध्यान में नहीं रखती जोकि समग्र विकास एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं, लिहाजा जुर्म से जुड़े हुए लोग बड़ी आसानी से लोकतंत्र के महल की राह खोज लेते हैं। जहां लोकसभा एवं विधानसभा में एक प्रत्याशी के लिए खर्च की अधिकतम सीमा क्रमशः 95 लाख एवं 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है, वहीं दूसरी तरफ वास्तविकता तो कुछ और ही रहती है। प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा पैसा खर्च किया जाता है। जनता का कुछ प्रतिशत ऐसा भी है जिसको धन के माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जाता है और यह वर्ग भी लालच अथवा अपनी मजबूरी के वशीभूत होकर अपना मत बेचने पर सहमत हो जाता है।

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता। जब तक अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इन चुनौतियों से निपटने का उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा रोड़ा

दुआ और प्रार्थना में भले ही आपसी झगड़े हों, लेकिन गति दोनों की एक सी ही है। लाखों फलस्तीनियों का जो हाल है वो बद से बदतरीन होता जा रहा है। किस इस्लामिक मुल्क के मुस्लिम इनके लिए दुआ नहीं मांगते होंगे। इस ईद पर सारे इस्लामी मुल्क उनके लिए फिर एक बार दुआ करेंगे, लेकिन कोई दुआ असर करती नजर नहीं आती। अब या तो दुआ मांगने वालों में ही कोई खोट है या ये एक गलतफहमी है कि दुआ से कुछ होता है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यही हाल प्रार्थनाओं का हैं। करोड़ों लोग रोज प्रार्थना करते हैं। खैर किसी की प्रार्थना/दुआ के बारे में बहुत दावा नहीं कर सकता, लेकिन मेरी एक प्रार्थना आज तक पूरी नहीं हुई और अगर कहीं ये पूरी हो जाए तो देश की आधी समस्याएं छू मंतर हो जाएंगी। अपनी इस प्रार्थना के पीछे की कहानी कहना भी थोड़ा जरूरी है। वरना आप समझ नहीं पाएंगे। हुआ यूं कि एक नए शहर में मेरी बदली हुई। शहर में मुझे कुछ पाइप खरीदने थे तो दुकानदार ने कहा कि चलिए अपने गोदाम से दे देता हूं। उसका गोदाम भी सरकारी जगह घेर कर बनाए धर्म स्थल के अंदर ही था। धार्मिक स्थलों के नाम पर जगह घेर उनका व्यवसायिक उपयोग बहुत सामान्य बात है। किसी भक्त को इससे कोई कष्ट नहीं होता। हमारे शहर में टाटा कंपनी ने लोगों के सार्वजनिक उपयोग के लिए बहुत सी खाली जगह छोड़ रखी थी, लेकिन धंधेबाजों ने हर जगह धर्म स्थल खड़े कर दिए। एक ही लाइन से पास-पास तीन चार धर्म स्थल देख अफसोस होता है।

कायदे से हम उतने धार्मिक नहीं जितना होने का दिखावा करते हैं और जितने धर्म स्थल बना डालते हैं। इस सार्वजनिक पैसे से इन खुली जगहों पर जनता के हित में अनेक काम किए जा सकते हैं, लेकिन धंधेबाजों को इससे क्या मतलब और शायद भक्तों को भी इससे कोई तकलीफ नहीं। चलते रास्तों को अवरुद्ध कर जिस तरह धर्म स्थल इस देश में बनाए गए हैं। ऐसे धर्म स्थलों के सामने से मैं जब भी गुजरता हूं तो एक बार वहां के ऊपर वाले से अपने भक्तों को ज्ञान देने की प्रार्थना/दुआ जरूर करता हूं। अब ब्राह्मण तो मैं हूं नहीं वरना श्राप (बदुआ) जरूर दे देता। वैसे इस कलियुग में दुआ, प्रार्थना और श्राप की एक ही गति है। ये सब मानसिक स्खलन से ज्यादा कुछ भी नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

# लोकप्रिय संस्कृति और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया है।

लोक साहित्य अथवा लोक संस्कृति सामान्यजन की रचना होती है, समष्टिजन की रचना होती है, उसकी एक निरंतर परंपरा होती है तथा उसकी चेतना सर्वमंगल से परिपूर्ण होती है, सब के भले में भला। लोक गीत, लोक कहानी, गाथा और पुराण पूरे समाज की थाती होती है तथा समाज उनके द्वारा मनुष्य के प्रति तथा मनुष्य की प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार को नियमित निर्धारित करता है।

लोक कथा प्रक्रिया या समष्टि प्रक्रिया में संपूर्ण समाज या संपूर्ण लोक जीवन की भागीदारी होती है। लोक साहित्य की चेतना सर्वजन चेतना है। इसके विपरीत लोकप्रिय संस्कृति की रचना व्यावसायिक कलाकारों द्वारा होती है। हालांकि वे अपनी वस्तु, विचार और अभिव्यक्ति शिल्प लोक संस्कृति से ही प्राप्त करते हैं और उनके द्वारा लोगों को आकर्षित भी करते हैं। अधिक श्रोता और दर्शकों को पाने की होड़ में वे सेक्स, अपराध और दुस्साहसिक प्रवृत्तियों और प्रकृत जीवन को भी लोकप्रिय संस्कृति में समाविष्ट कर लेते हैं। अभिजात वर्ग विकसित देशों के जीवन की होड़ करता है तथा लोकप्रिय संस्कृति इस वर्ग की नकल करती है। लोक संस्कृति की प्राचीन परंपरा का विवेक, दर्शन और सहज ज्ञान तो लोकप्रिय संस्कृति में नहीं होता है, क्योंकि लोकप्रिय संस्कृति भोगवादी है। वह आध्यात्मिक प्रेरणा देने में असमर्थ है, उसमें आंतरिक प्रेरणा का स्रोत नहीं है। वह व्यक्ति स्वार्थ से प्रेरित है। आह और कराह के भी पैसे लिए जाते हैं। लोक संस्कृति में सभी दर्शक सभी पात्र स्वतः प्रेरित हैं। जबकि लोकप्रिय संस्कृति में कुछ किराए पर लाए गए पात्र स्टेज पर हैं, बाकी उस दृश्य के उपभोक्ता हैं।

लोकप्रिय साहित्य के अंग-उपांग लोकजीवन की नकल से बनते हैं, लोकजीवन से राग या लय ले ली, शैली ग्रहण कर ली, कहानी ले ली, लेकिन उसकी चेतना लोक चेतना नहीं होती, वह वर्ग या व्यक्तिचेतना होती है, उसमें लोकहित के आवरण में व्यक्ति या वर्ग स्वार्थ की चेतना होती है। उससे कमाई करना, दोहन और शोषण करना। उदाहरण के लिए लोकनृत्य गरबा को देखें, गरबा मूलतः एक आनुष्ठानिक लोकनृत्य है। गो ब्रजरमण लालजी की ब्रजयात्रा का अवसर था। गुजराती महिलाएं यात्रा कर रही थीं, मधुवन का पड़ाव था, यात्रा लौट करके जल्दी आ गई। संध्या के समय महिलाओं ने गरबा का आयोजन किया, कितना भक्तिभाव-विभोर नृत्य था, जैसे जसोदा का लाला उनके साथ मौजूद है। वे बार-बार भावों में उसकी बलैया लेती नाच रही थीं।

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया और अब वह एक युगल 'क्लब डांस' बन चुका है। लोकप्रिय गरबा ने मध्यम वर्ग व महिलाओं को इससे दूर कर दिया, इनकी जगह किशोर या युवा वर्ग आ गया है। डांडिया खेलने वालों में अधिकतर 18-25 वर्ष के लोग नजर आते हैं। सुना है कि अब उसमें शामिल होने की टिकट भी बेची जाती है। यही बात हम फिल्म के क्षेत्र में देख रहे हैं। लोक साहित्य और लोकप्रिय साहित्य में वही अंतर है, जो एक जमाने के राष्ट्रीय नेताओं की स्वतः स्फूर्त जनसभा और आज की रैली (जिसमें किराए की भीड़ जुटाई जाती है) में है।

# कौन संभालेगा बिजनेस

करोल बाग के अजमल खान पार्क में सुबह तीन दोस्त घूमने के बाद एक बैंच पर बैठे हैं। कायदे से लंबी सैर के बाद इन सबको खुश होना चाहिए, पर सबके चेहरे पर तनाव की लकीरों को पढ़ा जा सकता है। इन सबकी चिंता एक जैसी है। इनके बच्चे अपने फैमिली बिजनेस का हिस्सा नहीं बनना चाहते। वे कुछ हटकर करना चाहते हैं या करने ही लगे हैं। इस कारण से जमे-जमाए हुए बिजनेस पर संकट आ गया है। कुछ के बच्चे भारत से बाहर कनाडा, अमेरिका, दुबई या आस्ट्रेलिया में सेटेल हो गए हैं, जो बाहर चले गए हैं, वे वापस आने को तैयार नहीं हैं।

ये स्थिति सिर्फ करोल बाग में ही नहीं है। ये सारी दिल्ली में हो रहा है। दर्जनों बिजनेस करने वाले परिवारों के बच्चे अपने तरीके से जिंदगी जीना चाहते हैं। वे उसी लाइन पर चलने को राजी नहीं हैं, जो उनके बड़े-बुजुर्गों ने खींची है। लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट और विकास मार्ग में अपने स्थापित कपड़ों और ज्यूलरी के शो-रूम चला रहे कई परिवार अब अन्य विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। एक विकल्प यह है कि वे अपने स्पेस को रेंट पर दे दें। कुछ समय पहले करोल बाग में एक पुराने स्थापित साउथ इंडियन रेस्तरां और ड्राई फ्रूट की दुकान को रेंट पर दे दिया गया है। इसकी वजह वही है। नई पीढ़ी अपने परिवार के बिजनेस को करने में दिलचस्पी नहीं ले रही।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल जिन्हें अपने परिवार के बिजनेस को संभालना चाहिए था, वे सुबह 10 बजे से रात के 9-10 बजे तक शो-रूम में बैठने को तैयार नहीं हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रसिद्ध शूज शोरूम के मालिक जॉर्ज च्यू भी अपने शोरूम पर ताला लगाने के बारे में सोचने लगे थे जब उनका बड़ा बेटा कुछ साल पहले कनाडा सेटेल हो गया था। छोटे बेटे के पास आईआईटी, दिल्ली से बी.टेक की डिग्री लेने के बाद देश-दुनिया से नौकरियों के बहुत सारे शानदार प्रस्ताव थे। वह टॉपर टाइप था आईआईटी में। उसने पिता की चिंता को समझा और वह अपने शोरूम को देखने लगा जिसे उसके दादा ने 1937 में शुरू किया था। बिजनेसमैन नरेन भीखूराम जैन का परिवार दिल्ली में एक सदी से भी अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। उन्हें हर दूसरे-तीसरे दिन उनका कोई जान-पहचान का व्यक्ति वही बात बताता है जिसकी वजह से न जाने कितने व्यापारियों की पेशानी से पसीना निकल रहा है। नरेन के पिता भीखूराम जैन दिल्ली से सांसद भी रहे थे। स्थिति यह हो चुकी है कि दशकों से जमा हुआ बिजनेस करने वाले कई परिवार भी अपने कारोबार के भविष्य को लेकर परेशान हैं। उनके कामकाज को आगे लेकर जाना वाला कोई नहीं है। हालांकि काम सही चल रहा है और मुनाफा कमाकर दे रहा है।

आज से करीब बीसेक साल पहले कनॉट प्लेस का मशहूर नरूलाज रेस्तरां बंद हो गया था। वह तब अपनी लोकप्रियता के पीक पर था। नरूलाज के पिज्जा, आइसक्रीम, चाइनीज फूड, पेस्ट्रीज, केक वगैरह के जायके लाजवाब होते थे। कनॉट प्लेस का 1933 में श्रीगणेश हुआ और उसके अगले ही साल 1934 में एल ब्लाक में लक्ष्मी चंद नरूला तथा मदन नरूला ने नरूलाज होटल शुरू कर दिया। नरूलाज में 1950 में 'चाइनीज रूम' नाम से चाइनीज रेस्तरां शुरू हुआ। इसे राजधानी का पहला चाइनीज रेस्तरां माना जाता है। इसके बंद होने की वजह थी कि नरूलाज के मालिकों के बच्चे भारत से बाहर सेटेल हो गए थे वे उम्र दराज होने लगे थे। आखिर में उन्होंने अपना सारा बिजनेस समेट लिया, पर अब तो नरूलाज जैसे हालात बहुत व्यापक स्तर पर पैदा हो रहे हैं। इसका क्या हल है, यह चिंता न जाने कितने कारोबारी परिवारों को खाए जा रही है।



**26वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.16 बजे
इफ्तार : 06.35 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.25 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण, सड़कों पर नहीं हुई नमाज, शांति व सौहार्द रहा कायम

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** मुकद्दस माह रमजान में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज में भारी भीड़ जुटी। लोगों ने पाकीजगी के साथ अलविदा जुमे की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने अमन-चैन व भाईचारा की दुआ मांगी। सड़कों पर नमाज अदा करने की मनाही को सभी ने माना।

शहर के चौक स्थित जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल लतीफ ने शुक्रवार को रोजेदारों से अलविदा की नमाज अदा कराई। अलविदा की नमाज के बाद बड़ी संख्या में मौजूद रोजेदारों ने एक साथ मुल्क की खुशहाली व अमन-चैन की दुआ मांगी। मरकज मस्जिद में मौलाना मोहम्मद उस्मान कासमी, जामिया इस्लामिया में मौलाना मुहम्मद ओसामा कासमी, बिबिया मस्जिद में मौलाना कासीम कासमी, हनीफ नगर मस्जिदे बिलाल में मौलाना अनज़र, गभड़िया नस्सरगंज मस्जिद में मौलाना अकरम खान, पौशाला मस्जिद में हाफिज तौहीद ने जमातुल विदा की नमाज पढ़ाई। वहीं, शिया जामा मस्जिद अमहट में मौलाना मोहम्मद जाफर खान ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। उन्होंने तकरीर में कहा कि हर नौजवान को शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यह कम्प्यूटर का दौर है। सुखमय जीवन के लिए, अच्छे समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है।

वहीं, अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस व प्रशासन के अधिकारी पुलिस के साथ डटे रहे। वहीं, गोसाईगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी प्रभारी अमित सिंह लगातार क्षेत्र भ्रमण करते रहे। बताया कि धारा 144 लागू होने के नाते मस्जिदों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।



शहर की शाहगंज स्थित मरकज मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ते लोग।

### नमाज के बाद निकाला गया जुलूस मदहे सहाबा

**सुलतानपुर :** रमजान मुबारक महीने के आखिरी जुमा को फतह मक्का की याद में जिले का ऐतिहासिक जुलूस मदहे-सहाबा जामा मस्जिद बिबिया चौक से परंपरागत तरीके से निकाला गया। इस जुलूस की बुनियाद मौलाना अब्दुल अवल्ल फारूकी ने आज से तकरीबन 75 वर्ष पूर्व डाली थी। शुक्रवार को जुलूस की अगुवाई मौलाना मोहम्मद कासिम कासमी, मौलाना मोहम्मद उस्मान कासमी तथा मौलाना मताहरुस्सालाम कासमी ने किया। जुलूस बिबिया मस्जिद से शाहगंज चौराहा, डाकखाना चौराहा, गंदानाला रोड से चौक घंटाघर उसके बाद चित्रा गली मतीन रोड से जुलूस में इस्लामिक गगनचुंबी नारे लगाते हुए खैराबाद स्थित जामिया इस्लामिया मदरसा पर खत्म हुआ। जुलूस में फतह मक्का का तजकिरा किया गया। नातिया कलाम पेश करने वालों में मौलाना मुहम्मद ओसामा कासमी सरताज बस्तवी, आदिल हेरामऊ मुजाहिद इस्लाम आदि रहे। मौके पर सम्भ्रान्त नागरिकों में राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के निज़ाम खान, परवेज करीम, राशिद एडवोकेट, मुफ़्ती तौफीक, अलकमा नोमान, दानिश खान सुफियान खान, उमर फ़ैज आदि मौजूद रहे।



शहर में निकले जुलूस में शामिल मौलाना व अन्य लोग।

## एक नजर

### बीएड प्रशिक्षुओं का दल उत्तराखंड रवाना

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पीजी कॉलेज में अध्ययनरत बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं का शैक्षिक भ्रमण नैमिषारण्य, नैनीताल, पंतनगर, हल्द्वानी, अल्मोड़ा के विभिन्न दर्शनीय स्थलों के अवलोकन हेतु उत्तराखंड के लिए रवाना हुआ। डॉ संतोष अंश ने बताया कि एक छात्र अध्यापक के जीवन में शैक्षिक भ्रमण का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहता है, जिससे वह उस स्थान के रहन सहन को समझ कर उनका अनुकरण कर सकें और प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त कर सकें। यह शैक्षिक टूर शांतिलता कुमारी, डॉ संतोष अंश, डॉ अभिषेक कुमार सिंह की देखरेख में जा रहा है। इस भ्रमण में 60 विद्यार्थी शामिल है।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज पुलिस ने अभियान चलाकर तीन व्यक्तियों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब बरामद करने के साथ मामले में केस दर्ज किया। गुरुवार शाम करीब सवा सात बजे उपनिरीक्षक गुलाबचंद्र पाल पुलिस टीम के साथ पठानीपुर के पास से थानाक्षेत्र बीड़ी निवासी अजय कनौजिया, किठांवा के पास से रायपट्टी मजरे किठांवा निवासी आशाराम शर्मा उर्फ बबलू व बीड़ी के पास अन्नपूर्णानगर निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीस लीटर कच्ची शराब को बरामद किया है।

### 900 ग्राम गांजा के साथ आरोपित को दबोचा

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर पुलिस ने शुक्रवार को गांव उघरपुर विश्वकर्मा के घर के पास टिकरिया गांव निवासी सुजीत कुमार को 900 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों देते हुए विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# अमेठी का बदमाश स्मैक के साथ सुलतानपुर में गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिले की बंधुआकला थाने की पुलिस ने अमेठी के स्मैक कारोबारी को पकड़ने में सफलता पाई है। पकड़े गए आरोपी को थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

बंधुआकला थाने में तैनात उपनिरीक्षक शिव जनम यादव आदर्श आचार चुनाव संहिता के अनुपालन में हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में सक्रिय थे। तभी सूचना मिली कि गैर जनपद का शातिर बदमाश थाना क्षेत्र के हरखी दौलतपुर मोड़, सहाबागंज पुल के समीप खड़ा है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिस वालों ने उसे पकड़ भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पास स्मैक है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर तलाशी के दौरान उसके पास से 22 ग्राम स्मैक बरामद हुई। युवक की शिनाख्त अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव निवासी सूरज कुमार मौर्या के रुप में हुई। पुलिस उसे लेकर थाने गई, जहां उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा। जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई। बताते चलें कि आरोपी सूरज कुमार के खिलाफ अमेठी जिले के संग्रामपुर, पीपरपुर, रामगंज सहित जिले के कोतवाली नगर में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# शार्ट सर्किट से प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग, 10 लाख की क्षति

- तीन दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के हलियापुर बेलवाई मार्ग पर मकदूमपुर बनरहा के पास राजूपुर एकडला लिंक मार्ग पर सलिमपुरग्रंट में गुरुवार की देर रात स्वास्तिक पैनल इंडस्ट्रीज में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते काफी सामान जलकर राख हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लगभग 10 लाख रुपए के नुकसान का आंकलन किया गया है।

शुक्रवार की सुबह चार बजे के आसपास फैक्ट्री में आग लगी थी। अंदर रहने वाले कर्मचारियों को जब पता चला तब आनन-फानन में उन्होंने फैक्ट्री संचालक अभय सिंह अग्रहरि को इसकी सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे अभय ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया और फैक्ट्री में लगे अग्निशमन यंत्र के प्रयोग से आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि कंट्रोल नहीं हो सका। फैक्ट्री में स्थित जनरेटर की मदद और स्थानीय लोगों के साथ आग बुझाने का भी प्रयास किया गया। अंत में सूचना पर सुलतानपुर से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी और जयसिंहपुर से एक दमकल गाड़ी पहुंची। फायर बिग्रेड टीम में एफएसएसओ गिरिवर प्रसाद, एफएलएन रमाकांत मिश्रा, भरत लाल तिवारी, लाल चंद्र तिवारी, फायर मैन देवेंद्र प्रताप सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद, सावन कुशवाहा, राज किशन राय, लाल कृष्ण प्रताप सिंह और कूरेभार थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा पूरी टीम के साथ पहुंच गए और आग बुझाने में लग गए। लगभग छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग बुझाने पहुंची फायर बिग्रेड की टीम। अमृत विचार

### बांस की कोठ में लगी आग, सहमे ग्रामीण

**गोसाईगंज, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के भटमई चौकी क्षेत्र के गड़हा (पखनपुर) में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे शारदा सहायक खंड 16 के किनारे स्थित राजनाथ यादव के बांस के कोठ (झुरमुट) में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगने से बांस के पेड़ों से पटाखे जैसी आवाज आने लगी। आग से निकलने वाली चिंगारियां दूर खेतों में जाकर गिरने लगी। लोग लाठी डंडे और पानी की बाल्टियों के साथ खेतों के आस पास खड़े हो गए। तैयार गेंहू की फसलों को लेकर लोग सहमे रहे। गांव वालों ने कड़ी मशक्कत कर आग को बांस के आगे नहीं फैलने दिया। नहर सूखी होने के कारण लोगों को आग बुझाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ट्यूबवेल चलाकर पाइप के द्वारा करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों के देर से पहुंचने पर लोगों में रोष था। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल अखिलेश सिंह ने भी लोगों से जानकारी प्राप्त की। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका।

# अपराध मुक्त सुलतानपुर बनना सपना

- सांसद ने शुक्रवार को 23 स्थानों पर कार्यक्रमों को संबोधित किया

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने चुनावी दौरे के पांचवें दिन सुलतानपुर व इसौली विधानसभा में दो दर्जन गांव का दौरा किया। उन्होंने शुक्रवार को सुलतानपुर और इसौली विधानसभा में 23 स्थानों पर कार्यक्रमों को संबोधित किया।

गनापुर में सांसद ने निषादराज की जयंती पर कहा कि मैं ऐसे निषादों को जिन्होंने प्रभु रामचन्द्र को सरयू पार कराई थी और जो हर इलेक्शन में मोदी जी का साथ देकर उनको भी पार करते हैं। वह निषाद समाज के लोग हमारे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कोविड के समय जब केवल 10 बड़े ऑक्सीजन प्लांट थे, उसमें से दो ऑक्सीजन प्लांट मेरे मांगने पर सुलतानपुर को मिले थे। उन्होंने दावा किया कि सबसे ज्यादा देश में एक लाख 30 हजार पीएम आवास सुलतानपुर को मिले है। उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त व विकास युक्त सुल्तानपुर बनाना हमारा संकल्प व सपना हैं। विभिन्न सभाओं को एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा व ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी, विजय सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया।



इसौली में आयोजित जनसभा में मौजूद सांसद मेनका संजय गांधी। अमृत विचार

# संविदा बैंककर्मी पर ईंट-पत्थरों से जानलेवा हमला

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर रहे संविदा बैंककर्मी युवक पर दो युवकों ने पिस्टल के बट और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। भंडारे में भगदड़ मच गई। लोगों के बीच बचाव पर किसी तरह उसकी जान बची और सिर में गंभीर चोट आने से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी पंकज सोनी गुरुवार की रात करीब 10 बजे सहयोगियों के साथ प्रसाद ग्रहण कर रहा था। तहरीर में आरोप लगाया है कि इसी बीच एक युवक ने उसके सिर पर असलहे के बट व ईट पत्थर से हमला बोला दिया। इस दौरान भंडारे में भगदड़ मच गई। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों के विरोध पर उसकी जान बची और हमलावर भाग निकले। आनन फानन में सहयोगी उसे सीएचसी भदैंया ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। घायल युवक के भाई दीपक सोनी ने शुक्रवार की सुबह थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी

- मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया पर देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर सेमरी निवासी आनंद कुमार ने थाने पर तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि करतोरवा विशुनदासपुर निवासी रईस अहमद ने सोशल मीडिया पर देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए युवक ने भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता सहित अन्य देवताओं पर अमर्यादित टिप्पणी की है। जिससे आम जनमानस में भारी आक्रोश है। अमर्यादित टिप्पणी से उन्हें गहरी ठेस पहुंची है। कोतवाल प्रेमचन्द सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी कुबेत में हैं, टिप्पणी करीब तीन साल पुरानी है।

### नाली निर्माण के विवाद में मारपीट, छह घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दर्जीपुर गांव में गुरुवार की रात नौ बजे नाली निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। कहासुनी के बीच एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। जिसमें एक पक्ष से इरशाद (35) पुत्र रफीक, हुसैन अहमद (45) पुत्र ननकऊ, नबाब अली (45) पुत्र रफीक और दूसरे पक्ष से महताब आलम (36) पुत्र हमीद अली, अली खान (15) इरु व हामिद अली (55) अच्छन घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद इरशाद, महताब आलम व अली खान को सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने इरशाद की तहरीर पर चार व छेदी की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इरशाद का आरोप है कि थाने आने पर विपक्षियों ने दोबारा घर पर हमला बोल दिया। महिलाओं के साथ बदसलूकी करने के साथ तोड़फोड़ की। एसओ धीरज कुमार ने बताया कि मामले में क्रॉस केस दर्ज किया गया है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



होली मिलन समारोह में मौजूद इनर व्हील क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

### इनर व्हील क्लब ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा के क्षेत्र में महिलाओं की अग्रणी संस्था इनर व्हील क्लब की ओर से शुक्रवार को धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। समारोह का आयोजन क्लब की तेजिंदर और दलजीत द्वारा किया गया। समारोह में क्लब की सदस्यों ने जमकर रंग-गुलाल खेले और एक दूसरे को लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्लब की सदस्यों ने नृत्य, संगीत, खेल और लज़ीज़ व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन क्लब की सचिव अलका गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष रंजना शंकर, कोषाध्यक्ष इन्दु शर्मा, एडिटर दीप्ति मेहरोत्रा, आईएसओ अनीता कनोडिया, नीलीमा सेठ, सुनीता अग्रवाल, बबिता केसरवानी, ज्योति सिंह, कल्पना सिंह आदि मौजूद रहे।

### जुआ खेलते तीन पकड़े गए, एक भाग निकला

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मौज मस्ती के लिए ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। चौथा साथी भाग निकला। साथ ही पुलिस ने जुआरियों के वाहन को भी कागज न दिखाने पर सीज कर दिया है। नगर कोतवाली पुलिस बीती रात क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों व लोगों की धरपकड़ व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय थी। देर रात अमहट मंडी में उपनिरीक्षक जगदीश सिंह को चबूतरे पर चार लोग ताश के पत्ते से जुआ खेल रहे थे। साथ ही पैसे का भी लेनदेन कर रहे थे। उन्होंने इसकी जानकारी उपनिरीक्षक सुखदेव सिंह, उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव को बुलाया। जुआ खेलने की बात बताते हुए मौके पर पहुंच कर दबिश देते हुए तीन लोगों को पकड़ लिया। वहीं चौथा भागने में कामयाब रहा। पुलिस को मौके पर ताश के पत्ते व 2,950 रुपए बरामद हुए। पकड़ गए लोगों की शिनाख्त कोतवाली देहात के दूबेपुर निवासी बृज लाल कोरी, संजैया निवासी संजय विश्वकर्मा, अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के भदांव निवासी मो इरशाद के रुप में हुई। वही भागे हुए व्यक्ति की पकड़े गए लोग शिनाख्त नहीं कर पाए। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि पकड़े गए लोगों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही पकड़े गए दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया है।

### 404 जरूरतमंदों को बांटा भोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को शुद्ध और पौष्टिक निशुल्क भोजन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय व रेलवे स्टेशन पर मरीजों और उनके परिजनों व यात्रियों को खिलाया जाता है। रविवार की शाम 404 जरूरतमंदों को संघ की ओर से भोजन बांटा गया। मौके पर अध्यक्ष मेराज अहमद, निजाम खान, डा. अनिल कुमार, धर्मेंद्र सिंह समेत अन्य रहे।

# गोवर्धन उठाकर कान्हा ने की गोकुल वासियों की रक्षा

- चाचपारा में चल रही भागवत कथा का छठा दिन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** भदैंया विकासखंड के जगदीशपुर चाचपारा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस पर कथा व्यास ने गोवर्धन पर्वत तथा कृष्ण लीलाओं की कथा सुनाई। जिसको सुनने को पूरा पंडाल भर गया तथा लोग भाव विभोर हो गये।

कथा व्यास आचार्य ऋषिराज त्रिपाठी ने व्यासपीठ से भक्तों को श्याम प्रभु जी का यशोदा मैया से विवाह हठ से लेकर बालपन में सकटासुर, तृणासुर तथा अजासुर सहित अनेक राक्षसों का वध करने की कथा सुनाई। कथा व्यास ने देवराज इंद्र का घमंड तोड़ने को गोवर्धन पर्वत की कथा बताई। वह बताएं कि गर्वित इंद्र ने गोकुल मथुरा क्षेत्र में वर्षा से तांडव मचा दिया। आंधी तूफान के बीच झोपड़ी घर ढह रहे थे। यह देख बालक कृष्ण ने अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठा कर पूरे गोकुल वासियों की रक्षा की और इंद्र का घमंड तोड़ा। कथा व्यास ने ग्वाल बालों संग अठखेलियों का वृतांत सुनाया, जिसे सुन भक्तमंडल भाव-विह्वल हो गये। मुख्य यजमान रुद्र प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह भोला, राजेंद्र प्रताप सिंह, आचार्य जगदीश प्रसाद, संतोष तिवारी, रजत, जय प्रकाश, नवल किशोर, हरिकृष्ण आदि मौजूद रहे।

# एकादशी पर पारिजात धाम की हुई महाआरती

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिला उद्योग परिसर स्थित कल्पवृक्ष पारिजात धाम पर पापमोचनी एकादशी पर महाआरती कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य यजमान के रूप में उमेश कुमार पाल रहे। श्रद्धालुओं ने पूरे परिसर में दीपक जलाकर रोशन किया। इस अवसर पर प्रसाद का वितरण भी किया गया। आरती का आयोजन प्रत्येक एकादशी को कल्पवृक्ष सेवा समिति द्वारा किया जाता है। आरती में राकेश सिंह दद्दू, अंकित श्रीवास्तव, सत्यम चौरसिया, आशीष, अशुतोष, दुर्गेश, दिलीप, सीताराम, रवि, पूनम, अंकिता और गूंजा आदि लोग समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सऊदी अरब भेजने के नाम पर ऐंठ लिए 21 हजार व एक तोला सोना

**जालसाजी**

- पीड़ित की पत्नी ने जालसाज पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** देहात कोतवाली के नेकराही गांव निवासी एक युवक ने मोतिगरपुर थाने के बेलहरी के युवक को सऊदी अरब भेजने के नाम पर नकदी व सोने के जेवरात पत्नी से ले लिए। पति को विदेश न भेजने पर महिला ने पैसा वापस मांगा तो आरोपी ने जानमाल की भी धमकी दी है। देहात पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव निवासी महजबीन बेगम ने कोतवाली देहात थाने में तहरीर देकर नेकराही के नईम अहमद पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसके पति गुड्डू को कोतवाली देहात के ग्राम नेकराही निवासी नईम अहमद ने कुछ महीने पहले नौकरी के लिए सऊदी अरब भेजने के नाम पर 21,500 रुपया लिया तथा पत्नी के जेवरात के रूप में एक तोला सोना भी लिया था। कई महीना बीतने के बाद भी नईम महजबीन के पति गुड्डू को न तो बीजा ही दिया और न ही सऊदी अरब ही भेजा। तब पति-पत्नी उससे पैसा वापस मांगने लगे। 27 मार्च को मसजबीन ने नईम को ढूंढते नेकराही चौराहे पहुंची तथा अपना पैसा मांगने लगी। आरोप है कि जिसको लेकर नईम ने महजबीन बेगम को गाली गलौज कर अभद्रता की तथा जानमाल की भी धमकी दी। पैसा वापस नहीं देने की बात कही। पीड़िता नरे कोतवाली देहात थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली देहात पुलिस ने मामले में नामजद मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की दी है।

**लोकसभा चुनाव** | सुलतानपुर लोकसभा सीट पर दो बार विजेता व तीन बार रनर रही है बसपा, भाजपा और सपा गठबंधन के उम्मीदवार उतरे चुके हैं मैदान में

# जिले में 'हाथी' को नहीं मिल रहा 'महावत'

संवाददाता, सुलतानपुर

> पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही उम्मीदवार घोषित करेगा। एक दो दिन में या सप्ताह भर में उम्मीदवार घोषित हो जायेगा। सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी चुनाव मैदान में होगा। **-सुरेश कुमार गौतम,** जिलाध्यक्ष बसपा सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लगातार दो बार जीत दर्ज कर व बीते तीन लोकसभा चुनाव में रनर रही बसपा खेमे में अभी भी खामोशी छाई हुई है। अभी तक लोकसभा चुनाव के लिए न तो किसी को उम्मीदवार घोषित किया न ही पार्टी में कोई हलचल है। जबकि पार्टी द्वारा अन्य संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है। वहीं, भाजपा व सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।

वर्ष 1984 में बहुजन समाज पार्टी के गठन के बाद वर्ष 1999 में बसपा के उम्मीदवार जय भद्र सिंह ने सुलतानपुर सीट पर बसपा को पहली जीत दिलाई। हालांकि, लगातार तीन बार की विजेता रही भाजपा के प्रत्याशी सत्यदेव सिंह का पर्चा खारिज हो गया था। वर्ष 2004 के चुनाव में पार्टी ने मौजूदा सांसद को हटा मो. ताहिर खान को प्रत्याशी बनाया। मो ताहिर भी पार्टी के विश्वास पर खरा उतरते हुए सुलतानपुर सीट पर अपने प्रतिद्वंदी सपा के शैलेन्द्र प्रताप सिंह को हराते हुए सीट बसपा के खाते में डाल दिया था। वर्ष 2009 में बसपा ने मो. ताहिर को प्रत्याशी बनाया, लेकिन बसपा प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सके। इस चुनाव में कांग्रेस के डा संजय सिंह ने खोए हुए जनाधार को वापस पाते हुए सीट कांग्रेस की झोली में डाल दी। बसपा दूसरे स्थान पर रहीं। वही 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने पवन पांडेय को प्रत्याशी बनाया लेकिन जीत नहीं दर्ज करा पाए। गांधी परिवार के वरुण गांधी ने भाजपा को एक बार फिर जीत दिलाते हुए भाजपा का परचम फहराया। लेकिन इस चुनाव में बसपा के उम्मीदवार पवन पांडेय दूसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में चंद्र भद्र सिंह सोनू प्रत्याशी रहे। जिन्होंने मौजूदा सांसद को कड़ी टक्कर दी लेकीन जीत दर्ज कराने में सफल नहीं हो पाए। एक फिर बसपा कुछ हज़ार वोटो से पीछे रह गई। वही 2024 के चुनाव में सपा व कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी भीम निषाद तो भाजपा के प्रत्याशी मौजूदा सांसद मेनका संजय गांधी अपने चुनाव प्रचार प्रसार में जुटे हैं। ऐसे में लगातार दो बार की विजेता व तीन बार की रनर रही बसपा अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाई है।




### लोकसभा में 1999 से अब तक बसपा का प्रदर्शन

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत | प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1999 | | | मो .ताहिर | बसपा | 2,01,632 |
| जय भद्र सिंह | बसपा | 1,73,558 | अशोक पांडे | सपा | 1,07,895 |
| राम लखन वर्मा | सपा | 1,58,959 | सूर्यभान सिंह | भाजपा | 44,425 |
| पवन पांडे | निर्दलीय | 1,29,525 | 2014 | | |
| दीपा कौल | कांग्रेस | 82,385 | वरुण गांधी | भाजपा | 4,10,348 |
| 2004 | | | पवन पांडे | बसपा | 2,31446 |
| मो . ताहिर | बसपा | 2,61,564 | शकील अहमद | सपा | 2,28144 |
| शैलेंद्र प्रताप सिंह | सपा | 1,59,754 | अमिता सिंह | कांग्रेस | 41,983 |
| कै . सतीश शर्मा | कांग्रेस | 1,54,245 | 2019 | | |
| वीणा पांडेय | भाजपा | 91328 | मेनका गांधी | भाजपा | 4,58,196 |
| 2009 | | | चंद्रभद्र सिंह सोनू | बसपा | 4,44,670 |
| डॉ . संजय सिंह | कांग्रेस | 3,00,411 | डॉ . संजय सिंह | कांग्रेस | 41,681 |



## 26वां रोजा

**शिया**
सहरी : 04.22 बजे
इफ्तार : 06.30 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.19 बजे
इफ्तार : 06.21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## पैग़ाम ए रमज़ान

बाक़ी बचे हैं अब दिन दो चार ईद में,
गुलज़ार दिख रहे हैं बाज़ार ईद में।
रब से दुआ है सबको नफ़रत हो
नफ़रतों से, हो हर तरफ़ मोहब्बत इस
बार ईद में।।

**नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर**

# दुनिया में हर मुसीबत और बला से बचे रहेंगे रोजेदार : हाफिज

सिद्धार्थनगर

**माह-ए-रमजान**

**मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई अलविदा की नमाज**

**अमृत विचार।** अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न हो गई। रोजेदारों ने देश में अमन व चैन की दुआएं मांगी। जनपद मुख्यालय से लेकर नगरों व गांव में माह रमजान के अंतिम जुम्मे की नमाज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। जिला मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद पर सैकड़ो मुसलमानों ने अलविदा की नमाज अदा की। प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील इलाकों में तैनात किए गए मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात रहा। डुमरियागंज, इटवा, बांसी, शोहरतगढ़, बढ़नी, उसका बाजार, भरतपुर, ककरामा, लोटन आदि स्थानों में अलविदा की नमाज संपन्न हुई।

कस्बा शोहरतगढ़ स्थित जामा मस्जिद, नीबी दोहनी व गड़ाकुल के मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई। रमजान माह के आखिरी जुमा के मौके पर हाफिज व कारी सिराज अहमद ने रोजे के फायदे बताते हुए कहा कि साल में एक महीने का रोजा शरीर की तमाम बीमारियों से बचाता है। शरीर के अन्दरूनी हिस्सों की बेहतर सफाई हो जाती है, जिससे शरीर में नई ऊर्जा, नई स्फूर्ति का संचार होता है। उन्होंने दीनी एतबार से भी रोजे फायदे बताए। बताया कि रोजेदारों के लिए दुनिया और आखिरत दोनों जगह अल्लाह का इनाम है। रोजेदार दुनिया में हर मुसीबत और बला से बचे रहेंगे। आखिरत में जन्नतुल फिरदौस में जगह मिलेगी। रोजेदारों को चाहिए कि अधिक से अधिक अल्लाह की इबादत करें। झूठ, गीबत, बुराई आदि से बचें।क्यूंकि रोजा सिर्फ भूखा रहने का नाम नहीं है। आंख, कान और दिमाग को बुराई से भी महफूज रखें। जुमा अलविदा की नमाज अदा करने के बाद देश और दुनिया में अमन चैन कायम रहने की दुआ मांगी गयीं। मौलाना राजिउल्लाह सहब ने रमजान शहरीफ में गरीबों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि जकात और फितरह से गरीबों और यतीमों की भरपूर मदद की जानी चाहिए। जुमा अलविदा की नमाज में जामा मस्जिद के नाजिम ए आला नवाब खान, सदर अलताफ हुसैन, डा सरफराज आलम, डा शादाब आलम, इंजीनियर एजाज अहमद, शायर नुरुल हसन, वली खान, वकील खान, अब्दुल्ला कुरैशी, निसार अहमद चौधरी सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।



अलविदा की नमाज के बाद मस्जिद से निकलते रोजेदार। अमृत विचार

## हज यात्रियों के लिए जारी किए गए निर्देश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देश पर 2024 के हज यात्रियों को विशेष चेतावनी और निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि हज वीजा पर तीर्थयात्री द्वारा किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि में शामिल होने की सख्त मनाही रहेगी। यदि यात्री ऐसी किसी भी गतिविधि में लिप्त पाया गया तो उनके खिलाफ स्थानीय पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही पवित्र मस्जिदों पर झंडा या किसी भी प्रकार के बैनर फहराना, मस्जिदों के फर्श पर पड़ी दूसरों की वस्तुओं को उठाना, सऊदी सुरक्षा कर्मियों के साथ बहस या झगड़ा करना, धरना-प्रदर्शन करना या सऊदी अरब के कानून के तहत किसी भी प्रकार की नारेबाजी करना दंडनीय होगा। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# गेंहू खरीद का 48 घंटे के अंदर कराएं भुगतान

## जिलाधिकारी ने बैठक में क्रय केन्द्र प्रभारियों दिया निर्देश, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** रवी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ खरीद के संबध में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि छोटे किसानों का गेंहू प्राथमिकता के आधार पर क्रय करेंगे। किसानों का 48 घन्टे में भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र प्रभारियों का व्हाटसएप ग्रुप बना लें।

बैठक में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए रू0 2275 गेंहू का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। जनपद में 101 क्रय केन्द्र बनाये गये है जिसमें खाद्य विभाग-36, पीसीएफ-51, पी.सी.यू.-03, यू.पी.एस.एस.-06, एफसीआई-04 तथा मण्डी समिति-01 क्रय केन्द्र बनाये गये है। इस वर्ष 120000 मी0टन गेंहू खरीद का लक्ष्य है। क्रय केन्द्र पर पीने के पानी और छाया की व्यवस्था होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। क्रय केन्द्र प्रभारी की शिकायत मिलने पर संबधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में एमएमआई, एआर कोआपरेटिव तथा क्रय केन्द्र प्रभारी आदि उपस्थित थे। बता दें कि जिले में गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। गुरुवार को जिले के दो केंद्रों पर 102 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। खरीद पारदर्शी तरीके से हो, इसके लिए अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण करके जायजा ले रहे हैं।



बैठक करते जिलाधिकारी व मौजूद क्रय केन्द्र प्रभारी व अधिकारी। अमृत विचार



## एक नजर

### आग से गेहूं की फसल जली

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आग लगने से कई बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया। जनपद के कोतवाली लोटन थाना के सोनहा गांव के सिवान में अचानक अज्ञात कारण से आग लग गई। जिससे गांव के बाहर सिवान के सैकड़ो बीघा का गेहूं जलकर खाक हो गया। आग बुझाने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। गांव के सुमन, राजन, राजमती, राजाराम आदि की फसल पूरी तरह से जल गई। बता दें कि गर्मी बढ़ने के साथ पकी खड़ी गेंहू की फसल में आगलगी की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। आए दिन खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।



गाय को गुड़ और रोटी खिलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गड़ और रोटी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दायित्वों की व्यस्तता के बीच गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोसेवा में रमे रहे। गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोशाला भ्रमण और गोसेवा सीएम योगी की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। शुक्रवार सुबह भी मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने, अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए।

# तोड़ी गई मूर्तियों की विधिवत कराई जाए स्थापना

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मंत्री अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गेंगटा ग्राम में शिव मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसी मंदिर में एक दिन पहले असामाजिक तत्वों ने मूर्तियां तोड़ दी थीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनील मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष जैनेंद्र मिश्रा, पंडित योगेश पांडे, पंडित दिव्यांशु महाराज, सूरज सिंह, शारदा प्रसाद, विश्वनाथ दास, ओमप्रकाश दास, संतोष मिश्रा एडवोकेट, योगेंद्र सिंह, इंद्रजीत दुबे आदि शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि शिवभोले हम आएंगे मंदिर पुन सजाएंगे। इसके बाद शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की जांच करने तथा ग्रामीणों का साथ देने के लिए एक जुटता प्रदर्शित की। विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों व हिन्दू समुदाय के लोगों ने मंदिर प्रांगण के बाहर बैठकर चर्चा की।

बैठक में स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से खरमास माह में मूर्ति स्थापना का विरोध किया। मांग की कि प्रशासन तय समय सीमा के अंदर विध्वंसकारी को चिन्हित कर दंडित कराये। संघ के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि हिन्दू समुदाय की भावना ख्याल रखा जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बांसी तथा क्षेत्राधिकार बांसी को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि मंदिर को पुनः सुसज्जित कराया जाए। मंदिर में शिव शंकर स्वयं प्रकट हुए थे, उन्हें किसी ने स्थापित नहीं किया था, ऐसी स्थिति में विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा करते हुए उन्हें पुनः स्थापना की जाए। मंदिर में अन्य जो देवी देवताओं की मूर्तियां विध्वंस की गई हैं, उन्हें पुनः स्थापित कराया जाए। जिस व्यक्ति ने यह कार्य किया है उसे जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों में किसलावती चौधरी, मैनादेवी, मोनिका मिश्रा, अनीता चौधरी, शांति मिश्रा, सरोज चौधरी, लीला चौधरी, फूला, लीलावती चौधरी, उपेंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा, उमेश त्रिपाठी, शैलेंद्र त्रिपाठी, सुदर्शन साहनी, जगदीश साहनी, फूलचंद चौधरी, संदीप पटवा, प्रदीप मिश्रा, परमहंस चौधरी, शिवप्रसाद चौरसिया, बृजेश कुमार मिश्रा, तनुजा यादव, सुष्मिता सिंह, सुभाष सिंह, शिवम सिंह, अवनेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को देते विश्व हिंदू महासंघ के लोग।

# गाड़ियों का पुनर्निर्धारण एवं मार्ग परिवर्तन किया गया

गोरखपुर

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर पूर्वी छोर पर स्थित पैदल उपरिगामी पुल को ध्वस्त किये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण एवं मार्ग परिवर्तन रहेगा। 13 अप्रैल को प्रस्थान करने वाली 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस लखनऊ से 140 मिनट पुनर्निर्धारित कर 13.10 बजे के स्थान पर 15.30 बजे चलायी जायेगी। जबकि यशवन्तपुर से 11 अप्रैल को प्रस्थान करने वाली 15024 यशवन्तपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी के रास्ते चलायी जायेगी। गोरखपुर से 13 अप्रैल को प्रस्थान करने वाली 11080 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग मानक नगर के रास्ते चलेगी।

### संचालन रहेगा प्रभावित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पश्चिम रेलवे के सूरत स्टेशन यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इण्टरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। सूरत से 7 अप्रैल को प्रस्थान करने वाली 19045 सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस उधना से चलायी जायेगी। यह गाड़ी सूरत-उधना के मध्य निरस्त रहेगी। छपरा से 5 एवं 6 अप्रैल को प्रस्थान करने वाली 19046 छपरा-सूरत ताप्ती गंगा एक्सप्रेस उधना में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी उधना-सूरत के मध्य निरस्त रहेगी।

## सार-संक्षेप

### मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**गोरखपुर अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश के आवास पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के के तिवारी साहित्य अन्य अधिवक्ताओं से डीएम ने मुलाकात की। पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष केके तिवारी ने बताया कि पहले अधिवक्ताओं के बैठने के लिए एक लाइन से कक्ष बनवाया जाएगा उसके बाद ही पूर्व बिल्डिंग को बहु मंजिली इमारत के लिए गिरवाया जाएगा। श्री तिवारी का सभी अधिवक्ताओं ने समर्थन किया। जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़, सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे भी मौजूद रहे। इसके पूर्व अधिवक्ताओं ने सदर तहसील के सभी कार्यालय को बंद करवा कर विरोध प्रदर्शन किया।

### ब्रह्म भट्ट कल्याण परिषद का होली मिलन कल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** ब्रह्म भट्ट कल्याण परिषद के तत्वाधान में होली मिलन का आयोजन रविवार को किया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले समस्त भट्ट वंशीय न केवल अपने पूर्वजों के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास जानकारी देने के साथ उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज व राष्ट्र के उन्नयन में अपना सशक्त योगदान करने की अपील भी करते हैं। यह जानकारी प्रवीन चन्द मिश्रा मीडिया प्रभारी ब्रह्मभट्ट कल्याण परिषद गोरखपुर ने एक प्रेसवार्ता में दी। कार्यक्रम पुष्पांजलि मैरेज हाल, कजाकपुर, गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा।



नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह को बधाई देते समर्थक।

### इंद्रजीत सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**कुशीनगर, अमृत विचार।** भाजपा ने विकास खंड मोतीचक के गांव सतभरिया निवासी निष्ठावान कार्यकर्ता इंद्रजीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन होने के बाद इंद्रजीत ने कहा कि पार्टी ने जो ज़िम्मेदारी दी है, उसका बखूबी पालन करूंगा। किसी भी कार्यकर्ता के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। लोकसभा चुनाव सिर पर है, कार्यकर्ताओं के साथ हर बूथ पर पार्टी को जीत दिलाने का काम किया जाएगा। इस के मनोनयन पर हाटा विधायक मोहन बर्मा, पवन केडिया, पूर्व विधायक अतुल सिंह, राणा प्रताप राव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह सोनू, वरुण कांत मिश्र, कुंवर आकाश सिंह, अरविंद रस्तोगी, राजकुमार सिंह, राजेश कुमार, बबलू शर्मा, उमेश कुमार सिंह, रामबहादुर सिंह, राजेश मिश्र, श्यामसुंदर यादव, अच्छेलाल आदि ने बधाई दी है।



निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे...

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उप नगर शोहरतगढ़ में श्री श्याम महोत्सव पर खाटू श्याम बाबा की निशान शोभा यात्रा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गयी। निशान शोभा यात्रा निकलने से पूर्व श्रीराम जानकी मंदिर में पुजारी टिल्लू शर्मा ने विधि-विधान से निशान ध्वज की पूजा कर अखण्ड ज्योति जलाई। श्रीराम जानकी मंदिर से निकली निशान यात्रा राजस्थान अतिथि भवन, गोलघर, भारत माता चौक, प्रेमगली, पुलिस बूथ होते हुए पुन: श्रीराम जानकी मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में महिलाएं, युवक व युवतियां खाटू श्याम का निशान लेकर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। इस दौरान वातारण हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे..., ओ सांवरिया हमें श्याम की जरूरत है..., जैसे गीत भी गूंज रहे थे। निशान यात्रा में चल रहे भक्तों पर छतों से लोग फूलों की बरसा कर रहे थे। पूरा कस्बा श्याम मय हो गया। शोभा यात्रा में खाटू श्याम बाबा की सुंदर झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष उमा वर्मा ने महिलाओं व पुरूषों पर फूलों की वर्षा की। इस दौरान राजेंद्र बोरा, अशोक बोरा, विजय परसुरामका, विनय परसुरामका, मनोज मित्तल, रवि अग्रवाल, नीलू रुंगटा, चंचल मित्तल, रंजीत मित्तल, श्यामू लाट, प्रदीप शर्मा, हरीश शर्मा, बब्लू गौड़, सोनू निगम, प्रतीक मिश्रा, नन्दू गौड़, सोनू अग्रवाल, विकास अग्रवाल, नीरज पोद्दार, दीपक कौशल, विकास तिवारी, सतीश मित्तल, बिष्णु बबूना, मनोज मित्तल, रीतेश अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अमित अग्रवाल, रेनू मित्तल, सुशीला वर्मा, ज्योति मित्तल, अर्चना अग्रवाल सहित भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चे शामिल रहे।

### पूर्व में निरस्त रेलगाड़ियों का संचालन किया गया बहाल

**गोरखपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के बीना स्टेशन पर प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य के चलते गाड़ियों का निरस्तीकरण किया गया था। जिसमें कुछ गाड़ियों का निरस्तीकरण समाप्त कर मार्ग परिवर्तन कर चलाया जायेगा। इनमें 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग ग्वालियर-गुना-मक्सी के रास्ते, 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मक्सी-गुना-ग्वालियर के रास्ते चलायी जायेगी। 19053 सूरत-मुज़फ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मक्सी-गुना-ग्वालियर के रास्ते चलायी जायेगी। 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस, ग्वालियर-गुना-मक्सी के रास्ते चलायी जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# महाप्रबंधक ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक एवं संरक्षक सौम्या माथुर ने शुक्रवार को सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में आयोजित तीन दिवसीय 6वें वार्षिक स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का का उद्घाटन मशाल प्रज्ज्वलित कर किया।

पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में रेल अधिकारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिये प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके बाद महाप्रबंधक ने सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में नवीनीकृत बैडमिन्टन हॉल का भी उद्घाटन किया। रेलवे प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले पूर्वोत्तर रेलवे के 92 खिलाड़ियों को खेल सम्मान-2024 से सम्मानित किया। महाप्रबंधक ने रेलवे अधिकारी क्लब में नव स्थापित जिम्नेजियम का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर अपर महाप्रबन्धक डीके सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वाराणसी, इज्जतनगर एवं लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं तथा मुख्यालय एवं मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी, उनके परिवारजन तथा खिलाड़ी उपस्थित थे। इस मौके पर जिमनास्ट बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह ने वार्षिक स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताये राउन्ड राबिन/नॉक आउट आधार पर खेली जायेंगी।



मशाल प्रज्ज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे।

### लखनऊ मंडल की टीम ने जीते दोनों मुकाबले

वार्षिक स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के पहले दिन क्रिकेट मैच में पुल-ए एवं पुल-बी में बांटकर खिलाड़ियों की पांच टीमें बनायी गई। 8 ओवर का मैच खेला गया। उद्घाटन क्रिकेट मैच में हेडक्वाटर रेड को लखनऊ मंडल ने 08 विकेट से तथा लखनऊ मण्डल ने इज्जतनगर मण्डल को भी 08 विकेट से हराकर दोनों मैच जीत लिया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**सेहत** | भोजन में फाइबर की कमी से कब्ज और मोटापे के शिकार हो रहे लोग, गेहूं खरीदकर पिसाने के लिए आटा चक्की तक जाने से कतराने लगे लोग

# सफेद रोटी खाने का शौक बिगाड़ रहा सेहत

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** वर्तमान में लोग सफेद रोटी खाने के चक्कर में चोकर निकाला हुआ आटा खा रहें हैं। आटे से चोकर के साथ ही फाइबर निकल जाने से लोग बीमार हो रहे हैं। महंगाई के दौर में किसानों के घर का गेहूं फ्लोर मिल जा रहा है और वहां से बना हुआ आटे का पैकेट लोगों के घरों तक पहुंच रहा है, इससे आटा की कीमत दोगुनी हो जा रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है कि लोग गेंहू सूखा कर उसे पिसवाना नहीं चाह रहे हैं। जबकि चिकित्सकों की माने तो फाइबर की कमी से कब्ज और मोटापे की समस्या बढ़ती है। साथ ही पाचन शक्ति भी क्षीण हो जाती है।

चिकित्सकों ने बताया कि गेंहू का आटा चोकर युक्त होने से वह फाइबर से भरपूर होता हैं। इससे यह आटा यह सुनिश्चित करता हैं कि आपका पेट लंबे समय तक भरा होना चाहिए। वह आपको भूख से बचने में मदद करता है। बताया की सफेद आटे से चोकर निकल जाने से इससे मोटापा और कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। बदली हुई जीवन शैली में कम महिलाएं ही घरों में गेहूं की सफाई और धुलाई कर रही हैं, जबकि पुरुष भी आटा चक्की तक गेहूं ले जाने को एक बड़ी समस्या समझ रहे हैं। इसी कारण पैकेट वाले आटे का बाजार बढ़ता जा रहा है। आटा चक्की में कम हुई गेहूं की गठरी भी इसकी गवाही दे रही है कि बदली हुई सोच ने लोगों को महंगाई और बीमारी की ओर ढकेल दिया है।



चक्की से गेहूं पीसता युवक।

### मेहनत से बचने के लिए सेहत पर लगा रहे दांव

आटा चक्की पर गेहूं की पिसाई का खर्च 3 से 4 किलो आता है। वहीं बाजार में विभिन्न ब्रांड के बिकने वाले आटे पांच किलो के पैकेट 160 से लेकर 180 रुपए तक मिल रहे हैं। वहीं फुटकर में 35 से 40 रुपया किलो तक आटा बिक रहा हैं। ऐसे में लोग गेहूं की चुनाई-सफाई और उसे आटा चक्की तक ले जाने की जहमत से बचने के लिए पैकेट वाला आटा खरीद कर उसको प्रयोग में लाना सुलभ समझते है।

### अब पिसाई के लिए गिनती की आती हैं गेहूं की गठरी

शहर के आटा चक्की मालिक कृष्णा ने बताया कि पांच साल पहले आटा चक्कियों में गेहूं की इतनी गठरी आती थी कि रात में भी पिसाई करनी पड़ती थी। हर दिन 60 से अधिक लोग गेहूं की पिसाई कराने आते थे, लेकिन अब तो 10- 12 लोग ही आ रहे हैं। आटा चक्की में गेहूं कम आ रहा है। कुछ लोग आते भी हैं तो वह आटा खरीदने आ रहे हैं। अधिकतर लोग आटा पिसवा कर खाने के जगह बाजार से खरीद कर खा रहें हैं

### गेहूं से दोगुने दाम में बिकता हैं आटा

गल्ला व्यापारी विघनेशवर ने बताया कि नया गेहूं 21.50 रुपया किलों बिक रहा हैं। जबकि वहीं पुराने गेंहू का रेट 23 से 24 रुपया किलो है। लोटन क्षेत्र के किसान अरविंद ने बताया कि किसानों के घर से गेंहू 21 रुपया किलो बिचौलिया खरीदते हैं। उसे फ्लोर मील पर 23 से 24 रुपया किलो बेचते हैं। किसान गेंहू पिसवाने के लिए जाए तो उसे तीन से चार रुपया किलो आटा पिसवाई देना पड़ेगा। इससे किसान के गेंहू की कीमत 25 से 26 रुपया किलो हो जाता हैं। लेकिन फ्लोर मिल से निकलने वाला सफेद आटा 30 से 40 रुपया किलो तक बिकता हैं। वही रोटी सुंदर बनाने के चक्कर में लोग सफेद आटे को खरीद कर खा रहे हैं।

### अब आटा खरीद कर रोटी खाना बना चलन

बाजार में 30 से 40 रुपये किलो आटा बिक रहा है। किराना मंडी की दुकान में पहले लोग गेहूं खरीदते थे, लेकिन अब ज्यादातर लोग आटा खरीद रहे हैं। पहले लोग गेहूं खरीदकर उसे साफ कराकर धुल करके पिसाई कराते थे। लोगों को परिवार के सेहत की चिंता ज्यादा थी। एक जमाना था जब लोग गेहूं की फसल की कटाई के बाद उसे घर में स्थित पत्थर के जाते पर हाथों से गेहूं पीसकर उसकी रोटी बनाकर खाते थे। सभी लोग स्वस्थ और निरोगी रहते थे।

## एक नजर

### भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने भेजी शिकायत

**बलरामपुर।** बलरामपुर जनपद के डाक विभाग कर्मियों कु मनमानी चरम पर है। काउंटर पर प्राय: अभद्रता भी आम बात है। अधिकांश लोग विवाद में न पड़ने और कोर्ट कचहरी के चक्कर में न पड़ने के कारण शिकायत नहीं कर रहे हैं तमाम सारी कठिनाइयों के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने बताया कि 37 दिन हो गए लेकिन उनके राष्ट्रीय बचत पत्र के सत्यापन हेतु लोक निर्माण विभाग को भेजा गया डाक अभी तक प्रेषित नहीं किया गया। उन्होंने डाक अधीक्षक गोंडा को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### एसपी ने किया ललिया थाने का औचक निरीक्षण

**बलरामपुर।** शुक्रवार को एसपी बलरामपुर केशव कुमार द्वारा थाना ललिया का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना मालखाना, थाना कार्यालय, अपराध रजिस्टर व त्योहार रजिस्टर, समस्त दस्तावेजों को अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्माणाधीन क्षेत्राधिकारी ललिया के कार्यालय, आरक्षी बैरक तथा थाना आवास, मेस आदि की साफ सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

### सपा नेता ने थामा भाजपा का दामन

**बलरामपुर।** सपा नेता स्वामी दयाल जयसवाल उर्फ लल्लू लाल जायसवाल ने निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू के आग्रह पर सेमरी चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए शामिल हुए। लल्लू लाल जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता देवेंद्र सिंह, शिवेन्द्र सिंह,अजय सिंह पिंटू, इंद्रजीत साहू आदि उपस्थित रहे।

### एचआरपीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य के निधन पर शोक

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद स्थित हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य और बेहद लोकप्रिय शिक्षक डॉ अर्जुन राम त्रिपाठी का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। पिछले काफी समय से बीमार चल रहे श्री त्रिपाठी का उपचार गोरखपुर स्थित एक प्राइवेट चिकित्सालय पर चल रहा था। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बताया कि डा. अर्जुन राम त्रिपाठी बेहद प्रतिभाशाली, सुशील, सहृदय और सेवाभावी हृदय के व्यक्ति थे।

# डीएम ने कोषागार का किया औचक निरीक्षण

## लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत कोषागार के कार्यों का लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** डीएम अरविन्द सिंह ने शुक्रवार को जिला कोषागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टाम्प, टिकट, अष्ट धातु की मूर्तियों, बीमा, पेशनर्स को दी जा रहीं सुविधाओं एवं उनके साथ कोषागार कर्मियों का व्यवहार, विभिन्न बिलों के भुगतान की स्थिति सहित अन्य अभिलेखों का गहन अवलोकन किया।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कोषागार के दायित्वों, गठित की गई विभिन्न व्यय अनुवीक्षण टीमों के कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कोषागार के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोषागार जिला प्रशासन का प्रमुख अंग है। जनपद के विकास एवं तमाम क्रिया-कलापों का संचालन कोषागार के माध्यम से हो पाता है। इसलिए, यह सुनिश्चित किया जाय कि कोषागार स्तर पर कोई भी कार्यवाही लम्बित न रहे तथा अभिलेखों का रख रखाव बेहद व्यवस्थित ढंग से किया जाय।

उन्होंने कहा कि कोषागार से वृद्धजनों एवं पेन्शनर्स को पेंशन का भुगतान किया जाता है। कोषागार में आने वाले हर वृद्धजन अथवा पेन्शनर से सौहार्दपूर्ण एवं सहयोग प्रदान करने वाला व्यवहार किया जाय। यह भी निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों से आने वाले बिलों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने के साथ ही पारदर्शिता के साथ काम किया जाय। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक यादव सहित कोषागार के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**तैयारी**

**अभिलेखों का रखरखाव बेहद व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश**



बलरामपुर कोषागार का निरीक्षण करते डीएम अरविन्द सिंह। अमृत विचार

### चुनाव में 600 छोटे तथा 500 बड़े वाहनों का होगा अधिग्रहण

**बलरामपुर।** चुनाव में प्रशासन को कुल करीब 1100 छोटे-बड़े वाहनों की जरुरत पड़ेगी। इनमें 600 छोटे तथा 500 बड़े वाहन शामिल होंगे। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी, बलरामपुर के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी यातायात/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए परिवहन विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार हल्के एवं भारी वाहनों को अधिगृहीत किये गये वाहनों के वाहन स्वामियों/चालकों को अधिग्रहण आदेश भेजा जा रहा है।

बलरामपुर में चुनाव पांचवें चरण में विधानसभा उतरौला जोकि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गोण्डा के अन्तर्गत आता है। उतरौला में दिनांक 20 मई, 2024 को चुनाव सम्पन्न कराया जाना है। इस बार वाहनों को दिये जाने वाले भाड़े में शासन द्वारा 40 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। इसमें 15 से 24 सीटर बसों को रुपये 1697 दैनिक, 25 से 34 सीटर बसों को रुपये 1912 दैनिक तथा 45 सीट से अधिक क्षमता वाले बसों को रुपये 2510 दैनिक तथा समस्त ईंधन अलग से देय होगा। हल्के वाहनों में डीजल चलित इंजन क्षमता 1450 सीसी तक के हल्के सवारी वाहन मोटर कार को रुपये 1460 दैनिक एवं ईंधन अलग से देय होगा। डीजल चलित 1450 सीसी से अधिक के हल्के सवारी वाहन जैसे-स्कार्पियो, बोलेरो, टवेरा, इनोवा व इनोवा क्रिस्टा, एक्सयूवी 500/700, सूमो/मेराजो व अन्य एसयूवी 05 सीटर से अधिक क्षमता रुपये 2140 दैनिक व ईंधन अलग से देय होगा। इसके अतिरिक्त पेट्रोल चलित इंजन क्षमता 1200 सीसी एवं 1200 सीसी से अधिक के वाहनों को रुपये 1264 दैनिक तथा ईंधन अलग से देय होगा। जिन वाहन स्वामियों को नोटस भेजी गयी है, उन्हें निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# तेंदुए ने दो मवेशियों को बनाया निवाला

**बलरामपुर, अमृत विचार।** वनरेंज जनकपुर क्षेत्र के ग्राम मदरहवा में तेंदुए के हमले से बछड़े की मौत हो गई है। गांव में ही नीलगाय का बच्चा भी तेंदुए के हमले में मृत पाया गया है। तेंदुए के आहट से पूरे गांव में दहशत बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देते हुए गांव में पिजड़ा लगाने की मांग की है।

मदरहवा निवासी समाजसेवी अशोक सिंह चौहान ने बताया कि मदरसा में तेंदुए के आहट से गांव में दहशत बना है। बीती रात्रि मे परसराम यादव के बछड़े पर तेंदुए ने हमला बोल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। गांव के बाहर नील गाय का बच्चा भी घायल अवस्था में मृत मिला है। बताया कि पूरे मामले की सूचना वन विभाग की उच्च अधिकारियों को दी गई है। ग्रामीणों ने पिजड़ा लगाने की मांग की है। जनकपुर रेंज अधिकारी अमरजीत प्रसाद ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को गांव में भेजा गया है। ग्रामीणों को एहतियातन जागरूक किया जा रहा है। बचाव को लेकर विभिन्न उपाय बताए जा रहे हैं।



बलरामपुर के मदरहवा गांव में तेंदुए के हमले के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

**ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग से कार्रवाई की मांग**

# मुल्क में अमन-चैन के लिए उठे हजारों हाथ

**बलरामपुर/उतरौला, अमृत विचार।** पाक रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को जिले में करीब 1029 मस्जिदों मे अलविदा की नमाज अदा की गई ।नमाज के दौरान हजारों लोगों ने मुल्क मे अमन -चैन, खुशहाली तथा कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी।

रमजान माह में अलविदा की नमाज ईद से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को पढ़ी जाती है ।नमाज के लिए मस्जिद व्यापक साफ सफाई की गई थी। मस्जिदों को बिजली की झालरों से सजाया भी गया था ।शुक्रवार को इन मस्जिदों मे हजारों लोगों ने जुमे के समय अलविदा की नमाज अदा की। कारी इकरार ने बताया की हर मुसलमान को अलविदा की नमाज जरूर अदा करनी चाहिए। बलरामपुर के साथ-साथ उतरौला, सादुल्लाह नगर तुलसीपुर, गैंसड़ी, पचपेड़वा,मथुरा बाजार तथा महाराजगंज तराई आदि क्षेत्रों में भी अलविदा की नमाज पूरे अकीदत के साथ अदा की गई। एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर पुलिस के साथ-साथ पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई थी।

**बलरामपुर में 1029 मस्जिदों में अदा की गई अलविदा की नमाज**

## सार-संक्षेप

### एसीएमओ ने सीज किया हेल्थ क्लीनिक



चमरुपुर में एसीएमओ द्वारा सील किया गया हेल्थ क्लीनिक। अमृत विचार

**बलरामपुर।** डीएम बलरामपुर के निर्देश पर जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों ,अवैध नर्सिंग होमों तथा पैथोलॉजी सेंटरों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में बिना किसी डिग्री के झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा है इसको लेकर जिला अधिकारी अत्यंत सख्त एवम कठोर है। ऐसे बिना डिग्री धारक डॉक्टरों द्वारा मरीजों जीवन के साथ यदि खिलवाड़ किया जाता है तो जिला अधिकारी का सख्त निर्देश है कि उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करा कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी के क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने चमरूपुर में अवैध रूप से संचालित मां हेल्थ क्लिनिक में बिना पंजीकरण, बिना किसी डिग्री के इलाज किया जा रहा था। जिसे सीज कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य कैंप में 215 मरीजों का नि:शुल्क इलाज

**बलरामपुर।** शक्तिपीठ देवीपाटन तुलसीपुर द्वारा संचालित मां पाटेश्वरी सेवाश्रम चिकित्सालय द्वारा क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र जनकपुर में नि :शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर इलाज किया गया। स्वास्थ्य कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपना इलाज करवाया है। अस्पताल के चिकित्साधिकारी रिटायर्ड कर्नल हिमांशु दीक्षित ने बताया कि सेवाश्रम के द्वारा जनकपुर मंदिर परिसर में नि :शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया , जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञों के द्वारा कैंप में पहुंचे 215 मरीजो का निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उनका इलाज किया गया है। मरीजों को मुफ्त दवा भी दी गई इसके अलावा भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया है। विभिन्न उपयोगी जानकारी दी गई है।

### होली मिलन समारोह मे दिखा भारत-नेपाल मैत्री संबंध

**बलरामपुर।** विकास खण्ड पचपेड़वा के ग्राम सभा बिशुनपुर विश्राम के एकलव्य विद्यालय में भारत–नेपाल होली मिलन महोत्सव समिति तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा विशाल होली मिलन महोत्सव समिति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलरामपुर रियासत के संयुक्त सचिव बृजेश सिंह ने कहा कि इस समिति के माध्यम से हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में मैत्री का भाव उत्पन्न होगा जिससे आने वाली पीढ़ी भारत–नेपाल के रिश्तों को और भी मजबूत करेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्णानगर नेपाल के मेयर रजत प्रताप शाह की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा हमेशा से ही दोनों राष्ट्रों में सौहार्दपूर्ण भाव को बढ़ाने के लिए निरंतर सीमा पर कार्यक्रम किए जाते हैं। आने वाले समय में मैं ऐसी आशा करता हूं कि इस कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया जाएगा। कार्यक्रम में संघ के सह जिला संघचालक अशोक प्रताप सिंह, जिला प्रचारक अनिल सिंह, सह जिला कार्यवाह शैलेन्द्र, सुभाष यादव, गोविन्द सिंह, जसवंत यादव, पूर्व प्रधान धनीराम थारू, प्रधान प्रतिनिधि संतोष थारू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोहर लाल थारू, श्रीप्रकाश सिंह सहित अनेक ग्रामवासी व नेपाल के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुशाग्र सिंह ने किया।

### सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं किए गए पुरस्कृत

**बलरामपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय घुघुलपुर बलरामपुर में सत्रावसान के अवसर पर कक्षा में सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को अंक पत्र, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या गीता मिश्रा ने कहा कि पूर्ण मनोयोग, निरंतरता , दृढ़ निश्चय के साथ किए गए मेहनत का परिणाम सफलता दिलाती है। सभी बच्चों के अंदर प्रतिभा है। एक संकल्प लें कि अगले शैक्षिक सत्र में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर इन छात्रों की जगह दूसरे छात्र भी अपना नाम दर्ज कराएं। कक्षा6,7,8 अ वर्ग में प्रथम स्थान पर क्रमश : पलक मिश्रा, आराध्या सिंह कलहंस सिद्धिका चौरसिया रही है। कक्षा 6,7, ब वर्ग में क्रमश : अभिषेक कुमार, मुस्कान का रहा है। कक्षा 9, 11 अ, ब में प्रथम स्थान क्रमश : आंचल शुक्ल, अभिषेक कुमार यादव, शिव नाथ मौर्य का रहा है। इसके अलावा द्वितीय, तृतीय स्थान पर नव्या श्रीवास्तव, रागिनी गुप्ता,नैंसी पटवा, अभिषेक सोनी, अनसिका चौरसिया, मोहम्मद शमसाद, अजीत कुमार, काती देवी द्वितीय स्थान एवं यश पटेल, आकाश कुमार दिलीप यादव कौस्तुभ त्रिपाठी नवनीत शर्मा सौरभ कुमार अर्चिता चौधरी स्टार सनी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महेश कुमार यादव, शंभू प्रसाद, जी डी वर्मा, एस के गुप्ता, पी के कन्नौजिया, स्मिता भारती, हिमांशु राय, डॉ. कंचन सिंह,बी एल यादव, जूही राय, सुमन सिंह, मोहम्मद हसन, मोहम्मद मुर्तजा, उमेश कुमार व सरोजरानी तिवारी मौजूद रहे।

### नदी में डूबे बुजुर्ग का 24 घंटे बाद मिला शव

**बलरामपुर।** उतरौला कोतवाली क्षेत्र के के महुआधनी गांव निवासी 90 वर्षीय मोहम्मद उमर की गुरुवार को राप्ती नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई थी। नदी के किनारे उनका चप्पल, लूंगी व गमछा मिला था। पुलिस व गोताखोरों की घंटों मशक्कत के बाद शुक्रवार देर शाम उमर का शव बरामद किया गया।

### निर्माण सामग्रियों का एसपी ने बारीकी से किया मुआयना

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार की सुबह रिजर्व पुलिस लाईन में निर्माणाधीन महिला आरक्षी बैरक, पुरुष आरक्षी बैरक, अस्पताल और स्टोर रूम का गहनता से निरीक्षण किया। निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्रियों ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया व अन्य उपलब्ध सामानों के गुणवत्ता की बारीकी से जांचकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। मौजूद ठेकेदार को सीमेंट और सरिया समेत सभी निर्माण सामग्रियों को मानक के अनुरूप प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने जांचकर्ता अधिकारी को भवन निर्माण में पड़ने वाले बीम व कालम में कंक्रीट, बालू, सीमेंट, सरिया आदि निर्धारित मात्रा में प्रयुक्त कराने के लिये निर्देशित करते हुए मानक का पालन हरहाल में सुनिश्चित कराते रहने का निर्देश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन/क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन रजनीकान्त ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव व समेत तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने साइबर थाने का किया औचक निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत ने शुक्रवार को आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों को साइबर अपराध के ऑफलाइन व ऑनलाइन मामलों का अनुसंधान करने, साइबर अपराध के पीड़ितों को अतिशीघ्र न्याय दिलाने व साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाने का निर्देश दिया।

# हीट वेव की तैयारी का सीएमओ ने लिया जायजा



बलरामपुर में हीट वेव की तैयारी का जायजा लेते सीएमओ। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा में हीट वेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा डॉ विजय कुमार को निर्देशित किया कि हीट वेव से पीड़ित रोगियों समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि सभी अस्पतालों के वार्डों में कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, वार्डों के खिड़की, दरवाजों पर पर्दे आदि लगवाया जाएे:पंखे दुरुस्त करवा लिए जाएं। ओआरएस की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित किया जाए। हीट वेव के उपचार से संबंधित सभी औषधियां उपकरण आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा पर स्थापित इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 15 अप्रैल तक भूसा मशीन चलाने पर लगा प्रतिबंध

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने गेहूं की तैयार फसलों में लग रही आग की घटनाओं के मद्देनजर भूसा बनाने वाली मशीनों पर 15 अप्रैल तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। जिलाधिकारी ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया है कि जनपद में गेहूं की फसल तैयार हो रही है। जिसकी सुरक्षित कटाई और भण्डारण नितांत आवश्यक है।

क्षेत्र से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विगत वर्षों में गेहूं की खड़ी फसलों में आग लग जाने के कारण क्षति दर्ज की गयी है। गेहूं की तैयार फसल को कृषकों द्वारा कम्बाईन मशीन और हाथों से कटाई की जाती है। कृषकों द्वारा कम्बाईन मशीन के साथ भूसा बनाने की मशीन (स्ट्रा रीपर) से गेहूं के बचे हुए डण्ठल को काटकर भूसा बनाया जाता है। विगत वर्ष के अनुभव और वर्तमान वर्ष की स्थिति के आधार पर स्ट्रा रीपर मशीन से निकलने वाली चिंगारी से फसल और उसके अवशेषों में आग लग जाती है। जिसके कारण आस-पास गेहूं की खड़ी फसलों में आग लगने की पूर्ण आशंका उत्पन्न होती है।

ऐसी स्थितियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा-30 के प्रस्तर-2 के बिन्दु संख्या-3, 5, 10 और 20 में वर्णित नियमों व निर्देशों के आधार पर संभावित आपदा के न्यूनीकरण व शमन हेतु स्ट्रा रीपर युक्त मशीन का प्रयोग आगामी 15 तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। समुचित व्यवस्थाओं जल का भण्डारण, अग्निशमन यंत्र, बालू आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कटाई कार्य कराए जाने की संस्तुति की जाती है। जिले में स्ट्रा रीपर युक्त मशीन के फसल अवशेष को काटने में प्रयोग किये जाने और फसल अवशेष में आग लगाने पर संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों, तहसीलदारों क्षेत्राधिकारियों प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को इस संबंध में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी लेखपालों बीट कांस्टेबलों और चौकीदारों को भी निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कहीं भी स्ट्रा रीपर युक्त मशीन से फसल अवशेष की कटाई न हो। अगर ऐसा होता पाया गया तो मामले की सूचना सम्बन्धित थाना प्रभारी और एसडीएम को तत्काल दें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा अपने ग्राम स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों के माध्यम से भी निगरानी कराते हुए सुनिश्चित किया जाय कि कहीं भी स्ट्रा रीपर युक्त मशीन से फसल अवशेष की कटाई न हो। राजस्व और कृषि विभाग द्वारा अग्निकाण्ड से होने वाली घटनाओं से बचाव के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण लखनऊ और राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी सुरक्षा नियमों का हर हाल में पालन करें।

**भूसा मशीन की चिंगारी से आग लगी तो सम्बन्धित के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम**

### निर्धारित सुरक्षा नियमों का हो अनुपालन

डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए शासन द्वारा जारी सुरक्षा नियमों के अनुपालन का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। गेहूं फसल की कटाई के समय और बाद में निम्न सावधानियों का अनिवार्य रूप से पालन करें। जिससे आग लगने की घटना को पूर्णत : रोका जा सके। कम्बाईन मशीन यंत्रों के प्रयोग से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि इसमें किसी प्रकार की टूट-फूट न हो। कोई नट बोल्ट ढीला न हो, किसी प्रकार का ऑयल लिकेज न हो, बैटरी, सेल्फ और सभी वायर कनेक्शन अच्छी प्रकार से लगे हों और अच्छी तरह से काम कर रहे हों। जिससे स्पार्क होने से चिंगारी निकलने की सम्भावना न हो। साईलेन्सर पर स्पार्क अरेस्टर लगाना सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी रहता है। कटाई के समय पर्याप्त मात्रा में पानी के टैंक, ड्रम, आग बुझाने वाला यंत्र (फायर स्टींग्यूसर) को साथ में रखा जाय। फसल कटाई के समय निकटस्थ ट्यूबबेल से पानी की उपलब्धता के सम्बन्ध में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित रखी जायं।

**इबादत** | बड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई अलविदा की नमाज

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** शुक्रवार को रमजान महीने के आखिरी जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न हो गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंच कर जुमे की नमाज अदा करते हुए मुल्क के अमन और तरक्की की दुआ किया।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद बृजेश सिंह और कोतवाली प्रभारी आरके सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ सभी प्रमुख मस्जिदों और नमाज स्थलों के आसपास पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। एसडीएम धनघटा और मेंहदावल ने क्षेत्राधिकारी मेंहदावल व क्षेत्राधिकारी धनघटा के साथ ही सम्बन्धित थाना प्रभारियों के साथ गांवों और कस्बों में अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल से सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया। सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। अलविदा की नमाज सकुशल सम्पन्न हो जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लिया।



अलविदा की नमाज के दौरान पैदल गश्त करते एडीएम और एएसपी। अमृत विचार

### दो स्थानों पर लगी आग में सात घर जले

**बलरामपुर।** तुलसीपुर थाना क्षेत्र के शीतलापुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में पशु शाला सहित फूस के छह घर जलकर राख हो गए। आग से पशु शाला में बंधी एक बकरी की जलकर मौत हो गई जबकि तीन बकरियां घायल हो गई ।पुलिस फायर सर्विस के समय पर पहुंचने से बड़ी घटना टल गई ।शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से शीतलपुर में छप्पर के घरों में आग लग गई जिसमें विष्णु शंकर, कमरुद्दीन, बुधना मिश्रा व अलाउद्दीन का छप्पर का घर व घर में रखें सभी सामान जलकर राख हो गया। दूसरी घटना थाना महाराजगंज तराई मे हुई। क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैनहवा निवासी संदीप ने बताया कि दोपहर 2 :00 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग में घर में रखा नकद 1500 रुपए साइकिल अनाज व कपड़ा सहित जलकर राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल अमित वर्मा ने बताया है कि क्षति का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

# 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी गेहूं की खरीदारी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में डिप्टी आरएमओ रूपेश सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रूपए प्रति कुन्तल की वृद्धि करते हुए 2275 रूपए प्रति कुंतल की दर निर्धारित किया गया है।

इस वर्ष शासन द्वारा जारी क्रय नीति के प्रस्तर 7.8 के अनुसार यदि क्रय केन्द्रों पर गेहूं की उतराई छनाई और सफाई का कार्य केन्द्र पर उपलब्ध श्रमिकों द्वारा किया जाता है तो कृषक द्वारा श्रमिकों से कराने पर वास्तविक व्यय के आधार पर वार्ता कर समझौता के अनुरूप अथवा अधिकतम 20 रुपए प्रति कुन्तल की दर से भुगतान किया जाएगा। इसके लिए कृषक को 20 प्रति कुंतल की दर से पीएफएमएस के माध्यम से उसके बैंक एकाउन्ट में प्रतिपूर्ति क्रय एजेन्सी द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जनपद में 64 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वर्ष आवंटित लक्ष्य की पूर्ति के लिए जिले में 4 क्रय एजेन्सियों के क्रय केन्द्र स्थापित किये गए हैं। जिसमें खाद्य विभाग को 23 हजार 200 मीट्रिक टन, पीसीएफ को 39 हजार 500 मीट्रिक टन, कृषि उत्पादन मण्डी समिति को 800 मीट्रिक टन और भारतीय खाद्य निगम को 500 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनपद में कुल 68 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया जा चुका है, जिनमें खाद्य विभाग के 24, पीसीएफ के 41, कृषि उत्पादन मण्डी समिति के 1 और भारतीय खाद्य निगम के 2 क्रय केन्द्र अनुमोदित हैं। जनपद में कुल 1916 कृषकों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए पंजीकरण कराया गया है।

**68 क्रय केंद्रों पर होगी 64 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद**

# अमेठी-रायबरेली सीट पर अपनों में फंसी कांग्रेस

## नेतृत्व की चुप्पी से कार्यकर्ताओं में बेचैनी, राहुल-प्रियंका और राबर्ट वाड्रा में आखिर कौन

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमेठी-रायबरेली के राजनीतिक हलके में रोज नित नए खुलासे किए जा रहे हैं। दोनों जिले के लोकसभा प्रत्याशी को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं के होठों पर मुस्कान है तो वहीं शब्दों में तलवारें। उनको मालूम है कि अगर जुबान फिसल गई तो विरोधियों की तलवारें चलने लगेगी, जो वोट बैंक की फसल काट देगी। दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे हैं, वो बस मांग रहे हैं जनता से अपने हिस्से के वोट गांधी परिवार के समर्थन में।

राबर्ट वाड्रा के बयान के बाद अमेठी में उनके नाम की भी चर्चा होने लगी कि दामादजी ही कांग्रेस की नैया पार लगाएंगे। वहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद से रायबरेली में चुप्पी छाई थी। ऐसी चुप्पी जैसे मन करता हो किसी ने कांग्रेसियों पर पत्थर गिरा दिया हो। पर राबर्ट के एक चैनल को दिए इंटरव्यू के बाद हर कोई बोलने लगा है दामाद अगर अमेठी और रायबरेली से प्रियंका या राहुल गांधी में से एक कोई चुनाव मैदान में आए तो दोनों जगह गांव-गांव बाहें फैलाकर कांग्रेसी उनको जिताएंगे।

रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी को लेकर एक इंटरव्यू में कहा है कि मेरे लिए यह मांग आ रही है कि मैं अमेठी को या देश के किसी भी कोने को प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा बोले अगर मैं सांसद बनने का फैसला करता हूं तो अमेठी के लोग मुझसे अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद करते हैं।

वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी और सुल्तानपुर में कड़ी मेहनत की है। प्रियंका गांधी का भी अमेठी-रायबरेली की जनता से खासा लगाव है।




### अजब रणक्षेत्र

**दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे- बस मांग रहे जनता से कांग्रेस और गांधी परिवार के समर्थन में वोट**

### हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा

कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि रायबरेली-अमेठी दोनों सीट पार्टी जीतेगी। इसके लिए 2019 में स्मृति ईरानी से मिली हार के बाद से ही हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति पर काम चल रहा है, जो 2024 के चुनाव में दिखेगा। प्रदेश में हमारा वोट शेयर यहां सबसे ज्यादा होगा।



### 1967 में इंदिरा गांधी तो 2004 में आईं सोनिया गांधी

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था। वहीं 2004 में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आईं। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

### स्मृति ईरानी से अमेठी के लोग परेशान : वाड्रा

अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी से परेशान हैं। लोगों को लगता है कि उन्होंने उन्हें चुनकर गलती की है। अमेठी के लोग चाहते हैं कि अब यहां से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़े। वे मेरी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। प्रियंका की क्या सोच है या बाकी लोगों की क्या सोच है उस बारे में अमेठी के लोग इंतजार करें।

### रायबरेली सीट

| वर्ष | पार्टी | प्रत्याशी | कुल वोट | वोट दर | जीता कौन |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 534918 | 56% | 167178 वोटों से सोनिया गांधी |
| | भाजपा | दिनेश प्रताप सिंह | 367740 | 38% | |
| 2014 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 526434 | 64% | 352713 वोटों से सोनिया गांधी |
| | भाजपा | अजय अग्रवाल | 173721 | 21% | |
| 2009 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 481490 | 72% | 372165 वोटों से सोनिया गांधी |
| | बसपा | आरएस कुशवाहा | 109325 | 16% | |

### अमेठी सीट

| वर्ष | पार्टी | प्रत्याशी | कुल वोट | वोट दर | जीता कौन |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | भाजपा | स्मृति ईरानी | 468514 | 50% | 55120 वोटों से स्मृति ईरानी |
| | कांग्रेस | राहुल गांधी | 413394 | 44% | |
| 2014 | कांग्रेस | राहुल गांधी | 408651 | 47% | 107903 वोटों से राहुल गांधी |
| | भाजपा | स्मृति ईरानी | 300748 | 34% | |
| 2009 | कांग्रेस | राहुल गांधी | 464195 | 72% | 370198 वोटों से राहुल गांधी |
| | बसपा | आशीष शुक्ला | 93997 | 15% | |

## मतदाता जागरुकता अभियान में जुटे विद्यार्थी



बाराबंकी में मतदाताओं को जागरुक करती शिक्षिका। अमृत विचार

**लखनऊ अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग ने मुहिम शुरू कर दी है। इसके लिए छात्र- छात्राएं न केवल निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बल्कि रंगोली, स्लोगन व दीवार लेखन के जरिए लोगों को प्रेरित करने केलिए जुट गए हैं। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया है। शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों से अपील करते हुए कहा गया है कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें।

## मतदाताओं को लुभा रहा रामनगरी का विकास

# चुनाव की अंतर्धारा में गूंज रही अयोध्या



### अयोध्या पहुंच रहे प्रदेश के हजारों मतदाता

पड़ोस के गोंडा, बस्ती, अंबेडकरनगर से बाराबंकी तक के हजारों श्रद्धालु मतदाता दर्शन-पूजन के लिए रोज अयोध्या पहुंच रहे हैं। साफ कहते हैं कि अयोध्या का विकास अदभुत है। इसका प्रभाव पड़ोस के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर पड़ रहा है। बस्ती के परशुरामपुर के दिलीप कुमार पांडेय कहते हैं कि अयोध्या के साथ राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ स्थल से चलने वाली परिक्रमा से क्षेत्रका विकास होगा। यह चुनाव में प्रभाव डाल रहा है। गोंडा के परसपुर से आए रज्जन तिवारी कहते हैं अयोध्या का प्रभाव बाबा तुलसी की जन्म स्थली पसका और राजा पुरवा तक दिख रहा है। अयोध्या से विकास का मुद्दा यहां भी है।

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले के साथ प्रदेश के अन्य जिलों के चुनाव की अंर्तधारा में अयोध्या गूंज रही है। इन जिलों के मतदाताओं को रामनगरी का विकास लुभा रहा है। कई हजार करोड़ की परियोजनाएं, लाखों श्रद्धालुओं की आमद से बदली तस्वीर उन्हें रास आ रही है। अयोध्या से उनको बड़ी उम्मीद है। ऐसे विकास की अपेक्षा करते हैं। अयोध्या का विजन पड़ोस में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है।

अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं है। कुछ पूरी हो गई तो कुछ पूरी होने वाली है। एयरपोर्ट से आधुनिक रेलवे स्टेशन, चौड़ी सड़कें, हाईवे से जुड़ाव ऐसे काम है साफ दिखते हैं। पड़ोसी जिले के लोगों को लुभाते हैं। चुनाव का दौर है। तुलना स्वाभाविक है। गोंडा तरबगंज के शेष नरायन पांडेय दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आए। कहते हैं अयोध्या बहुत बदल गई। इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी थी। हमारे जिले में भी ऐसा होता तो कितना अच्छा रहता। बात छेड़ते हैं 84 कोसी परिक्रमा की।

अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू हो रहा है। लगभग 232 किमी. लंबा यह मार्ग अयोध्या सहित पड़ोस के पांच जिलों बस्ती, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा से होकर निकलता है। फोरलेन पथ बनेगा, श्रद्धालुओं की आवाजाही होगी। गोंडा में लगभग 60 से 70 किमी. की दूरी है। बस्ती में 30 से 40 किमी.। बाराबंकी और अंबेडकरनगर में भी कुछ दूरी है। पथ और पथ के इर्द-गिर्द बड़े धर्मस्थल, ऋषियों की तपस्थलियां है। 84 कोसी परिक्रमा पथ निर्माण से विकास की उम्मीद है। इसके बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उनके क्षेत्र का भी विकास होगा। अयोध्या का यह विजन चुनाव में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है। इन जिलों के प्रत्याशी भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष अयोध्या से होने वाले विकास को भुना रहे हैं।




### विकास का नया द्वार खोलेगा एडीए का विस्तार

चुनाव की अंतरधारा में अयोध्या विकास प्राधिकरण का विस्तार भी है। गोंडा और बस्ती के लिए अयोध्या वरदान बन रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण का क्षेत्र बढ़ा। अयोध्या जिले के 154 गांवों के साथ गोंडा के 63 और बस्ती के 126 गांव शामिल कर दिए गए। यह विस्तार गोंडा के नवाबगंज तक पहुंच गया। यह सरयू पार के गांव है। ज्यादातर कछारी थे। जमीनों के दाम बढ़े। बड़े होटल और धर्मशालाओं के साथ दुकान और प्रतिष्ठान बन रहे हैं। रिवर फ्रंट जैसी स्थिति बन रही है। नई अयोध्या उधर बढ़ रही है। रौनक बढ़ गई। गोंडा, बस्ती में यह विकास का द्वार खोल रहा है।

# योजनाओं के आगे फीकी वादों की गठरी

## मोदी की मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं बन रहीं गेमचेंजर

## बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थ के दाम और महंगाई के मुद्दे क्यों हैं बेअसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सखी सईंया तो खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाये जात है.. जब 13 अगस्त 2010 को रिलीज़ हुई पीपली लाइव फिल्म तो इस गीत ने कमाल का असर दिखाया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर इस कदर हमले किए कि देखते ही देखते चार साल के भीतर कांग्रेस सरकार और महंगाई एक-दूसरे के पूरक बन गए। नतीजा रहा कि भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता ही नहीं छीनी, कांग्रेस मुक्त अभियान को भी असरदार बनाया। लेकिन अब पेट्रोलियम पदार्थों से लेकर आम जरूरत के हर सामान का दाम दिन दूना रात चौगुना रफ्तार से बढ़ने के बावजूद महंगाई का मुद्दा असरदार नहीं दिख रहा है।

महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर जनता में लामबंदी बहुत कम देखी जाती है, लोग सड़कों पर नहीं उतरते तो मान लीजिए कि यह सरकारों का सौभाग्य है। लेकिन असल में यही देश का दुर्भाग्य भी है। नेता एक-दूसरे को कोसते रह जाते हैं। कोई कहता है पुराने दिन ही भले थे, कोई अच्छे दिन की ढांढस बंधाता रह जाता है। लेकिन समस्या जस की तस मुंह बाये खड़ी है। ऐसे में मोदी सरकार की गांव से लेकर शहर तक मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं वोट की गांरटी बन गई हैं।



### इंडिया गठबंधन का महंगाई घटाने व रोजगार पर फोकस




लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के जारी हुए 48 पेज के न्याय घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गांरटी के जरिए महंगाई पर करारा हमला करते हुए रोजगार पर फोकस ज्यादा है। रसोई गैस समेत कई प्रमुख जरुरतों के दाम अपनी पिछली सरकार के स्तर पर लाने का वादा भी है। युवा, महिला, मजदूर और किसान के लिए खास वादे हैं। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की योजनाओं का वादा किया गया है। लेकिन मोदी की गारंटी के आगे घोषणा पत्र कितना असर दिखाएगा, यह परिणाम तय करेंगे।

### मतदाताओं को लुभाती मोदी की यह 10 योजनाएं

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना :** मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में इसका खूब असर दिखा था, इस चुनाव में भी बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है। योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।
- **महिला सम्मान बचत पत्र :** पिछले साल आम बजट 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7 .5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है, कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक खाता खुलवा सकती है।
- **पीएम विश्वकर्मा योजना :** इस योजना को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले लागू किया, बाद में केंद्र सरकार ने अपनाया। हाल यह है कि चुनाव में खासा असर दिखा रही है। नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर।
- **पीएम स्वनिधि योजना :** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 1 जून 2020 को हुई थी। इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है।
- **पीएम किसान सम्मान निधि :** पीएम किसान सम्मान निधि का एलान प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है।
- **आयुष्मान भारत योजना :** आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है।
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को दो लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपए सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं।
- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्यत से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है।
- **अटल पेंशन योजना :** यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है।
- **उज्ज्वला योजना :** मोदी ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

# कहीं नहीं दिख रहा चुनाव का जोर

हरदोई

**अमृत विचार:** एक समय था जब चुनाव की घोषणा होते ही सड़कों पर शोर शराबा, रैलियां शुरू हो जाती थीं, बड़े-बड़े वाहनों पर गाते बजाते लोग प्रत्याशी के लिए वोट मांगने लगते थे, लेकिन अब समय बिल्कुल बदल गया है। 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर किसी भी प्रत्याशी या उनके समर्थकों में कोई उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। केवल जिला प्रशासन स्वीप रैलियां व बैठकें कर रहा है।

प्रशासन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं, लेकिन प्रत्याशी व जनता बिल्कुल शांत है। गांव से लेकर शहर तक किसी भी प्रत्याशी की हार-जीत को लेकर कोई चर्चा अब तक नहीं हो रही है। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अब चुनावों से पहले होने वाला शोर शराबा, पोस्टर बाजी, बिल्ला स्टीकर कहीं नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। पहले चुनाव शुरू होते रिक्शों पर बाइक बांध कर सुबह से रात तक चुनावी प्रचार होता रहता था। गलियों से लेकर मुख्य चौराहे तक बड़े-बड़े पोस्टर, होर्डिंग्स से पट जाते थे। गांव में बच्चे तक चुनावी बिल्ला, झंडा लिए दिखाई पड़ते थे। शहर से लेकर गांव तक चुनाव की धूम मची रहती थी, लेकिन अब चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अधिसूचना जारी होते ही प्रचार सामग्री हटाई जाने लगती है। चुनाव को लेकर सिर्फ प्रशासन की तैयारियां दिखाई पड़ रही हैं। मतदान बढ़ाने को लेकर गांव से शहर तक हर वर्ग की रैलियां निकाली जा रही हैं। जिले का चुनाव इतना शांत है कि जनता में किसी प्रत्याशी के लिए कोई उत्साह नहीं है। वर्षों से जिन दो चेहरों को वह सांसद के रूप में देख रहे हैं, वहीं चेहरे फिर मैदान में हैं। चुनाव जीतने के बाद दोनों चेहरे जनता से रूबरू नहीं होते हैं।

**शांत बैठे हैं प्रत्याशी व राजनीतिक दल, गायब हो गए माइक व भोंपू**



शैली प्रचार की | राजधानी लखनऊ में चुनावी अंकगणित मजबूत करने की कवायद में जुटी भाजपा

# बूथ मजबूत कर भाजपा प्रचार अभियान में बाजी मारने को तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक ओर मोदी की चुनावी पाठशाला और नमो ऐप के जरिए जन-जन से सीधे संवाद तो दूसरी ओर पन्ना प्रमुख बना बूथ मजबूत कर आगे बढ़ता भाजपा का चुनावी कार्यक्रम अब धीरे-धीरे रफ्तार लेने लगा है।

जहां विपक्षी दल अभी उम्मीदवार तय करने में फंसे नजर आ रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई एलईडी वाहनों की परमीशन ले अपने चुनावी अभियान में अन्य दलों से ''लीड'' लेती दिख रही है। कोई भी ऐसा अवसर भाजपाई हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं जहां उनकी चुनावी ''अंकगणित'' मजबूत न हो रही हो। चाहे वह भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे होली मिलन समारोह के कवि सम्मेलन हों या फिर आने वाले दिनों में होने वाले महानगर के स्थापना दिवस समारोह।




### कम भीड़भाड़ वाले स्थलों पर वीडियो वैन बताएंगी उपलब्धियां

कम भीड़भाड़ और ज्यादा से ज्यादा लोगों के गुजरने वाले स्थानों पर ये वीडियो वैन सरकार की उपलब्धियां बताती नजर आएंगी। इनमें एलईडी लगी होगी जो मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

### अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे

शहर के अलग-अलग इलाकों में होते होली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन के जरिए व्यापारियों के बीच सीधे प्रवेश कर मंचों से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते नजर आ रहे हैं। सरकार के मंत्री हों या फिर विधायक अथवा कोई अन्य जनप्रतिनिधि, ज्यादातर सभी मंच पर भाजपा का प्रतिनिधित्व नजर आ रहा है। लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी बताते हैं कि हम प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। आगामी दिनों महानगर अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसके जरिए भी बूथ कार्यकर्ताओं तक पहुंच उन्हें चुनावी रणनीति से अवगत कराया जाएगा। बुधवार की शाम पांडेयगंज व्यापार मंडल के कवि सम्मेलन में कई बड़े कवि भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते दिखे। वीर रस के वरिष्ठ कवि वेदव्रत वाजपेयी ने सुनाया 'भारत मां तेरे बेटों का हर संकट टल जाएगा, चक्र सुदर्शन पहली गाली देने पर चल जाएगा, हमने जो भी कस्में खाईं सब पूरी कर डाली है, इस मिट्टी को कंचन करने की सौगंध उठा ली है, खंडित भारतमाता की पूरी तस्वीर बनाएंगे, अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे।

**नमो ऐप के जरिये जन-जन से संवाद की मुहिम**

### मतदाताओं को जगाने में जुटे एलईडी वाहन

- भले ही राजधानी लखनऊ में चुनाव 20 मई को हों लेकिन भाजपाई प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। एलईडी वाहन बाकायदा मतदाताओं को जगाने में लग चुके हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी के मुताबिक प्रचार के लिए एलईडी वाहनों (वीडियो वैन) की परमीशन दे दी गई है। आठ अप्रैल से सभी एलईडी वाहन प्रचार अभियान में जुट जाएंगे।

# भाजपा के गढ़ में बसपा के बागी पर कांग्रेस का दांव

**अनंत कृष्णन, मऊ**

पूर्वांचल के वीआईपी जिलों की श्रेणी में आने वाले गोरखपुर जिले की बांसगांव सुरक्षित लोकसभा सीट पर चाय-पान की दुकानों में इस बार भी मुकाबला कांटे का ही होने की उम्मीद जताई जा रही है। यहां भाजपा ने तीन बार से लगातार जीत रहे कमलेश पासवान पर जहां पुनः भरोसा जताया है तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने बसपा के बागी सदल प्रसाद पर दांव लगाया है। सदल प्रसाद 2004, 2014 और 2019 के चुनाव इस सीट पर हार चुके हैं। लेकिन 2014 व 19 में उनकी हार का अंतर कम रहा था। बसपा ने अभी इसी सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

**बांसगांव संसदीय सीट**

बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान को अपने विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के साथ राम मंदिर से बने माहौल में आश्वस्त हैं कि वह जीत का चौका लगाने में कामयाब होंगे। कमलेश पासवान भाजपा के उन सांसदों में हैं, जिनकी संसद में उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है। उन्होंने पिछले कार्यकाल में संसद में लिखित व मौखिक रूप से 150 से अधिक सवाल पूछे थे। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं। सदल प्रसाद को उम्मीद है कि इस बार उन्हें संसद में पहुंचने का रास्ता मिल जाएगा। हालांकि हर किसी की निगाह बसपा के हाथी की चाल पर लगी हुई है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से वह किस करवट बैठेगा।

- जीत का चौका लगाने के लिए भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान कर रहे जी तोड़ मेहनत
- लगातार दो बार से बसपा के टिकट पर लड़ रहे सदल प्रसाद इस बार कांग्रेस-सपा गठबंधन से दे रहे चुनौती

**75%** रही है संसद में कमलेश पासवान की उपस्थिति






कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद यहां से चार बार चुने जा चुके सांसद, 1980, 84 और 89 के बाद 2004 में जीते

## किस विस में कितने मतदाता

- बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,55,437 हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,91,459 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,63,938 है। बांसगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,79,709 है। इनमें पुरुष 2,07,012 और महिला 1,72,680 हैं। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,36,617 हैं। इनमें पुरुष 2,34,961 और महिला मतदाता 2,01,650 हैं। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,16,397 हैं। इनमें पुरुष 1,63,109 और महिलाएं 1,53,274 हैं। बरहज में कुल मतदाता 3,18,481 हैं। इनमें पुरुष मतदाता 1,64,338 और महिला मतदाता 1,54,132 हैं।



## सदल प्रसाद का अपना आधार



- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद का क्षेत्र में अपना मजबूत आधार है। उनकी बसपा के काडर वोट पर मजबूत पकड़ है। वे बसपा के परंपरागत मतदाताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सदल प्रसाद 2004 में महावीर प्रसाद से 16 हजार से अधिक वोटों से हारे थे। 2009 में प्रदेश सरकार में मंत्री होने के कारण सदल प्रसाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़े थे। हालांकि उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि बसपा यहां दूसरे और कांग्रेस के महावीर प्रसाद चौथे नंबर पर चले गए थे।

### बसपा का नहीं खुला खाता

- इस सीट पर बसपा का अभी तक खाता नहीं खुला है। पार्टी सदल प्रसाद के दम पर ही इस सीट को जीतने की लगातार कोशिश करती रही पर उसे सफलता नहीं मिली। अब देखना यह है कि पार्टी यहां किस चेहरे पर दांव लगाती है।



### पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में गोरखपुर की चौरीचौरा, बांसगांव, चिल्लूपार और देवरिया जिले की रुद्रपुर और बरहज विधानसभा सीटें आती हैं। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जबरदस्त प्रभाव है। उनकी कड़ी मेहनत और क्षेत्र के विकास की वजह से ही पार्टी के पास यहां पांचों विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं।

### मोलहू प्रसाद का अनोखा प्रचार

बांसगांव लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार का एक अलग अंदाज 1967 के लोकसभा चुनाव में मोलहू प्रसाद ने दिखाया था। वह साइकिल पर सवार होकर खजड़ी बजाते, लोक गीत गाते हुए क्षेत्र में निकलते और लोगों से मिलते थे। मोलहू प्रसाद सांसद चुन लिए गए थे।

## बांसगांव सीट : जीत-हार का इतिहास

- बांसगांव सीट पर 1952 और 1962 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। इसके बाद यहां से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने जीत दर्ज की। 1971 में यह सीट पुन: कांग्रेस के खाते में आई लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस को यह सीट गंवानी पड़ी थी।
- 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के महावीर प्रसाद ने यहां जीत दर्ज की और वे लगातार तीन चुनाव जीतने में कामयाब हुए। इस सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाने लगा था। लेकिन 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनावों में कांग्रेस को यहां करारी हार झेलनी पड़ी।
- 2004 के लोकसभा चुनाव में शाइनिंग इंडिया का नारा फेल होने के बाद कांग्रेस के महावीर प्रसाद पुन: जीते। पर 2009 में यह सीट भाजपा के पास चली गई। कमलेश पासवान यहां से सांसद बने और लगातार जीत रहे हैं।



**13495** वोट पड़े थे नोटा में वर्ष 2014 के चुनाव में

**14093** नोटा को वोट 2019 के लोकसभा चुनाव में

**03** नंबर पर थे 2019 चुनाव में नोटा के मिले वोट

**17** प्रदेश की आरक्षित सीटों में यहीं भाजपा प्रत्याशी चौथी बार

### राम लहर में खुला भाजपा का खाता

- 1991 की राम लहर में यह सीट भाजपा के खाते में आई। 1996 में जब चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान को यहां से मैदान में उतारा और वह जीत गईं। तब सुभावती को सहानुभूति का लाभ मिला था क्योंकि उनके पति पूर्व विधायक ओमप्रकाश की हत्या हो गई थी। हालांकि 1998 और 1999 में यह सीट पुन: भाजपा के कब्जे में आई। सुभावती पासवान यहां से लगातार हारीं तो उन्होंने राजनीतिक विरासत पुत्र कमलेश पासवान को सौंप दी। 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले कमलेश ने गोरक्षपीठ का रुख किया और भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़ा और ऐसा जीते कि तीन बार से जीत रहे हैं।

## राष्ट्रीय दलों का पंजाब के साथ हमेशा उपेक्षा भरा बर्ताव

**लुधियाना।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने राष्ट्रीय दलों पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत जैसा मानते हैं और इसे 'हड़पना' चाहते हैं। उन्होंने राज्य में फ्लाईओवर, पुल, सीवरेज सिस्टम और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों पर बात करते हुए दावा किया कि ऐसे सभी काम शिअद कार्यकाल के दौरान हुए थे। बादल पंजाब के पूर्व मंत्री जगदीश सिंह गरचा के स्वागत समारोह में बोल रहे थे, जो चार साल के अंतराल के बाद गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में लौट आए। बादल ने कहा कि राष्ट्रीय दल पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत के रूप में मानते हैं और राज्य के लोगों का दिल जीतने की कोशिश करने के बजाय इसे अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा का शिअद के लिए पंजाब और पंजाबियों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। हम राष्ट्रीय पार्टियों की तरह पंजाब के मूल मुद्दों पर कभी समझौता नहीं कर सकते। कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर आप सरकार पर निशाना साधते हुए बादल ने कहा, एक बार शिरोमणि अकाली दल के सत्ता में लौटने पर कोई भी गैंगस्टर या उनके संरक्षक राज्य में नहीं रहेंगे। मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप के सात वर्षों के शासन के दौरान, विकास कार्यों में रुकावट का सामना करना पड़ा, नागरिक बुनियादी ढांचा तक बदहाल है। बादल ने यह भी कहा कि आप और कांग्रेस पंजाब में 'छद्म युद्ध' में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां केंद्र में गठबंधन में हैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ मंच भी साझा किया था। लेकिन दोनों पार्टियां पंजाब में लोगों को गुमराह कर रही हैं।


सुखबीर सिंह बादल




**सबका ख्याल** नागपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक दुकान पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित प्रचार सामग्री को तैयार करने में जुटा कारोबारी।

## संजय निरुपम नवरात्र में करेंगे खुलासा

**मुंबई।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता संजय निरुपम को अनुशासनहीनता में निष्कासित कर दिया है, हालांकि निरुपम का दावा है कि वह पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। अब संजय निरुपम ने साफ कर दिया है कि वह इस बार भी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से ही लड़ेंगे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के लिए रूप में नहीं, बल्कि किसी पार्टी के टिकट पर उतरेंगे। इसके लिए सभी को नवरात्र तक इंतजार करना चाहिए। अभी तक के संकेतों में वह भाजपा या उसके किसी सहयोगी दल में जा सकते हैं। संजय निरुपम ने गुरुवार को कहा था कि महाराष्ट्र में मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से खिचड़ी चोर अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया है। महा विकास अघाड़ी के इस प्रत्याशी को वह कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस!

**महेश शर्मा**

**गाजियाबाद।** दिल्ली की करवट में बसे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ना शुरू दिया है। यहां से वर्तमान सांसद जनरल (रि) वीके सिंह की जगह भाजपा ने हापुड़ के अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है। उनके प्रचार अभियान को धार देने के लिए गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कानपुर के एमएलसी मानवेंद्र सिंह प्रवास कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को रोड शो करके यहां मतदाताओं को रिझाएंगे। दूसरी तरफ सपा समर्थित कांग्रेस की डॉली शर्मा मैदान में हैं। हालांकि यहां बसपा का भी प्रत्याशी है, लेकिन शुरुआती तस्वीर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

परिसीमन के बाद बनी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 2009 में हुआ था। भाजपा अध्यक्ष रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां से विजयी हुए थे। हालांकि वह 2014 में लखनऊ से लड़ने चले गए थे। इस पर पार्टी ने यहां से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रि) को उतारा। वह चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। गाजियाबाद 23 लाख मतदाताओं के कारण देश के बड़े लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है। इसमें लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यह क्षेत्र अब भाजपा की परंपरागत सीट बन चुका है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने 9,44,503 वोट पाकर करीब पांच लाख मतों से सीट जीती थी। सपा-बसपा के प्रत्याशी सुरेश बंसल को 4.43 लाख मत ही मिले थे। 2014 में भी जनरल वीके सिंह जीते थे, तब कांग्रेस के राज बब्बर को 1.91 लाख ही वोट मिले थे। इस बार भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग हापुड़ के हैं। हरियाणा के भिवानी के रहने वाले जनरल वीके सिंह (रि) दो बार तो परिसीमन से पहले आगरा निवासी डा.रमेश चंद्र तोमर चार बार सांसद चुने गए। गाजियाबाद को पूर्व सीएम एनडी तिवारी ने नेहरू जयंती पर 14 नवंबर 1976 को जिला घोषित किया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा इसे उपलब्धि बताती हैं। 2019 के चुनाव में वह 1.12 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं।

इस लोकसभा क्षेत्र में सात बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस का कब्जा रहा। 1952 में यह हापुड़ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा था। कृष्णचंद शर्मा, प्रकाशवीर शास्त्री, बीपी मौर्य, कुंअर महसूद अली, केसी त्यागी जैसे दिग्गजों ने यहां से लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया है। 72 फीसदी हिंदू आबादी के कारण यहां हिंदुत्व की लहर का खासा असर रहता है। गाजियाबाद मे छह लाख ब्राह्मण, तीन-तीन लाख वैश्य और जाटव हैं। ढाई लाख राजपूत व ठाकुर और दो लाख जाट मतदाता हैं। बसपा जाटव व मुसलमान वोटरों पर असर डालती है तो यह लड़ाई त्रिकोणात्मक भी हो सकती है।

- मतदाताओं को रिझाने के लिए पीएम मोदी आज करेंगे रोड शो
- पिछले चुनाव में भाजपा यहां करीब पांच लाख वोटों से जीती थी

### गाजियाबाद में मोदी के रोड शो के लिए उत्साह

गाजियाबाद। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने इस वीआईपी सीट पर विजय का समीकरण बनाने को डेरा डाले हैं। संगठन ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारी पर चर्चा की और रोड शो की सफलता के लिए दायित्व सौंपें। मानवेंद्र का कहना है कि मोदी के रोड शो के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह है। पार्टी पिछली बार से बड़ी जीत हासिल करेगी।

**वोट की पहचान** कर्नाटक सरकार का उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड ही यह स्याही बनाता, कंपनी ने उत्तर प्रदेश को मांग के मुताबिक अमिट स्याही की कर दी आपूर्ति

# प्रदेश में मतदान के लिए लगेंगी अमिट स्याही की 3 .58 लाख शीशियां

**मनोज त्रिपाठी**

**कानपुर।** देश में किसी मतदाता ने चुनाव में वोट दिया है, इसकी एक ही निशानी होती है, अंगुली पर लगी नीली-बैंगनी रंग की अमिट स्याही। लोग स्याही लगी अपनी अंगुली की तस्वीर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश को अमिट स्याही की सबसे बड़ी खेप की आपूर्ति की गयी है। कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) के पास सबसे बड़ा ऑर्डर उत्तर प्रदेश से ही था। उसने राज्य को स्याही की 3.58 लाख शीशियां भेजी हैं, जबकि सबसे कम लक्षद्वीप को अमिट स्याही की 110 शीशियों की आपूर्ति की गई है।

चुनाव में अमिट स्याही के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी मतदाता दो बार वोट न करने पाए। धोखाधड़ी और कई बार की वोटिंग से बचने में इस स्याही की महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता और प्रचार अभियान में अमिट स्याही लगी अंगुली को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने अमिट स्याही की 26 लाख शीशियां खरीदी थीं, जिस पर 33 करोड़ रुपये खर्च आया था।

इस बार आयोग ने करीब 55 करोड़ रुपये से 26.55 लाख स्याही की शीशियां खरीदी हैं। यह स्याही देश में सिर्फ एक ही कंपनी कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) द्वारा बनाई जाती है। कंपनी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अमिट स्याही की शीशियों की आपूर्ति कर दी है। कंपनी वर्ष 1962 से केवल निर्वाचन आयोग के लिए अमिट स्याही का निर्माण कर रहा है। मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड की वर्ष 1937 में स्थापना हुई थी। मैसूर के महाराजा कृष्णराजा वडयार ने इसकी शुरुआत की थी। लेकिन कंपनी तरक्की की राह पर तब आगे बढ़ी जब चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के सहयोग से चुनावों के लिए इस स्याही की आपूर्ति पर कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1962 के चुनाव में इस स्याही को चुनाव में शामिल कराने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। तब से लगातार इस स्याही का प्रयोग हो रहा है, और चुनाव आयोग इसके दूसरे विकल्प को नहीं तलाश पाया है।




- 26 लाख अमिट स्याही की शीशियां 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने खरीदी थीं
- 33 करोड़ रुपये अमिट स्याही पर 2019 में खर्च आया था
- 55 करोड़ रुपये 2024 के चुनाव में अमिट स्याही पर आया खर्च

### सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का होता इस्तेमाल

- अमिट स्याही को बनाने में सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण एक बार त्वचा के किसी भी हिस्से पर स्याही लगने के बाद उसे कम से कम 72 घंटे तक त्वचा से हटाया नहीं जा सकता। सिल्वर नाइट्रेट पानी के संपर्क में आने पर काला हो जाता है। सिल्वर नाइट्रेट हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड पानी में नहीं घुलता और त्वचा से जुड़ा रहता है। इसे साबुन से नहीं धोया जा सकता। एक बार लगाने के बाद यह तब खत्म होता है जब त्वचा की कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं और निकलने लगती हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्चस्तर पर

## आरबीआई के मुताबिक, 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर पहुंच गया

मुंबई, एजेंसी



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है।

यह लगातार छठा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 570.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.14 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गई।

### यूरोपीय, लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों ने 2023 में यूरोपीय और लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की। इस दौरान रोमानिया, मोंटेनेग्रो, ऑस्ट्रिया और ग्वाटेमाला में खासतौर से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जीवनयापन की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और मौद्रिक सख्ती के कारण यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे बड़े बाजारों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद 2023 में यूरोपीय संघ को भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.1 प्रतिशत बढ़ गया। अधिकारी ने कहा-2023 में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई। इस दौरान रोमानिया, चेक गणराज्य, मोंटेनेग्रो, फिनलैंड, नीदरलैंड, पुर्तगाल, लक्जमबर्ग, आइसलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय देशों को भारत के निर्यात में स्वस्थ वृद्धि हुई। अधिकारी ने कहा कि ये रुझान यूरोप में मौजूदा अनिश्चितताओं और मंदी के बावजूद भारत के व्यापार में जुझारूपन को दर्शाते हैं। इसी तरह, 2023 में लातिनी अमेरिकी देशों में क्यूबा, उरुग्वे, पैराग्वे, गुयाना, पेरू, मेक्सिको और ग्वाटेमाला को भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

### ई-गेमिंग से संबंधित दायर याचिकाएं न्यायालय ने अपने पास हस्तांतरित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ई-गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने के विरुद्ध नौ उच्च न्यायालयों में दाखिल 27 याचिकाओं पर प्रामाणिक निर्णय संबंधी केंद्र की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली तथा सभी याचिकाएं अपने पास हस्तांतरित कर ली।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की याचिका मंजूर करते हुए उसे ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की लंबित याचिकाओं पर 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ ने एक नोडल अधिवक्ता को भी नियुक्त किया है, जो मामले में रिकॉर्ड एकत्र करेगा। अब इन याचिकाओं पर मई के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी।

# भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा: मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर है जोर



रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा-वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग फसल और मिट्टी की गुणवत्ता के लिए अच्छा है। हम इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बारे में पूछे जाने पर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यूरिया आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए दोतरफा रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया सरकार ने चार बंद यूरिया संयंत्रों को फिर शुरू किया है और एक अन्य कारखाने को वापस चालू करने का काम जारी है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 81,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,400-53,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 69,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 78,500 |
| चांदी तैयार | 78,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 69,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 68,500 |
| चांदी पक्की | 770 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

# आयुर्वेद उत्पाद बाजार 2027-28 तक 1.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने जारी किए आंकड़े

भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप निरोगस्ट्रीट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है। निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है।

### रेपो दर को स्थिर रखने से सेंसेक्स नए शिखर पर

**मुंबई।** नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से घरेलू शेयर बाजार का सूचकांक सेंसेक्स नकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद शुक्रवार को मामूली बढ़त के साथ नए शिखर पर पहुंचने में सफल रहा जबकि निफ्टी में मामूली गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 20.59 अंक यानी 0.03 प्रतिशत बढ़कर 74,248.22 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में सेंसेक्स ने 74,361.11 का नया उच्चस्तर भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 0.95 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर बंद हुआ।

# केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लेन-देन में आई कमी : शंकर

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने दी जानकारी



भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लेन-देन संख्या दिसंबर 2023 में 10 लाख पार कर गई लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है। शंकर ने कहा कि प्रायोगिक आधार पर एक दिसंबर 2022 को सीबीडीसी पेश किये जाने के बाद से लेन-देन की कुल संख्या 2.2 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें प्रतिभागियों की संख्या 50 लाख हो गई है।

उन्होंने कहा-संख्या पहले जैसी नहीं रही है, उसमें कमी आई है। एक दिन में 10 लाख का लक्ष्य लोकप्रिय यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) मंच के साथ जोड़े जाने जैसे उपायों के कारण पहले ही पूरा कर लिया गया था। एक खबर के अनुसार बैंकों ने दिसंबर में डिजिटल रुपये का उपयोग कर कर्मचारी लाभ वितरित किये। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 10 लाख दैनिक लेनदेन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिली। शंकर ने कहा कि अभी सीबीडीसी में 46 लाख उपयोगकर्ता और चार लाख कारोबारी लेनदेन कर रहे हैं। जैसे-जैसे सीबीडीसी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, व्यक्तियों और कारोबारियों के बीच (पी2एम) होने वाले लेनदेन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा-अधिक कारोबारियों के आने के साथ संख्या पी2पी (कारोबारियों के बीच) से पी2एम की ओर स्थानांतरित हो रही है। शंकर ने यह भी कहा कि सीबीडीसी पर एक सुविधा शुक्रवार को शुरू हुई। विशेष रूप से तैयार इस सुविधा के तहत एक किसान को कृषि कच्चा माल खरीदने के लिए धन हस्तांतरित किए गए।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### वडोदरा में 22 लाख रु. के एमडी ड्रग्स के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा शहर के कुंभारवाडा क्षेत्र में विशेष अभियान ग्रुप (एसओजी) की टीम ने 22 लाख रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) के साथ एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर हाथीखाना इलाके में खत्रीवाड के नाके अताए नसीर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल निवासी गुलामहैदर र. शेख के घर पर छापा मारा गया। इस दौरान मौके से 22,11,300 रुपये कीमत का 221.13 ग्राम एमडी ड्रग्स, 4500 रुपये नकद, 5500 रुपये कीमत के दो मोबाइल फोन तथा अन्य सामान जब्त करके उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में एक महिला नक्सली समेत दो इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया तथा सुरक्षाबलों ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले में आठ-आठ लाख रुपए के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है तथा बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

# हमारा काम तो एक ट्रेलर, अभी बहुत कुछ करना है

## राजस्थान की चुनावी रैली में विपक्षी दलों के गठबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी का कटाक्ष

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में किए गए अपने काम को महज एक ट्रेलर (नमूना) और मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाला ऐपेटाइजर बताते हुए कहा कि अभी तो पूरी थाली बाकी है और हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है। भारतीय सेना की ओर से की गई एयर एवं सर्जिकल स्ट्राइक की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा-ये नया भारत है। ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।



राजस्थान के चुरू जिले में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा-जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है।

### नया भारत तो घर में घुसकर मारता है: मोदी

उन्होंने कहा-आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है। यह नया भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि 2014 में जब भाजपा केंद्र में सत्ता में आई तो देश खस्ता हालत था। उन्होंने कहा-हम जो ठान लेते हैं वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते हुए देखा है। आप याद करिए कांग्रेस के शासन में 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था।

### भाजपा कार्यकर्ता की मौत की जांच एनआईए को सौंपने का निर्देश

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव से पहले हुई हिंसा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की मौत की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

मृतक बिजय कृष्ण मोहंती के बेटे प्रसेनजीत ने एक याचिका दायर करके राज्य पुलिस से जांच को एनआईए को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। प्रसेनजीत ने याचिका में कहा है कि पूर्वी मिदनापुर जिले के मोयना इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थकों ने उनके भाजपा कार्यकर्ता पिता पर बम और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश : संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- जेल से बाहर आने के बाद आप के राज्यसभा सांसद ने किया दावा



आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में जेल की सलाखों के पीछे डालने की साजिश रची।

सिंह ने जेल से बाहर आने के दो दिन बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए मगुंटा राघव रेड्डी पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। रेड्डी दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सिंह ने कहा कि राघव रेड्डी के पिता, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के खिलाफ 16 सितंबर, 2022 को कार्रवाई की गई थी। सिंह को भी आबकारी नीति मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सिंह ने आरोप लगाया, उन पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए दबाव डाला गया लेकिन जब उन्होंने इनकार कर दिया तो उनके बेटे राघव रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# भाजपा नेता की याचिका पर यूट्यूब चैनल सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से नोएडा की एक अदालत में हुई बदसलूकी की घटना के संबंध में उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियों को लेकर कई यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मामले में अन्य पक्षों को सुने बिना आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए अंतरिम राहत की याचिका पर 13 प्रतिवादी यूट्यूब चैनल और 'एक्स' हैंडल को नोटिस जारी किया। अदालत ने मानहानि मुकदमे पर समन जारी किया और मामले को आठ अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उच्च न्यायालय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) और गूगल को भी नोटिस जारी किया।

# न्यायालय ने शोमा कांति सेन को दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

**एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामला**

उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में जून 2018 में गिरफ्तार महिला अधिकार कार्यकर्ता शोमा कांति सेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने निर्देश दिया कि उन्हें ऐसी शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाए, जिन्हें विशेष अदालत उपयुक्त और उचित समझे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तों में यह शामिल होगा कि सेन विशेष अदालत की अनुमति के बिना महाराष्ट्र नहीं छोड़ेंगी।

पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा-अपीलकर्ता (सेन) को एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के जांच अधिकारी को उस पते के बारे में सूचित करना होगा, जहां वह जमानत पर रहने के दौरान निवास करेंगी। इसने कहा कि सेन जमानत पर रहने के दौरान केवल एक मोबाइल फोन नंबर का उपयोग करेंगी और इसे जांच अधिकारी के साथ साझा करेंगी। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मोबाइल चौबीस घंटे चालू और चार्ज रहे, ताकि वह जमानत पर रहने की पूरी अवधि के दौरान लगातार उपलब्ध रहें।

# दिल्ली में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि आरोपी अजय के शव को सबसे पहले उसके बेटे कुशल (22) ने तब देखा जब वह शुक्रवार सुबह काम के बाद घर लौटा। अधिकारी के अनुसार, कुशल ने घर को बंद पाया तो उसने खिड़की से झांका और भीतर अपने पिता को लटका हुआ देखा। पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार, पेशे से हलवाई अजय ने पहले अपनी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद आत्महत्या कर ली।

# आयुर्वेद, योग को आयुष्मान भारत में शामिल करने की याचिका स्वीकार करे केंद्र : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने संबंधित मंत्रालय को दिया निर्देश



दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से उस याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर स्वीकार करने कहा, जिसमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस आरोड़ा की पीठ ने प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का निर्देश देने के बाद जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

उच्च न्यायालय ने याचिका बरकरार करने की याचिकाकर्ता की अर्जी स्वीकार कर ली और मंत्रालय से इसे प्रतिवेदन के रूप में स्वीकार करने को कहा। अदालत ने आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। हलफनामे में कहा गया है कि भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए कदम उठाने के वास्ते स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त और गृह मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था तथा उनसे याचिकाकर्ता-अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। वहीं आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा को पीएम जन आरोग्य योजना में शामिल करने का याचिका में अनुरोध किया गया है।

### सीबीआई को कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को अनुमति दे दी।

कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। जांच एजेंसी ने न्यायिक हिरासत में कविता से पूछताछ करने की अदालत से अनुमति मांगी थी।

# मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका पर यूपी सरकार से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को अपने पिता मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद अब्बास अंसारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने पिता के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी। शुक्रवार को अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है। वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वह खुद ही आज संशोधित याचिका दायर करेंगे। पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है, याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें, और 9 अप्रैल तक इस पर जवाब मांगें। अदालत ने कहा-मामले की सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

### धन जारी नहीं करने पर दिल्ली जल बोर्ड को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार की उस याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को नोटिस जारी किया, जिसमें राजधानी में जलापूर्ति के लिए जिम्मेदार निकाय को धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को डीजेबी के लिए जरूरी धनराशि जारी करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि वह जल बोर्ड से पानी को लेकर बकाया धनराशि के बारे में जानना चाहती है। पीठ ने दिल्ली सरकार की याचिका को आगे 10 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को प्रधान सचिव (वित्त) को उस याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी विधानसभा द्वारा बजटीय मंजूरी के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड को धन जारी नहीं कर रहे।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

## आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष बल्लेबाजों से प्रदर्शन की उम्मीद

जयपुर, एजेंसी

- **दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं विराट कोहली**

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी। गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉप्ले भी चल नहीं सके हैं।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।
**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## चेन्नई सुपर किंग्स ने हैदराबाद को दिया 166 रनों का लक्ष्य

### सीएसके के शिवम दुबे ने 45 और रविंद्र जडेजा ने ताबड़तोड़ 31 रन ठोंके



शिवम दुबे

हैदराबाद, एजेंसी

शिवम दुबे की 45 रनों और अजिंक्य रहाणे की 35 रनों की पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र 12 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाये। शिवम दुबे ने 24 गेदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन ठोक डाले। डैरिल मिचेल 13 रन बनाकर आउट हुये। रवींद्र जडेजा 31 रन और महेन्द्र सिंह धोनी एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

### चेन्नई सुपरकिंग्स पारी:

| | |
|---|---|
| रचिन रविंद्र का मार्कराम बो भुवनेश्वर | 12 |
| ऋतुराज गायकवाड़ का समद बो शाहबाज | 26 |
| अजिंक्य रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट | 35 |
| शिवम दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस | 45 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 31 |
| डेरिल मिचेल का समद बो नटराजन | 13 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 02, **कुल योग :** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 165 रन
**गेंदबाजी :** अभिषेक 1-0-7-0, भुवनेश्वर 4-0-28-1, नटराजन 4-0-39-1, कमिंस 4-0-29-1, मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज 1-0-11-1, उनादकट 4-0-29-1


सीएसके के अजिंक्य रहाणे का विकेट लेने के बाद खुशी जताते हैदराबाद के खिलाड़ी।

## मयंक यादव को टेस्ट में खिलाना जल्दबाजी होगी : शेन वाटसन

कोलकाता, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि भले ही मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सभी को आकर्षित किया है लेकिन उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खिलाने की जल्दबाजी करना समझदारी नहीं है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ पदार्पण करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के 21 साल के तेज गेंदबाज ने लगातार मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के अभियान में मदद की है। वाटसन ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''निश्चित रूप से मयंक यादव के बारे में काफी चर्चा हो रही है जिनकी रफ्तार विश्व स्तरीय है और उन्होंने विश्व स्तरीय कौशल भी दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स भाग्यशाली है कि उनके पास ऐसा खिलाड़ी है।'' उन्होंने कहा, ''बड़े मंच पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करना और उन पर दबदबा बनाना बहुत विशेष है।'' तो क्या वह टेस्ट के लिए तैयार है।

## खेल डायरी

### सेंथिल जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11, 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।

### बालाजी-बेजेमैन एटीपी ह्यूस्टन के सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।

### युकी-ओलिवेट्टी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में



**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलेर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा। विश्व युगल रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज युकी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी हैं।

### कैंडिडेट्स शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रा पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रा पर रोका।

### नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस



**पेरिस।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, "ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।"

## बेंगलुरु में आईपीएल मैच एनजीटी की निगरानी में होगा

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शहर में पानी के बढ़ते संकट के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य संबंधित राज्य अधिकारियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की जानकारी का ब्यौरा देने को कहा है। एनजीटी ने राज्य क्रिकेट संघ के अलावा बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) और कर्नाटक राज्य नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) से भी पानी के स्रोत और इसकी मात्रा के बारे में दो मई तक जानकारी सौंपने को कहा है। केएससीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभेंदू घोष ने कहा, हमने नोटिस देख लिया है।

## सूर्यकुमार के फिट होने से मुंबई इंडियंस ने ली राहत की सांस



मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली। लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाये। इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं।

पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरुआत की है। यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा। वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी। सूर्यकुमार वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के लिए पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। वह दोपहर के सत्र में टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक घंटे से अधिक समय पहले पहुंचे थे। उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास का अभ्यास किया। कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए। उन्होंने गेंद को बिल्कुल वैसे ही मारा जैसा वह चाहते थे।

## चोटिल कुलदीप यादव को दो मैचों में आराम की सलाह

मुम्बई, एजेंसी

कमर की चोट के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज कुलदीप यादव को एहतियात के तौर पर आराम की सलाह दी गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह कब मैच खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। कुलदीप चोट के कारण आगामी दो मैचों में नहीं खेल पायेंगे। हालांकि उनकी चोट गंभीर नहीं है इसलिए वह टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं और वर्तमान में मुंबई में हैं।



कुलदीप ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल के शुरुआती दो मैच खेले और पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैचों में तीन विकेट लिए हैं। हालांकि विशाखापटनम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह अगले दो मैच नहीं खेल पाए। भारतीय चयनकर्ता की कुलदीप की चोट प्रगति पर बारीकी से नजर रहेगी। वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए भारत की टीम में स्पिन स्लॉट में से एक जगह लेने के लिए सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सफल टेस्ट सीरीज के बाद कुलदीप आईपीएल में खेल रहे।

## बॉलीवुड हलचल

## सोनाक्षी सिन्हा ने हीरामंडी के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग में पूरा किया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में पूरा कर दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानि पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।




## ईद के अवसर पर मास्क टीवी पर रिलीज होगी कोड ब्लू

**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर ईद के अवसर पर 10 अप्रैल को फिल्म कोड ब्लू रिलीज होगी। मास्क टीवी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया, कोड ब्लू 10 अप्रैल को रिलीज हो जाएगी। कोड ब्लू एक समाजिक कुरीतियों पर आधारित तीन तलाक के ऊपर आधारित फिल्म है जिसमें समाज के अंदर मुस्लिम महिलाओं की एक अलग किस्म की पीड़ा की नई परिभाषा से दर्शक रूबरू होंगे। इस फ़िल्म के माध्यम से महिलाओं के उत्पीड़न और उनके मूलाधिकारों के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है। मास्क टीवी ओरिजनल के तहत फ़िल्म कोड ब्लू का निर्माण टैग प्रोडक्शसन ने किया है जिसके निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट हैं। लेखक निर्देशक अलीना खान ने बताया कि फ़िल्म कोड ब्लू के जरिये दर्शकों को हम इस दुनिया में बसी एक अलग दुनिया से साक्षात्कार कराने जा रहे हैं। इसमें हमने ट्रिपल तलाक की विभीषिका को झेलने के बाद उसकी शिकार महिला की मानसिकता को दिखाया है। ट्रिपल तलाक एक जुर्म है, इससे एक झटके में किसी नवविवाहिता या फिर किसी बुजुर्ग महिला की जिंदगी तबाह हो जाती है।

## नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी गायिका नेहा कक्कड़ ने सोनी एंटरटेनमेंट पर प्रसारित हो रहे सिंगिग रियलिटी शो के प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 के 'प्यारेलाल जी स्पेशल' में दिग्गज संगीतकार प्यारेलाल रामप्रसाद शर्मा नजर आयेंगे। सभी प्रतियोगी और कैप्टन संगीत सम्राट प्यारेलाल जी और उनकी पत्नी सुनीला शर्मा की उपस्थिति में प्यारेलाल जी की कुछ कालजयी धुनों पर प्रदर्शन करते हुए अपनी सिंगिंग क्षमता दिखाएंगे, जिसमें क्लासिक फिल्मी गानों से लेकर कदम थिरकाने वाली धुनें शामिल हैं। कैप्टन मोहम्मद दानिश की टीम के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों - निशांत गुप्ता और देवनश्रिया के डुएट गाने 'वो हैं ज़रा खफा खफा' और 'हम तुम दोनों जब मिल जाएंगे' हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। प्यारेलाल शर्मा ने कहा, आप दोनों ने पूरे दिल से यह गाना गाया, इतनी सुंदरता और सटीकता से धुनों और हारमनी को बुना। यह वाकई उल्लेखनीय था और आप में से हर किसी ने सहजता से अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जब आपने गाना शुरू किया तो मैंने देखा कि आप मेरे अलावा हर जगह देख रहे थे। आप घबराहट महसूस कर रहे थे, इसलिए आपने मंच पर अपनी निगाहें टिकाए रखकर गाया। आपके परफॉर्मेंस ने मुझे गहराई से छू लिया और मैं अवाक हूं क्योंकि मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं है कि आप कितने बेहतरीन परफॉर्मर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

